

किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 364 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## रामलीला : अक्षय कुमार का वध कर हनुमान ने जलाई लंका

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरे पर चल रही रामलीला में बुधवार को अक्षय कुमार वध और लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। दर्शक पूरी तन्मयता से रामलीला देखने के लिए उपस्थित रहे।



रामलीला में श्री हनुमान जी लंका पहुंचकर अशोक वाटिका में विराजमान मां जानकी के दर्शन कर कहा कि हे मां शीघ्र ही भगवान राम अपनी सेना सहित लंकापुरी पर आक्रमण करेंगे और रावण को मारकर आपको वापस अयोध्या ले जाएंगे। इसके बाद हनुमान जी ने माता सीता से फल खाने की आज्ञा लेकर फल खाने जाते हैं और अशोक वाटिका को उजाड़ देते हैं। इसके बाद रावण अपने छोटे बेटे अक्षय कुमार को भेजता है। जहां हनुमान जी उसका वध कर देते हैं। इसके बाद रावण का बड़ा पुत्र मेघनाद हनुमान जी को ब्रह्मफांस में बांधकर रावण के दरबार में लाता है जहां पर रावण और हनुमान में संवाद होता है। जिसमे रावण क्रोधित होकर हनुमान को मृत्युदंड देने को कहता है। तब विभीषण रावण को ऐसा करने से रोकते हैं और हनुमान की पूंछ में आग लगाने का सुझाव देते हैं। जिसके बाद रावण की आज्ञा से हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई जाती है और हनुमान जी अपनी पूंछ की आग से विभीषण की कुटी को छोड़कर पूरी लंका को जलाकर नष्ट कर देते हैं और वापस श्रीराम के पास चले आते हैं।

## सरयू नदी में निरंतर बढ़ाव, कई गांव बाढ़ की जद में

**ऋतुराज तिवारी, दैनिक समाज जागरण**



रेवती *(बलिया) : सरयू नदी के निरंतर बढ़ाव के कारण टीएस बंधा के उत्तर स्थित कई गांव नदी के बढ़े हुए पानी से घिर गए हैं। गावों के पानी से घिरे होने के कारण ग्रामीणों के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है।

चांदपुर गेज के अनुसार नदी ने पिछले दो तीन दिनों में प्रति घंटा दो सेंटीमीटर की उछाल से बढ़ोत्तरी दर्ज किया है। बृहस्पतिवार की शाम चार बजे नदी खतरा बिंदु से 92 सेंटीमीटर से ऊपर चढ़कर 58.92 मीटर पर बह रही थी। नदी के इस बढ़ाव ने बंधा के उत्तर स्थित नवका गांव, देवपुर, धूप नाथ का डेरा, बैजनाथ का डेरा आदि बस्तियां पूर्ण रूप से पानी से घिर गई हैं। बसस्तियों के पानी से घिर जाने के कारण ग्रामीणों को गांव से बाहर निकलने में तथा विद्यार्थियों को विद्यालय आने जाने में भारी कठिनाई हो रही है। नौका गांव के प्रधान संजय यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा अभी तक नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लेखपाल से मिलकर लोगों की कठिनाई के बारे में जब अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि आकर मौका देखने के पश्चात नाव की व्यवस्था की जाएगी।

## विश्वस्तरीय जानकारी हासिल कर सशक्त

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : अब गांव प्रदेश के हर गांव का युवा घर बैठे ही विश्वस्तरीय जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए उसे भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार सभी छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम करने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण कर रही है। उक्त बातें गुरुवार को परदहां के कुशमौर स्थित लक्ष्मीनारायण महाविद्यालय में आयोजित टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने कही। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि देश के ये युवा न सिर्फ इससे जानकारी अर्जित करें बल्कि इसके माध्यम से रोजगार के भी अवसर तलाश कर रोजगार सृजन कर सकें। डीसीएसके महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सर्वेश पांडेय ने कहा कि इस टैबलेट व स्मार्ट फोन के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बनेंगे उन्हें किसी के सहारे की जरूरत नहीं रहेगी। इस दौरान महाविद्यालय के 222 छात्र छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन प्रदान किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हौसला प्रसाद उपाध्याय, एसडीओ सुशील कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख राजेश कुमार, डा. अरविंद कुमार द्विवेदी, एडवोकेट सुशील कुमार द्विवेदी, विनय द्विवेदी, प्राचार्या डा. सुगन्धा, अखिलेश कुमार, उमेश कुमार, दीपक कश्यप, अतुल पांडेय, रामजीत, अजय आदि शामिल थे।



**- जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने 222 छात्रों में वितरित किया टैबलेट व स्मार्टफोन**

**- परदहां विकास खंड के लक्ष्मी नारायण महाविद्यालय कुशमौर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## पति पत्नी के समर्पण और प्रेम का प्रतीक है करवा चौथ

**देव मणि शुक्ल** नोएडा आज पूरे जनपद में शान्ति पूर्वक करवा चौथ का पर्व मनाया गया । लगभग साढ़े 8 बजे चाँद दिखाईं दिया। उसके बाद सभी सुहागिनो ने पूजा किया और चाँद का दर्शन किया। उसके बाद ही जल ग्रहण किया। यह व्रत निर्जला रखा जाता है। बडी बूढ़ी महिलाओं ने भी विना पानी पियें पूरा दिन निर्जला व्रत रखा।और चाँद देखकर ही जल पिया।



यह पर्व पति-पत्नी के आपसी प्रेम और समर्पण का महापर्व करवा चौथ है। करवा चौथ के दिन बिना कुछ खाए-पीए निर्जला व्रत रखने का महत्व होता है। सुहागिन महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु, सुखी जीवन, सौभाग्य और समृद्धि की कामना के लिए दिनभर उपवास रखते हुए रात के समय चंद्रमा के दर्शन कर व्रत तोड़ती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का पर्व मनाया जाता है। यह सुहागिनों के सबसे बड़े त्योहार में से एक है। सुहागिनों के लिए करवा चौथ व्रत का इंतजार सालभर रहता है। जिसमें महिलाएं इस दिन 16 श्रृंगार करके पूरे दिन का व्रत रखती है। शाम को माता करवा की पूजा और कथा सुनती हैं फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्ध्य देते हुए पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ती हैं।

इस वर्ष करवा चौथ का त्योहार बहुत ही शुभ योग और कई ग्रहों के शुभ संयोग में मनाया जाएगा। आज 13 अक्तूबर, गुरुवार को करवा चौथ है। और सभी ग्रहों में सबसे ज्यादा शुभ फल देने वाले गुरु ग्रह अपनी स्वयं की राशि में रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र के जानकारों के मुताबिक ऐसा संयोग 46 वर्षों के बाद बन रहा है। इस तरह के इस बार करवा चौथ पर गुरु का प्रभाव सबसे ज्यादा रहेगा। यह संयोग सुख-समृद्धि और वैभव में वृद्धि करने वाला होगा। इसी के साथ सुहागिन महिलाओं के अखंड सौभाग्य और सुख-सुविधा के लिए शुभ फलदायी रहने वाला है। इसके अलावा करवा चौथ पर चंद्रमा और बुध ग्रह उच्च राशि में विराजमान होंगे। गुरु-शनि भी अपनी राशि में जबकि मंगल स्वयं के नक्षत्र में होंगे। बुधादित्य और महालक्ष्मी योग करवा चौथ की पूजा को सफल और मंगलकारी बनाएंगे।

# भारत ने पाकिस्तान को फिर लगाई फटकार, कहा- कश्मीर भारत का हिस्सा था है और रहेगा

**भारत की विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कजाकिस्तान के आयोजित उक्ळअ के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था है और रहेगा.**

चालबाज पाकिस्तान को भारत की तरफ से समय-समय पर दो टूक मिलती रहती है. इसके बाद भी वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है. अब कजाकिस्तान में उक्ळअ के शिखर सम्मेलन में भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बताया है. भारत की विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है और भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों का स्रोत है.




### पाकिस्तान पर लगाए कई आरोप

कजाकिस्तान के अस्ताना में सीआईसीए शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, लेखी ने पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण प्रचार के लिए मंच का दुरुपयोग करने और सदस्य राज्यों के बीच चर्चा और सहयोग के विषय और फोकस से ध्यान हटाने का आरोप लगाया. लेखी ने कहा- पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है और भारत में आतंकवादी गतिविधियों का स्रोत बना हुआ है. पाकिस्तान मानव विकास में कोई निवेश नहीं करता है, लेकिन आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को बनाने और बनाए रखने के लिए अपने संसाधन का इस्तेमाल करता है.

### 'आतंकवाद को तुरंत बंद करे पाक'

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी सीमा पार आतंकवाद को तुरंत बंद करना चाहिए. यह पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू, कश्मीर और लद्दाख (पीओजेकेएल) में गंभीर और लगातार मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए अच्छा होगा. उन्होंने कहा, 'हम पाकिस्तान सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ सामान्य संबंध चाहते हैं. इस प्रकार पाकिस्तान को सलाह दी जाती है कि वह एक अनुकूल माहौल बनाकर बात करें. जिसमें विश्वसनीय, सत्यापन योग्य और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करना शामिल है, ताकि किसी भी तरह से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग न किया जा सके. यह दोनों देशों को सहयोग के अपने एजेंडे से इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच को विचलित करने के बजाय द्विपक्षीय रूप से मुद्दों को शामिल करने और संबोधित करने में सक्षम करेगा.

### 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग'

उन्होंने जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे. पाकिस्तान के पास भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है. पाकिस्तान की टिप्पणी भारत के आंतरिक मामलों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता में घोर हस्तक्षेप है जो सितंबर 1999 के सीआईसीए सदस्यों के बीच सिद्धांतों के मार्गदर्शक संबंधों पर सीआ-ईसीए घोषणा के साथ असंगत है.

### 'आतंकवाद सबसे बड़ी चुनौती'

राज्य विदेश मंत्री ने कहा, 'आतंकवाद हमारी शांति के लिए सबसे बड़ी चुनौती और खतरा बना हुआ है और अपने सभी रूपों में मानवाधिकारों का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता बना हुआ है. जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसे आतंकवाद हम सभी को प्रभावित करते हैं. भारत आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता का दृष्टिकोण रखता है और सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करता है. लेखी ने कहा, कई दशकों से भारत विशेष रूप से कुछ राज्यों के वित्तीय, राजनीतिक और नैतिक समर्थन के जरिए सीमा पार आतंकवाद के खतरे से प्रभावित रहा है.

गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन के दौरान एक बार फिर कश्मीर मुद्दे को उठाया था, जिसे भारत द्विपक्षीय मामला मानता है. भारत सीआईसीए के संस्थापक सदस्यों में से एक है. लेखी सीआईसीए में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए विशेष काफिले के साथ अस्ताना पहुंची थीं.

## बिल्डर तो बिल्कुल मस्त ।पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी के निवासी पानी की समस्या से त्रस्त

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-सेक्टर -75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी के निवासियों को एक बार फिर पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि पांच अक्टूबर से गंगा वाटर की सप्लाई बंद चल रही है ।जिस कारण लोगों का,एक मर्तबा फिर पानी के बिना जीना मुहाल हो गया है ।सोसायटी के निवासियों का कहना है कि गर्मियों में बिजली आपूर्ति के लिए बिल्डर के सामने कराहते रहें ।ज्यों ही गंगा वाटर की सप्लाई कारण वश अवरुद्ध/बाधित हो जाती है,त्यों ही यहां के निवासियों पर संकट का पहाड़ टूट पड़ता है ।बिल्डर ने बोरवेल नहीं लगवाया ।लोगों को ग्राउंड वाटर नहीं मिल पाता है ।लोगों का कहना है कि पहले भी 568 परिवारों को और अब भी टैंकरों के माध्यम से 20000 रुपए से अधिक का पानी रोजाना मंगाना पड़ रहा है ।सोसायटी में कुल आठ टावर है और जिनके लिए 18 टैंकरों से,प्रति टैंकर 1250 रुपए के हिसाब से पानी की न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति करनी पड़ रही है ।यदि गणना की जाएं तो बीस दिनों में,तकरीबन चार लाख रुपए का पानी खरीदना पड़ेगा। निवासियों का कहना है कि इसमें उनका क्या दोष है ?उनको क्या पता था कि बिल्डर उनको मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करायेगा ?और क्या इस तरह बिल्डर का रवैया न्याय सम्मत भी है ? निवासियों को आए दिन बिल्डर के सम्मुख मान मनुहार करनी पड़ती है ।लेकिन हर मर्तवा नतीजा सिफर ही निकलता है। उक्त सोसायटी के निवासियों का दर्द बिल्कुल जायज लगता है ।किंतु बिल्डर बिल्कुल बेअसर लगता है। यानी कि पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी के निवासी इस समय पानी की समस्या से त्रस्त हैं ।पर बिल्डर बिल्कुल मस्त है।



## ,राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पर आम आदमी पार्टी के बदमाशों का हंगामा

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीः-राष्टरीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं के इस प्रदर्शन को लेकर ट्वीट कर लिखा कि आम आदमी पार्टी के सभी बदमाशों ने मेरे कार्यालय के बाहर हंगामा किया। ज्ञातव्य हो कि हाल ही में आप नेता गोपाल इटालिया कथित तौर पर कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी 'नीच' शख्स हैं ।अतीत में किसी भी पीएम ने वोट के लिए ऐसा ड्रामा किया है। ऐसा 'नीच' व्यक्ति यहां रोड शो कर रहा है'। राष्ट्रीय महिला आयोग ने गुजरात आप पार्टी के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को तलब किया है। इटालिया को जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने जिन अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया हैं ।वो अभद्र शब्द हमारे देश की महिलाओं का अपमान भी था। आप नेता की ओर से लिंग-भेद और स्त्री विरोधी भाषा की निंदा करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने उन्हें इस मामले में 13 अक्टूबर गोपाल इटालिया को समन भेजकर बुलाया भी है। साथ ही आयोग ने यह भी कहा है कि समन की उपेक्षा करने पर इटालिया पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के गुंडों/ कार्यकताओं ने आयोग के दफ्तर के बाहर जमकर हंगामा किया ।गोपाल इटालिया के वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला ।भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मणिशंकर अय्यर और अरविंद केजरीवाल में कोई अंतर नही है ।आज गोपाल इटालिया को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और शाम होते ही उन्हें रिहा कर दिया गया।

## आईएमएफ ने भारत की डायरेक्ट कैश ट्रांसफर स्कीम की जम कर की तारीफ

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्ली :- इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने बुधवार को भारत की डायरेक्ट कैश ट्रांसफर स्कीम की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही इसे एक 'लॉजिस्टिकल मार्वल' बताया। उसने कहा कि भारत जैसे बड़े देश में इस तरह की योजना सफलता पूर्वक लागू करना बड़ी बात है ।आइएमएफ में वित्तीय मामलों के विभाग के उप निदेशक पाओलो मौरो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमें भारत से काफी कुछ सीखने की जरूरत है। हमारे पास दुनिया के हर महाद्वीप में हर स्तर के आय वर्ग के लोग मौजूद हैं। सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का रिकॉर्ड देखा जाए तो भारत का प्रदर्शन काफी प्रभावशाली है ।भारत में इस तरह की योजनाओं में लाभार्थियों में महिलाओं, वृद्ध लोगों और किसानों को प्राथमिकता दी गई हैं। इसके साथ ही लाभार्थियों को पहचान करने के लिए टेक्नोलॉजी का काफी उपयोग किया गया है और सरकार की ओर से फंड का वितरण करने के लिए भी टेक्नोलॉजी इनोवेशन का भी सहारा लिया गया है




पाओलो मौरो ने आधार कार्ड की ओर इशारा करते हुए आगे कहा कि यूनिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (यूआईडी) जैसे टेक्नोलॉजी इनोवेशन के कारण सरकार को लोगों तक सीधी मदद पहुंचाने में मदद मिली है। आधार कार्ड का डायरेक्ट कैश ट्रांसफर स्कीम को सफल बनाने में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि वास्तव में,भारत के प्रधानमंत्री का यह कदम किसी चमत्कार से कम नहीं है ।इससे भ्रष्टाचार पर भी काफी हदतक अंकुश लगा है।

## बढ़ती बेरोजगारी पर युवाओं से बात, सांसद संजय सिंह के साथः पंकज अवाना 16 अक्टूबर को नोएडा में बढ़ती बेरोजगारी लेकर होगा युवा महासम्मेलन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा** आमआदमी पार्टी गौतम बुद्धनगर के पदाधि कारियों एवं कार्यकताओं की पश्चिम प्रांतीय युवा महासम्मेलन की तैयारी बैठक गुरुवार को नोएडा सेक्टर 89 पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन की अध्यक्षता में हुई जिसमें यूथविंग प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने जिला संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप यूथ विंग पश्चिम प्रतीय युवा महासम्मेलन नोएडा में 16 अक्टूबर को आयोजित हो कर रही है। उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोवर पीसीएस , ग्राम पंचायत अधिकारी वीडीओ 2018, मंडी परिषद, सहायक लेखाकार कोषागार 2015, आबकारी सिपाही 2016, शिक्षामित्रों का मामला , राजस्व निरीक्षक ओर कई विभागों में भतीर्या अधर में लटकी हुई हे, आखिर कब तक प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी का शिकार होता रहेगा '

उन्होंने कहा पश्चिम प्रान्त के युवाओं से कहा कि जब तक बच्चा रोता नही है, तब तक मां उसे दूध नही पिलाती अगर आप सभी नौजवानों को रोजगार चाहिए तो नोएडा में आयोजित युवा महासम्मेलन में भाग लेकर योगी सरकार को चुनौती दीजिए। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने बताया 16 अक्टूबर नोएडा में पश्चिम प्रान्त के युवा महा सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के मुख्य अतिथि होंगे महासम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे उन्होंने कहा आप युथविंग बेरोजगार युवाओं की लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक में लड़ेगी।

बैठक में यूथविंग प्रदेश महासचिव अंकित परिहार, प्रो ऐ के सिंह,राकेश अवाना,नितिन प्रजापति, अनिल चेची,दिलदार अंसारी,राहुल सेठ ,संजय चेची,मनोज यादव,उदयवीर मलिक,नवीन भाटी,नरेश प्रजापति, एडवोकेट विवेक शर्मा, कपिल यादव,विजय श्रीवास्तव, ओमकार भाटी,विनोद कुमार,रहीस ठाकुर, रोहित कुमार,सरताज अंसारी, वीरेन चौधरी, कन्हैया कुमार, यामिन अन्सारी, लखन यादव,अमर सिंह चौहान,जितेन्द्र नागर,गजेन्द्र चौधरी, डॉ बी पी सिंह,जुबेर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुराने देसी अनाजों के संबंध बहुत ही सुन्दर कविता

## यह रागी हुई अभागी क्यों प्रभाकर त्रिपाठी की कलम से---

यह 'रागी' हुई अभागी क्यों?
चावल की किस्मत जागी क्यों?
जो 'ज्वार' जमी जन-मानस में,
गेहूँ के डर से भागी क्यों?

यूँ होता श्वेत 'झंगोरा' है।
यह धान सरीखा गोरा है।
पर यह भी हारा गेहूँ से,
जिसका हर कहीं ढिंढ़ोरा है!

जाने कितने थे अन्न यहाँ?
एक-दूजे से प्रसन्न यहाँ।
जब आया दौर सफेदी का,
हो गए मगर सब खिन्न यहाँ।

अब कहाँ वो 'कोदो'-'कुटकी' है?
'साँवाँ' की काया भटकी है।
संन्यासी हुआ 'बाजरा' अब,
गुम हुई 'काँगणी' छुटकी है।

अब जिसका रंग सुनहरा है।
सब तरफ उन्हीं का पहरा है।
अब कौन सुने मटमैलों की,
गेहूँ का साया गहरा है।

यह देता सबसे कम पोषण।
और करता है ज्यादा शोषण।
तोहफे में दिए रसायन अर
माटी-पानी का अवशोषण।

यह गेहूँ धनिया-सेठ बना।
उपभोगी मोटा पेट बना।
जो हजम नहीं कर पाए हैं,
उनकी चमड़ी का फेट बना।

अब आएँगे दिन 'रागी' के।
उस 'कुरी', 'बटी', बैरागी के।
जब 'राजगिरा' फिर आएगा
और ताज गिरें बड़भागी के।

जब हमला हो 'हमलाई' का।
छँट जाए भरम मलाई का।
चीनी पर भारी 'चीना' हो,
टूटेगा बंध कलाई का।

बीतेगा दौर गुलामी का।
गोरों की और सलामी का।
जो बची धरोहर अपनी है,
गुजरा अब वक्त नीलामी का।

**नोट** :- रागी, ज्वार, झंगोरा, कोदो, कुटकी, साँवाँ, बाजरा, काँगणी, कुरी, बटी, राजगिरा, हमलाई, चीना ये सब विभिन्न प्रकार के अन्न (millets) हैं, जो गेहूँ और चावल की साज़िश के शिकार हुए हैं।
कविता प्रतीकात्मक है, जो मात्र अनाजों तक सीमित नहीं है।



प्रभाकर गीता त्रिपाठी

# लाला हरदयाल




लाला हरदयाल (जन्म- 14 अक्टूबर, 1884, दिल्ली; मृत्यु- 4 मार्च, 1939 ई., फिलाडेलफिया) प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। लाला हरदयाल जी ने 'गदर पार्टी' की स्थापना की थी। विदेशों में भटकते हुए अनेक कष्ट सहकर लाला हरदयाल जी ने देशभक्तों को भारत की आजादी के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

**शिक्षा**
लाला हरदयाल जी ने दिल्ली और लाहौर में उच्च शिक्षा प्राप्त की। देशभक्ति की भावना उनके अन्दर छात्र जीवन से ही भरी थी। मास्टर अमीर चन्द, भाई बाल मुकुन्द आदि के साथ उन्होंने दिल्ली में भी युवकों के एक दल का गठन किया था। लाहौर में उनके दल में लाला लाजपत राय जैसे युवक सम्मिलित थे। एम. ए. की परीक्षा में सम्मानपूर्ण स्थान पाने के कारण उन्हें पंजाब सरकार की छात्रवृत्ति मिली और वे अध्ययन के लिए लंदन चले गए।

**पोलिटिकल मिशनरी**
लंदन में लाला हरदयाल जी भाई परमानन्द, श्याम कृष्ण वर्मा आदि के सम्पर्क में आए। उन्हें अंग्रेज सरकार की छात्रवृत्ति पर शिक्षा प्राप्त करना स्वीकार नहीं था। उन्होंने श्याम कृष्ण वर्मा के सहयोग से ह्यपॉलिटिकल मिशनरीह्न नाम की एक संस्था बनाई। इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का प्रयत्न करते रहे। दो वर्ष उन्होंने लंदन के सेंट जोंस कॉलेज में बिताए और फिर भारत वापस आ गए।

**सम्पादक**
हरदयाल जी अपनी ससुराल पटियाला, दिल्ली होते हुए लाहौर पहुँचे और ह्यपंजाबह्न नामक अंग्रेजी पत्र के सम्पादक बन गए। उनका प्रभाव बढ़ता देखकर सरकारी हल्कों में जब उनकी गिरफ़्तारी की चर्चा होने लगी तो लाला लाजपत राय ने आग्रह करके उन्हें विदेश भेज दिया। वे पेरिस पहुँचे। श्याम कृष्णा वर्मा और भीकाजी कामा वहाँ पहले से ही थे। लाला हरदयाल ने वहाँ जाकर ह्यवन्दे मातरम्ह्न और ह्यतलवारह्न नामक पत्रों का सम्पादन किया। 1910 ई. में हरदयाल सेनफ़्राँसिस्को, अमेरिका पहुँचे। वहाँ उन्होंने भारत से गए मजदूरों को संगठित किया। ह्यगदरह्न नामक पत्र निकाला।

**गदर पार्टी**
**मुख्य लेख : गदर पार्टी**
गदर पार्टी की स्थापना 25 जून, 1913 ई. में की गई थी। पार्टी का जन्म अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के 'एस्टोरिया' में अंग्रेजी साम्राज्य को जड़ से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से हुआ। गदर पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष सोहन सिंह भकना थे। इसके अतिरिक्त केसर सिंह थथगढ (उपाध्यक्ष), लाला हरदयाल (महामंत्री), लाला ठाकुरदास धुरी (संयुक्त सचिव) और पण्डित कांशीराम मदरोली (कोषाध्यक्ष) थे। ह्यगदरह्न नामक पत्र के आधार पर ही पार्टी का नाम भी ह्यगदर पार्टीह्न रखा गया था। ह्यगदरह्न पत्र ने संसार का ध्यान भारत में अंग्रेजों के द्वारा किए जा रहे अत्याचार की ओर दिलाया। नई पार्टी की कनाडा, चीन, जापान आदि में शाखाएँ खोली गईं। लाला हरदयाल इसके महासचिव थे।

**सशस्त्र क्रान्ति**
प्रथम विश्वयुद्ध आरम्भ होने पर लाला हरदयाल ने भारत में सशस्त्र क्रान्ति को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए। जून, 1915 ई. में जर्मनी से दो जहाजों में भरकर बन्दूकें बंगाल भेजी गईं, परन्तु मुखबिरों के सूचना पर दोनों जहाज जब्त कर लिए गए। हरदयाल ने भारत का पक्ष प्रचार करने के लिए स्विट्जरलैण्ड, तुर्की आदि देशों की भी यात्रा की। जर्मनी में उन्हें कुछ समय तक नजरबन्द कर लिया गया था। वहाँ से वे स्वीडन चले गए, जहाँ उन्होंने अपने जीवन के 15 वर्ष बिताए।

**मृत्यु**
हरदयाल जी अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए कहीं से सहयोग न मिलने पर शान्तिवाद का प्रचार करने लगे। इस विषय पर व्याख्यान देने के लिए वे फिलाडेलफिया गए थे। 1939 ई. में वे भारत आने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने अपनी पुत्री का मुँह भी नहीं देखा था, जो उनके भारत छोड़ने के बाद पैदा हुई थी, लेकिन यह न हो सका, वे अपनी पुत्री को एक बार भी नहीं देख सके। भारत में उनके आवास की व्यवस्था हो चुकी थी, पर देश की आजादी का यह फकीर 4 मार्च, 1939 ई. को कुर्सी पर बैठा-बैठा विदेश में ही सदा के लिए पंचतत्त्व में विलीन हो गया।

# बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गयी






सियासत की बात करने से गालियां खाना पड़तीं हैं लेकिन मंहगाई की बात करने से कौन सा पदम् पुरस्कार मिल जाता है ? बात तो करना ही पड़ती है. आप महाकाल लोक की बात मत कीजिये क्योंकि इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं. आप वन्दे मातरम रेल की खामियों की बात मत कीजिये,क्योंकि इससे सरकार की बदनामी होती है .आप मंहगाई की बात भी मत कीजिये,क्योंकि ये कोई नयी बात नहीं है. जब से जन्मी है तब से अमरबेल की तरह फूलती-फलती आ रही है .

देश में मंहगाई कांग्रेस के जमाने से बढ़ना शुरू हुई तो आजतक रुकी नहीं .मंहगाई की मार खाने की आदत बन चुकी है जनता की.बेचारी न आह भर सकती है और न कराह सकती है,क्योंकि ये दोनों काम राष्ट्रविरोधी हैं. जनता से कहा जाता है कि-' क्या वो देश के लिए मंहगाई का बोझ भी नहीं उठा सकती ?' महंगाई को अंग्रेजी वाले इन्फ्लेशन कहते हैं .मंहगाई के सितंबर के आंकड़े आ गए हैं। लगातार नौवें महीने खुदरा महंगाई संतोषजनक स्तर से ऊपर रही है।ये संतोषजनक स्तर जनता का नहीं बल्कि सरकार का अपना होता है . सितंबर में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। मजे की बात ये है कि इस मंहगाई दरें के बढ़ने के लिए केंद्र सरकार को नहीं बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक को जिम्मेदार माना जाता है .खबर है कि अब भारतीय रिजर्व बैंक को अब केंद्र सरकार को रिपोर्ट देकर इसका विस्तार से कारण बताना होगा।

सरकार अपने ऊपर कोई जिम्मेदारी नहीं लेती.सरकार किस पार्टी की है ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता.सभी सरकारों का चरित्र मंहगाई के मामले में कमोवेश एक जैसा ही होता है.भाजपा ने सत्ता में आने के बाद 2016 में रिजर्व बैंक अधिनियम के तहत ये व्यवस्था कर दी है कि अगर महंगाई के लिए तय लक्ष्य को लगातार तीन तिमाहियों तक हासिल नहीं किया गया है, तो रिजर्व बैंक को केंद्र सरकार को रिपोर्ट देकर उसका कारण और महंगाई को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी देनी होगी। यह बताना होगा कि महंगाई को निर्धारित दायरे में क्यों नहीं रखा जा सका और उसे काबू में लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

मंहगाई बढ़ती सरकार के कदमों से है लेकिन जिम्मेदार बताया जाता है बेचारी रिजर्व बैंक को . केंद्र सरकार की तरफ से रिजर्व बैंक को मिली जिम्मेदारी के तहत रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। अब मौद्रिक नीति समिति के सचिव को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम के तहत इस बारे में चर्चा के लिए एमपीसी की अलग से बैठक बुलानी होगी और रिपोर्ट तैयार कर उसे केंद्र सरकार को भेजना होगा।

मजे की बात ये है कि रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में लाने के लिये मई से ही नीतिगत दर में वृद्धि कर रहा है। उसने अबतक नीतिगत दर 1.9 प्रतिशत बढ़ायी है जिससे रेपो दर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गयी है ।लेकिन मंहगाई है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रही . महामारी के शुरूआती महीनों में तीन तिमाही से अधिक समय तक मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे से बाहर रही थी। लेकिन ह्यलॉक-डाउनह्न के कारण आंकड़ा संग्रह में तकनीकी कमियों के कारण उस समय ाििजर्व बैंक को रिपोर्ट नहीं देनी पड़ी थी। मंहगाई का मुद्दा उठाते ही सरकार में बैठे लोग कहते हैं कि मंहगाई फालतू का मुद्दा है,आप जरा बाजार में देखिये कैसी रौनक है ? धड़ाधड़ कारें बिक रहीं हैं,जेवर बिक रहे हैं,इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान बिक रहा है .कहाँ है मंहगाई ? मंहगाई होती तो जनता सड़कों पर न उतर आती श्रीलंका की तरह ? इस तर्क में वजन तो है ,क्योंकि जनता तो अब मंहगाई प्रूफ हो गयी है .जनता ने सड़कों पर आना छोड़ दिया है.मंहगाई का गाना छोड़ दिया है ,क्योंकि जानती है कि सरकार ऊंचा सुनती है .सड़क की आवाजें उसे सुनाई ही कहां देती हैं ? बेचारी जनता हार मान चुकी है .लड़ना भूल चुकी है .इसलिए सरकार भी स्वतंत्र है मंहगाई बढ़ाने के लिए .अब ये लिखना भी बेमानी लगता है कि-' मंहगाई सुरसा के मुंह जैसी बढ़ रही है .'मंहगाई का बढ़ना तो सुरसा के मुख के बढ़ने से भी कई गुना तेज है. हनुमान रूपी रिजर्व बैंक आखिर कब तक मंहगाई का मुकाबला करे ?

मंहगाई से निबटने के लिए जनता को कोल्हू में डालकर पहले ही निचोड़ा जा चुका है. जनता दही,मही तक पर तो टैक्स दे रही है .सरकारों की फिजूलखर्ची बंद नहीं हो रही. सरकार देश की सनातन सभ्यता को पुनर्जीवित करने के लिए काशी,अयोध्या और उज्जैन के मंदिरों को चकाचक करने में खुले हाथ से खर्च करने को ही राष्ट्रगौरव मान बैठी है ,ऐसे में असहाय जनता कहाँ जाये ? ' परम् स्वतांत्रत न सर पर कोई ' की स्थिति है .जनता तो इतनी बेचारी है कि सरकार को श्राप भी नहीं दे सकती .उलटे जनता खुद अभिशप्त है ऐसी व्यवस्था में रहने के लिए .सरकार ने तो मंहगाई के मुद्दे पर बोलना ही बंद कर दिया है .

मुझे भी लगता है कि अब मंहगाई शब्द को शब्दकोश से हटा देना चाहिए ,क्योंकि अब इस शब्द से कोई ध्वनि ही नहीं निकलती .कोई अर्थ ही नहीं उपजता. मंहगाई शब्द अब सियासत के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है सड़क पर आकर सियासत करने वाले लोग भी मंहगाई को लेकर कुछ कर पाने की स्थिति में नजर नहीं आ रहे. अब मंहगाई से निबटन का अंतिम विकल्प यही है कि जनता नवश्रृंगारित मंदिरों में जाकर माला फेरे ,शायद काल,महाकाल की कृपा हो जाये ! मंहगाई से निबटने के सबके अपने-अपने तरीके हैं. प्रधानमंत्री जी मंदिरों में तपस्या कर रहे हैं और राहुल गांधी सड़कों पर .जनता दोनों तपस्वियों को देखकर अभिभूत है .जिस देश की जनता अभिभूत रहना सीख ले उस देश की जनता के लिए सिर्फ प्रार्थना की जा सकती है ,और कुछ नहीं .

**@ राकेश अचल**

# राशि फल

## आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

**14 अक्टूबर 2022 राशिफल मेष राशि : जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर हैं। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।**




**मेष** आज का दिन सामान्य रहने वाला है । इच्छाशक्ति की कमी आपको भावनात्मक और मानसिक रूप से परेशानी में कैद कर सकता है, इसलिये आज आपनी तर्कशक्ति को मजबूत बनाये रखें । अगर आप किसी नयी जमीन को खरीदने की सोच रहे हैं तो राहुकाल देखकर खरीदें । इस राशि के बच्चे आज देर रात तक बाहर घूमने से बचें वरना माता-पिता के कड़क व्यवहार से दो-चार होना पड़ा सकता है । विरोधी पक्ष से आज आपको सावधान रहने की जरुरत है। जीवनसाथी को अच्छा सा तोहफा गिफ्ट करें रिश्तों में मजबूती आयेगी । स्वास्थ्य में आज थोड़ी गिरावट हो सकती है ।

**वृषभ** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है । आज आप उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आज आपको अपने परिवार और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे । इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें बड़ा फायदा होने वाला है । संतान पक्ष की किसी बड़ी सफलता से आपको खुशी मिलने वाली है । अगर आप बिजनेसमैन हैं तो अपना फेवरेट परफ्यूम लगाकर जायें फायदा जरुर मिलेगा । स्वास्थ्य के लिये आज नियमित व्यायाम करना न भूलें।

**मिथुन** आज का दिन कुछ खास लेकर आया है । वर्क प्लेस पर वातावरण खुशनुमा रहेगा। कुछ जरुरी काम आज थोड़ी ही मेहनत करने से पूरे हो जायेगा । इस राशि के डाक्टर की ख्याति आज दूर-दूर तक फैलेगी । आज आप लवमेट को कोई उपहार दे सकते हैं । रिश्तों में नयापन आयेगा । इस राशि के छात्र आज अपनी फेवरेट कलर की शर्ट पहनकर जा रहे हैं तो तरक्की की नयी उंचाईयों को पा लेंगे । स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा । अच्छी सेहत के लिये सुबह वॉक के लिये जायें ।

**कर्क राशि** आज का दिन बहुत ही हर्षो-उल्लास भरा रहने वाला है । आज आपको खूब सारी पहचान मिलने वाली है । आज आप जिस मुकाम पर हैं वो आपकी अच्छी संप्रेषण कला की वजह से है। आप और अधिक सफलता पाने के लिये अपने प्रयासों को जारी रखें । इससे लोगों से आपकी निकटता बनी रहेगी । अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं तो आज एक-एक करके आपकी कई जमीनें बिक जायेंगी । इस राशि के छात्रो को आज कोई बडा प्रोजेक्ट मिलेगा जिससे आपको कुछ अच्छा सिखने को मिलेगा। महिलाओं को आज शाम तक कोई गुड न्यूज मिलेगी ।स्वास्थ्य आज फिट रहेगा।

**सिंह** आज किसी बात को लेकर आपका तनाव बढ़ा सकता है। काम के प्रति दौड़-भाग भरा दिन आपको चिड़चिड़ा बना सकता है । कारोबार में किसी जरूरी काम को पूरा करने में थोड़ी अड़चने आयेंगी। बच्चों को आज टाइम से लंच न करने पर पैरेन्ट्स से अच्छी-खासी डांट सुननी पड़ सकती है। हो सके तो उधार के लेन-देन से आज दूर रहें । आज फिजूल की बातों पर बहस करने से बचने की कोशिश करें। बेहतर होगा कि आप किसी से आवश्यकता पड़ने पर ही बात करें। लवमेट के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। घर में सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी।

**कन्या** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप एक बहुत बड़ी साझेदारी को अंतिम रूप देने वाले हैं, जिसके बारे में आज आपको जीवनसाथी से अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट रूप से बता देना सही रहेगा। आज दिन का अंतिम हिस्सा किसी रचनात्मक कार्यों में लगा सकते हैं। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी चहिये। अगर किसी फ्रेंड से अनबन चल रही है तो आप उससे दोस्ती का हांथ बढ़ा सकते है। कुछ पुरानी कुछ पुरानी यादें तारोताजा होंगी। जीवनसाथी के साथ आज अधिक समय बिताने की कोशिश करें।

**तुला** आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीतेगा। आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। हो सकता है कि माता-पिता के साथ मंदिर जाने का प्लान भी बनाएं। किसी काम का कोई समाधान आपको मिल सकता है। मित्रों का सहयोग मिल सकता है। पार्टनर के साथ समय बीतेगा। आपके कामकाज से अधिकारी खुश हो सकते हैं आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज्यादा ही ऊंचा तय कर सकते हैं। सुबह उठकर धरती मां को छूकर प्रणाम करें, आपकी सारी मनोकामना पूरी होगी।

वृश्चिक आपको मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। परिवार में आज सुखद वातावरण का माहौल रहेगा । दाम्पत्य संबंध आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आपकी उलझने कम हो सकती हैं। आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**धनु** आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आज आप अपने कार्य को जल्द ही पूरा कर लेंगे। साथ ही आपको एक व्यापार में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव भी मिल सकता है। आप अपने माता पिता या बहन भाइयों के साथ समय बितायेंगे। सरकारी नौकरी वालों के लिए ज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। शाम के समय घर पर बच्चो के साथ गेमस खेलने में समय बीतेगा। बच्चों को ऑनलाइन भी कुछ सिखाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** आज तकदीर आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे है वो आज भाई या बहन की मदद से पूरा हो जाएगा । आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें, साथ ही दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है । काम से रिलेटेड किसी कलीग से लम्बी बात हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहना होगा । लवमेट आज किसी पुरानी बात को याद कर के खुश हो सकता है।

**कुम्भ राशि** आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा । इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं आज उनके लिए रिश्तें आ सकते हैं। परिवारवाले आपकी बाते समझने की कोशिश करेंगें। जो लोग सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं , उनके लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहने वाला है। आज आपकी कंपनी में काम का बोझ ज्यादा होगा, लेकिन आपको जूनियर का पूरा सहयोगा मिलेगा। घर से क्लेश दूर होंगे।

**मीन राशि** आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं। जिन कोशिशों को आप अपनी और से व्यर्थ मान चुके थे,वे आज सफल होंगी। इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ शेयर करें। आपका करियर आपकी योजना के अनुसार नहीं जा रहा है तो बेहतर है कि अपने गुरु से परामर्श लें। इस राशि के बच्चों के लिए आज पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## आला कत्ल के साथ हत्यारोपी गिरफ्तार-भेजा जेल

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी के मुसाफिर खाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा मय हमराही पुलिस के साथ वाहन चेकिंग के दौरान वांछित हत्यारोपी अभियुक्त को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा



मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा मय हमराही कोतवाली पुलिस के साथ वाहन चेकिंग के दौरान धारा 304 भा दं वि के तहत वांछित अभियुक्त राममनोहर रैदास पुत्र बुद्धिलाल रैदास निवासी हरदोईया कोतवाली मुसाफिरखाना को क्षेत्र के पूरे टिकैत चौराहा के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आला कत्ल एक अदद कुल्हाड़ी बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा।

## एम एम इंटर कॉलेज नगीना में नेताजी के निधन पर किया गया शोक व्यक्त

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना। एमएम इंटर कॉलेज नगीना में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया गया । जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। और ईश्वर से प्रार्थना की गई



कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस आसीम दारुण दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस शोक सभा का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर व उप प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह गौतम व आदर्श माध्यमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह मैं उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक बृजमोहन सिंह विपिन कुमार अमित कुमार अमिचंद यादव जितेन्द्र सिंह आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अपनी मांगों को लेकर स्टांप विक्रेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना ।तहसील नगीना के सभी स्टांप विक्रेताओं ने लगातार हो रहे व्यवसायिक उत्प्रीरण एवं अनदेखी के चलते काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया । यह विरोध प्रदर्शन ऑल यूपी स्टांप वेंडर एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के समस्त स्टांप विक्रेताओ के साथ जनपद बिजनौर एवम तहसील नगीना के भी सभी स्टांप विक्रेताओं द्वारा अपने



अपने हाथों में काली पट्टी बांध कार्य कर किया गया। स्टांप विक्रेताओं द्वारा अपनी एसोसिएशन को पूर्ण समर्थन दिया गया।स्टांप विक्रेता जगमीत सिंह ने बताया गया कि नगीना के सभी स्टांप विक्रेता आगामी 20/10/22 तक बहिष्कार करते हुए काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे ।उन्होंने बताया ऑल यूपी स्टांप वेंडर एसोसिएशन सभी स्टांप विक्रेताओं के हित में कार्य कर रही है अतः उनकी एसोसिएशन द्वारा आह्वान करने पर तहसील नगीना के सभी स्टांप विक्रेताओं के द्वारा यह बहिष्कार किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी एसोसिएशन सभी स्टांप विक्रेताओं के हित में कार्य कर रही है इसीलिए सभी स्टांप विक्रेताओं का एसोसिएशन को समर्थन है और एसोसिएशन आगे जैसा दिशा निर्देश देगी उसी प्रकार कार्य किया जाएगा।

## राष्ट्रीय पत्रकार संघठन मंडावर इकाई का गठन

दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह

मंडावर /राष्ट्रीय पत्रकार संघठन की मंडावर इकाई ने एक बैठक का आयोजन किया जो की जन शौर्य के सम्पादक आजम आदिल के घर पर की गई जिसमे क्षेत्र के सभी जाने माने पत्रकारों ने हिस्सा लिया और जनता के हित मे हमेशा अपनी कलम से आवाज उठाते रहेंगे और क्षेत्र मे किसी भी पत्रकार पर किसी भी प्रकार का शोषण सहन



नहीं किया जायेगा अगर इस तरह का मामला सामने आता है,तो संघठन हमेशा एकजुट होकर उसकी लड़ाई लड़ेगा बैठक की अध्यक्षता मिर्जा बैग ने को संचालन किया आजम आदिल ने और सभी पत्रकार साथियों ने अपनी अपनी समस्या भी रखी उन्हें पत्रकारिता करते समय भिन्न भिन्न समस्याओ का सामना करना पड़ता है,इसी के साथ बैठक मे सभी साथियो को संघठन की जिम्मेदारी भी दी गई आदिल आजम अध्यक्ष, फिरोज खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार उपाध्यक्ष, देवेश राजपूत कोषाध्यक्ष, जसवीर सिंह सचिव, सुनील पाल संरक्षक, विशाल पाल सचिव, जुल्पुकर सचिव, राजीव सचिव, देवेंद्र कुमार मीडिया प्रभारी, कामेन्द्र कुमार शर्मा सह मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा सचिव अंकित चौधरी सचिव बनाये गये और सभी ने अपने पद की गरिमा को रखते हुए बखूबी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया!

## तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे को बाबा के बुलडोजर द्वारा ध्वस्त कराया गया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

मिली जानकारी के अनुसार नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जालबपुर गुदड़, खंड के खिदरीपुरा में खसरा नंबर 86 तालाब की भूमि वर्षों से कुछ दबंगों द्वारा लकड़ी का सामान रखकर कब्जा किया हुआ था, जिसको देखते हुए ग्राम प्रधान नंदिनी राजपूत द्वारा उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को



अवगत कराने पर उपजिलाधिकारी विजय वर्धन तोमर ने जांच कर पैमाइश के बाद संबंधित अधिकारियों को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए! जिस पर मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार नजीबाबाद एवं राजस्व टीम द्वारा तालाब पर हो रहे हो अवैध कब्जे को बाबा के बुलडोजर द्वारा ध्वस्त करा दिया गया! ज्ञात हो कि प्रधान नंदिनी राजपूत ने अब तक अनेकों अवैध कब्जे सरकारी भूमि से कब्जा मुक्त कराए है! सरकार की मंशा के अनुरूप राजस्व प्रशासन भी अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है तथा तहसील नजीबाबाद में कहीं भी अवैध कब्जा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है!

## एंबुलेंस में गूंजी बच्चे की किलकारी -जच्चा बच्चा सुरक्षित

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी के मुसाफिर खाना क्षेत्र में आशाबहू व स्वास्थ्य कर्मियों की सजगता से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही चंदीपुर निवासी महिला को प्रसव पीड़ा उठने के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराया जिसमें जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं इस कार्य के लिए परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चंदीपुर निवासी रीमा निषाद पत्नी जितेन्द्र निषाद को प्रसव पीड़ा होने पर आशाबहू व परिजनों ने 102 एंबुलेंस को सूचित किया सूचना पर एंबुलेंस के पायलट कृष्ण कुमार व



ई एमपी अशोक कुमार आशाबहू अंजना शुक्ला के साथ प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने पर आशा बहू व स्वास्थ्य कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव कराने में सफल रहे इसके उपरांत जच्चा बच्चा दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां जच्चा बच्चा स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## यासर निशात ने वनस्पति विज्ञान पैथोलॉजी और नेमेटोलॉजी से पी एच डी की डिग्री हासिल की

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगर के मुहल्ला काजी सराय निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता निशात अहमद के होनहार पुत्र डॉक्टर यासर निशात ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर हिसामुद्दीन के सुपरविजन में प्लांट पैथोलॉजी और नेमेटोलॉजी से पी एच डी की डिग्री हासिल की।डॉक्टर यासर निशात की थेसिस का शीर्षक " स्टडीज ऑन ए मेडिसिनल प्लांट इंफेक्टेड विद रूट नॉट नेमाटोड्स, मिलोइडोगाइन इन्कोग्निटा" है। डॉ यासर ने अपनी शोध में बताया किसान उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर चल कर फसल को रोगों से बचा सकता है।डॉक्टर यासर सभसद/पत्रकार डॉ मुअज्जम हुसैन



रियाजी के भांजे है।उनकी पीएचडी पूर्ण होने पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुये बधाई दी है।अधिवक्ता निशात अदमद को बधाई देने वालों में आरिफ खां एड,जहीर अहमद एड,फरीद खां एड,शुऐब अहमद एड, परवेज मुकर्रम, तनवीर अख्तर, प्रदीप जैन, गौरव गोयल,धर्मेंद्र सिंह, विकास शर्मा पत्रकार , मनमीत सिह पत्रकार, परवेज आदिल, डॉ शेख नगीनवी, अनवर महमूद, कामरान नसीम, मुनीर आलम,मनीष राणा, नोशाद अंसारी,सचिन शर्मा, राशिद उस्मानी,मंसब निशात,सैय्यद आसिफ विकार,आदि शामिल रहे।

## गंगा बैराज बिजनौर में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने प्रवाहित की 1.95 लाख मत्स्य अंगुलिकाएं

### मत्स्य पालकों की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा-जिलाधिकारी उमेश मिश्रा

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

बिजनौर 13 अक्टूबर,2022:- गंगा बैराज में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत रिवर रैचिंग कार्यक्रम में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी द्वारा 01 लाख 95 हजार मत्स्य अंगुलिकाओं (भारतीय मेजर कार्प) को प्रवाहित व संचित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मत्स्य पालन एक अच्छी योजना है, यह एक आय का अच्छा स्रोत बन सकता है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मत्स्य पालकों व किसानों से आवाहन किया कि वह सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय दुगनी हो। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन एक अच्छी योजना है , अगर किसान इस पर ध्यान दें तो यह एक अच्छा आय का स्रोत बन सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनेकों लाभार्थी पर योजनाएं संचालित की हुई हैं, किसान भाई आगे आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें व योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार व हम आपके साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य हो इस पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति व नियत साफ है। उन्होंने कहा कि



मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सफल नेतृत्व में प्रदेश तरक्की पथ पर अग्रसर है, उनके द्वारा उठाये गये कदमों व संचालित योजनाओं को देश के अन्य प्रदेशों में भी लागू किया गया है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि मत्स्य पालकों को संचालित सभी अनुमन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि ग्रामों का सर्वांगीण विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जिस पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मत्स्य अंगुलिकाएं गंगा में प्रवाहित करने से जल को साफ रखने में मद्द मिलेगी।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मत्स्य पालकों व किसानों से आवाहन किया कि वह सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करें। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों की जो भी समस्याएं होंगी उनका निस्तारण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने लायी गयी मत्स्य अंगुलिकाओं की संख्या को चैक भी किया व किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

सहायक निदेशक मत्स्य हरिश चन्द्र वर्मा ने बताया कि बिजनौर में मार्च 2023 तक 03 लाख मत्स्य अंगुलिकाएं प्रवाहित करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 180 दिन के लक्ष्य के सापेक्ष पूर्व में 40 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं प्रवाहित की गयी थी। उन्होंने बताया कि गत सितम्बर माह में मा0 मंत्री मत्स्य विभाग द्वारा 65 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं प्रवाहित की गयी थी। उन्होंने बताया कि आज 1 लाख 95 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं प्रवाहित व संचित की गई है। उन्होंने बताया कि इनमें 30 प्रतिशत कतला प्रजाति, 30 प्रतिशत रोहू प्रजाति व 40 प्रातिशत नैंन प्रजाति की मत्स्य अंगुलिकाएं है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा0 अवधेश मिश्र, मत्स्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, किसान व मत्स्य पालक आदि उपस्थित रहे।

## बरसात से बर्बाद हुई धान की फसल का एसडीएम ने कराया सर्वे

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनाबई

जुनावई धान की खेत में खड़ी फसल अधिक वर्षा होने से हुए नुकसान का आकलन करने जुनावई क्षेत्र के लेखपाल प्रदीप गुप्ता ने सर्वे प्रारंभ करते हुए 2 दर्जन से अधिक लोग जिस किसान की धान की फसल पानी में डूब कर नष्ट हुई उनका आकलन खेत पर पहुंचकर किया उप जिला अधिकारी गुन्नौर संजीव वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के लेखपाल व कानूनगो के लिए वर्षा से तबाह हुए धान की फसल करने वाले किसानों को मुआवजा देने के



लिए सर्वे कराने का आदेश दिया गया है इस क्रम में तहसील की ओर से लेखपाल व कानूनगो धान की बर्बाद हुई फसल का मौके पर जाकर आकलन करने में जुट गए हैं बृहस्पतिवार के लिए हल्का लेखपाल प्रदीप गुप्ता ने जुनावई हल्का क्षेत्र के किसानों से बात कर उनके खेतों तब जाकर आंकलन किया जिसमें 5 एकड़ से अधिक भूमि में धान बोया हुआ पाया गया और 2 दर्जन से अधिक किसानों का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की गई

## लूट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत 2 माह पूर्व बबराला स्टेट बैंक के पास दिनदहाड़े बाइक पर सवार दो युवकों ने मजदूर से पचास हजार रुपए लूट कर हुए थे फरार ।गुन्नौर पुलिस ने लूट के मुख्य आरोपी वीरेश उर्फ सफिया को बीते 6 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल



भेज दिया। पुलिस को पूछताछ के दौरान सफिया द्वारा बताए गया दूसरा आरोपी हिम्मा उर्फ हेमराज निवासी बबराला को चौकी प्रभारी कालेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल अजय कुमार ने बृहस्पतिवार की सुबह चंदौसी रोड इंदिरा चौक बबराला से एक हजार रूपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया।

## 22 दिन बाद भी महिला के हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर पुलिस से बचने को दांवपेच खेल रहे हैं हत्यारोपी

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत गांव रायपुर में 21 सितंबर की रात्रि मैं 36 वर्षीय महिला अनीता पत्नी संजीव की हत्या कर हत्यारे फरार हो गए थे। मौके पर घटना की सही जांच कराने के लिए पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड टीम को भी घटनास्थल पर भेजा था। जिसमें पुलिस के खोजी कुत्ते ने मृतक महिला के देवर प्रमोद का हाथ पकड़ लिया था। सूत्रों की माने तो मृतक महिला के दाह संस्कार के बाद पुलिस की जांच सूई घूमी तो मृतक महिला का पति संजीव देवर प्रमोद एवं दिनेश डीलर गांव छोड़कर उसी दिन से फरार बताए जा रहे हैं। जबकि मृतक महिला के पिता चंद्रपाल जो मुकदमे का वादी है दांवपेच खेलकर गांव के अन्य लोगों को फसाने की फिराक में है। घटना वाली रात्रि को गांव रायपुर निवासी कररु उर्फ कल्यान को मृतक महिला के घर आते जाते देखा गया हालांकि फिलहाल कररु उर्फ कल्यान को पूछताछ के बाद गांव छोड़कर बाहर ना जाने की शर्त पर पुलिस ने सुपुर्दगी में दे दिया है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। वही गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनियां से गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी की गई तो सवाल का सीधा जवाब ना देते हुए बताया कि जो हत्यारे हैं उनको जल्दी ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

## आबकारी इंस्पेक्टर ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

### आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम के निरीक्षण में मिली खामियां

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने स्थानीय कस्बा स्थित अंग्रेजी व वियर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा न चलने एवं दुकान के आसपास साफ सफाई न होने पर दुकानदार को कड़ी फटकार लगाते हुए कडी हिदायत दी

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित विदेशी मदिरा व वियर की दुकानों पर आबकारी इंस्पेक्टर देवल पांडे व उपनिरीक्षक इंग्लेस तिवारी आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ



औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा न चलने की स्थित में पाया गया एवं शराब की दुकानों के आसपास गंदगी होने के कारण दुकानदार को कड़ी फटकार लगाते हुए सीसीटीवी कैमरा दो दिन के अंदर ठीक कराने एवं दुकान के आसपास साफ-सफाई रखने की कड़ी हिदायत दी इसके साथ साथ बारकोड स्टालमेंट सहित शराब की दुकानों से संबंधित अन्य बिंदुओं की बारीकी से जायजा लेते हुए दुकानदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत महिला थाना द्वारा छात्राओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी पुलिस अधीक्षक निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्रमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महिला थाना द्वारा कस्बा गौरीगंज में कोचिंग संस्थान, बाजार व भीड़-भाड़ वाले जगहों पर व स्कूल कालेज के आस-पास छात्राओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस



सेवा, 1076ह्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइङ्ग, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । महिलाओ/बालिकाओं को महिला संबन्धी होने वाले अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ-साथ एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया इस दौरान एन्टी रोमियो टीम द्वारा संदिग्ध मनचलों की चेकिंग भी की गयी ।

## घर वैठ कर की सरकारी नौकरी, हेराफेरी कर लिया वेतन व भत्ते

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

चांदपुर ।शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक लिपिक कर गया लाखों रुपए चट। अधिकारीयों की मिलिभगत से ही घर वैठे- वैठे कर रहा था सरकारी नौकरी, यदा-कदा ही अपने कार्यालय आकर कर उपस्थिति पंजिका में कर देता था पूरे महीने की उपस्थिति दर्ज। वरिष्ठ अधिकारियों से हुई शिकायत। मामला पकड़ में आते ही जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ने दिये जांच के आदेश।

दरअसल यह पूरा मामला जनपद बिजनौर के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज चांदपुर का है जहां कार्यरत प्रधान लिपिक शैलेंद्र कुमार सिंह यदा कदा ही विद्यालय आता था ,और विभागीय अधिकारियों की मिलिभगत से उपस्थिति पंजिका में पूरे महीने की उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय कार्यों से बाहर जाना दर्शा देता था। मामला पकड़ में तव आया जव एक आरटीआई कार्यकर्ता ने आरटीआई के माध्यम से उक्त विद्यालय के दस्तावेजों की छाया प्रति प्राप्त कर मिलान किया। मिलान करने पर पता चला कि वह कर्मचारी केवल विद्यालय में वेतन बिल का कार्य देखता है। और इसी के नाम पर उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से डियूटी लीव दिखा कर पूरे महीने विद्यालय से गायब रहता था। तथा उपस्थिति पंजिका में महीने में एक बार पूरे महीने की उपस्थिति दर्ज कर देता था। घर बैठें- बैठे ही सरकारी वेतन व भत्ते प्राप्त कर रहा था। कोरोना पॉजिटिव होते हुए भी





विधानसभा चुनाव 2022 में चुनाव ड्यूटी कर हजारों आदमी की जिंदगी से किया खिलवाड़।

वही दिलशाद अहमद ने अपने साथियों के साथ मिल अव इस मामले की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर व उच्चाधिकारियों से कर अवैध रूप से लिए गए वेतन व भत्तो को व्याज सहित राजकोष में जमा कराने तथा दोषियों के विरुद्ध दण्डात्म कार्यवाही की मांग की है

विद्यालय की प्रधानाचार्य सरन प्यारी ने मीडिया को बताया कि प्रधान लिपिक शैलेंद्र कुमार सिंह विद्यालय। मैं वेतनविल , जीपीफ, पेंशन आदि का कार्य देखते हैं इस कारण देरी से विद्यालय आते हैं और विद्यालय से बाहर आना जाना लगा रहता है। ड्यूटी लीव पर रहते हुए मुझे फोन पर ही सारी सूचना प्राप्त करा देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना पॉजिटिव होते हुए भी प्रधान लिपिक शैलेंद्र कुमार सिंह ने विधानसभा चुनाव 2022 में ड्यूटी न कटने के कारण चुनाव में ड्यूटी की है।

आरोपी बनाए गये उक्त विद्यालय के प्रधान लिपिक शलेंद्र कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि उन पर लगाये गये आरोप निराधार है वह विद्यालय दूर से आते हैं। विद्यालय आते ही विद्यालय कार्यो में जुट जाने के कारण उपस्थिति दर्ज करना भूल जाते हैं और समय मिलने पर ही उपस्थित पंजिका में उपस्थित दर्ज कर पाते हैं। कोरोना पॉजिटिव होते हुए भी उन्होंने विधानसभा चुनाव 2022 में ड्यूटी न कटने के कारण चुनाव में ड्यूटी की है।

उधर मामला संज्ञान में आते ही जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर रामाज्ञा कुमार ने जांच के आदेश दे दिए है।

## नजीबाबाद मे भाजपा कार्यकर्ता व चैयरमैन पद के भावी उम्मीदवार वसीम कुरैशी ने मंडी समिति में किया जनसंपर्क

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद भाजपा कार्यकर्ता व वरिष्ठ समाजसेवी चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार वसीम कुरेशी ने मंडी समिति पहुंचकर आढ़तियों से जनसंपर्क किया वसीम कुरेशी के मंडी समिति पहुंचने पर मंडी आढ़तियों ने फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत। आपको बता दे की बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी ने कोटद्वार रोड स्थित मंडी समिति पहुंचे जहां पर सैकड़ों की संख्या में मंडी परिसर में आढ़तियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर आगामी नगर निकाय चुनाव अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही वसीम कुरेशी ने सब को विश्वास दिलाते हुए कहा कि मैं आपका बेटा आपका भाई हूं और मैं आपसे वादा करता हूं कि अगर आप लोगों ने मेरा साथ दिया तो मैं नजीबाबाद शहर का पूरी तरीके से विकास करूंगा और



आपके समस्याओं का पूरा समाधान कराऊंगा। स्वागत करने वालो में हाजी अय्यूब राईन, खलील राइन, तसलीम अहमद,, सलीम अहमद, अतीक अहमद, विनोद सैनी, राजू सैनी, आसिफ अहमद, युसूफ अहमद, खुर्शीद शेख, इरफान राइन, नदीम कुरैशी, इकबाल राईन, अनस कुरैशी, इमरान सैफी, नाजाकत मालिक, तस्लीम कुरैशी, नफीस राइस, फुरकान वकील, इरशाद अंसारी, ताहिर, फहीम अहमद, रिजवान अहमद, शोएब अंसारी सहित आदि सैकड़ो की संख्या लोग मौजूद रहे।

## निजी स्कूल से लापता हुई दो युवतियों को गुन्नौर पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी स्कूल में दो युवती टीचर थी दोनों टीचर 6 दिन पूर्व स्कूल के प्रधानाध्यापक से तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर गायब हो गई। जब दोनों युवती अपने-अपने घर टाइम से नहीं पहुंची तो इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। लापता हुई दोनों युवतियों के फोन बंद आ रहे थे इसी के चलते पुलिस को कड़ी मशक्कत करने के बाद मंगलवार की शाम को दिल्ली के उत्तम नगर से दोनों को पुलिस ने बरामद कर गुन्नौर कोतवाली लाया गया। सूत्रों की माने तो दोनों युवती एक दूसरे के साथ समलैंगिक विवाह करना चाहती हैं लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। गुन्नौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने बताया की निजी स्कूल की दो युवती टीचर हैं जो 6 दिन पूर्व स्कूल से गायब हो गई थी पुलिस ने दोनों युवतियों को दिल्ली से बरामद कर लिया है। दोनों से बात की गई तो बताया कि दोनों एक साथ रहकर पढ़ाई करना चाहती हैं हम एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते। दोनों युवतियों ने परिवार के लोगों से मिलने तथा बात करने से इंकार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया दोनों युवती बालिग हैं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## जला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहायक उपकरण चिन्हा कान हेतु कैंप का आयोजन

दैनिक समाज जागरण संभल।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहायक उपकरण चिन्हा कान हेतु कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 22 यूआईडी कार्ड /5 बेलचेयर / नई पेंशन 3 / ट्राई साइकिल 28 एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉक्टर अफजल कमाल के द्वारा 22 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए



जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण डिप्टी कलेक्टर पराग महेश्वरी सत्येंद्र कुमार किशन मोहम्मद कासिम राष्ट्रीय अध्यक्ष दिव्यांग मोर्चा ने सभी दिव्यांगजनों को सूचित करा और सभी दिव्यांगजन को ब्लॉक सभागार संभल में बुलाया जिससे दिव्यांगजनों के दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाए गए

श्रद्धांजलि सभा

## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय ने पूर्व मुख्यमंत्री को अर्पित किया श्रद्धांजलि

*कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के व्यक्तित्व को किया रेखांकित*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक-सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि प्रकट की गयी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो.कल्पलता पाण्डेय ने मुलायम सिंह यादव के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उनके लोककल्याणकारी जन



सेवाओं को साझा किया। मुलायम सिंह ने कभी किसी के लिए अपने मन मे दुराव नहीं रखा। शिक्षकों और सैनिकों के हित में अनेक कार्य किये। अपने राजनीतिक जीवन में मतभेद और मनभेद को अलग-अलग रखा यही कारण है कि आज सभी दलों और पार्टियों के नेता उन्हें याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहें है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक निदेशक डॉ.पुष्पा मिश्रा एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक-छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## दलित बस्ती में डाक विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : आजादी के अमृत काल में उत्तरी उपमंडल बेल्थरारोड बलिया के अंतर्गत राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान अंत्योदय दिवस के अवसर पर भीमपुरा न.1 दलित बस्ती में डाक विभाग ने जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जागरूकता रैली में ग्रामीण डाक सेवक एवं ग्राम वासियों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़



चढ़कर भाग लिया। निरीक्षक डाकघर अंगद कुमार यादव ने डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राम सागर, नंद किशोर, मोतीचंद, विजेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, संगीता सिंह, अभय प्रताप, राज कमल, सुद्धु राम, चंद्रशेखर मिश्र आदि ग्रामीण डाक सेवकों समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## अधिकार सेना ने किया शिकायत और सलाहकार समिति का गठन

बलिया : अधिकार सेना के बढते जनाधार के साथ ही दो महत्वपूर्ण समितियों का गठन करना जरुरी हो गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के स्वीकृति से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं की सलाह उसे गठित किया गया। उक्त जानकारी अधिकार सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह ने दी है।




कहा अब से पार्टी की शिकायत समिति किसी भी प्रकार के शिकायतों को पहले परीक्षण करेगी। तत्पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपेगी। इसके पश्चात सलाहकार समिति के सदस्यों से भी राय विमर्श कर उचित निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा जो अंतिम व सर्वमान्य होगा। राजेश सिंह ने बताया कि अभी तक लगभग चालीस जिलों में हमारी जिला कार्यकारिणी का गठन हो गया है तथा निरतंर एक आध जिले रोज गठित हो रहे है। पार्टी के बढते जनादेश को और शिकायतों को देखते हुए इन दो समितियों का गठन अत्यंत आवश्यक हो गया था जिसे आज पूरा कर घोषित किया जा रहा है।

## विरोध प्रदर्शन: रामपुर चौहान बस्ती के ग्रामीणों ने कीचड़ युक्त सड़क पर की धान की रोपाई

**ग्रामीणों ने प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर जताया आक्रोश**

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण रसड़ा (बलिया) :** रसड़ा ब्लाक क्षेत्र के रामपुर गांव के चौहान बस्ती में नाली व सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ न होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरूवार की सुबह प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा कीचड़ युक्त सड़क पर धान की रोपाई कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।



ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के चौहान बस्ती में नाली व सड़क का निर्माण नहीं होने से उन्हें भारी दुश्वारियां उठानी पड़ रही है। नाली-सड़क निर्माण की मांग को लेकर पिछले महीने ब्लाक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया था। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा किंतु अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। लोगों के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न होकर रह गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व दारा चौहान, त्रिवेदी चौहान, कन्हैया, बब्लू, अशोक, छोटेल चौहान, राधेश्याम, प्रदीप सहितज्ञांती, गीता, रीता आदि ने किया।

## नाबालिग के साथ दुराचार में न्यायालय ने सुनाई 20 वर्ष की सजा

प्रदीप शर्मा, संवाददाता दैनिक समाज जागरण जमानियां (गाजीपुर)। सुहवल थाना क्षेत्र के पटखौलीया गांव के एक युवक को दुराचार के मामले में जनपद न्यायालय ने 20 वर्ष कारावास व 45 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सुहवल पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के पटखौलीया गांव निवासी विकास बिंद पुत्र चंद्रमा बिंद के खिलाफ दुराचार व पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके क्रम में वैज्ञानिक विवेचना व अचूक साक्ष्य तथा विशेष लोक अभियोजक की प्रभावशाली पैरवी के बाद न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष की कारावास व 45 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## गाजे-बाजे संग निकली दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की कलश यात्रा

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के चांदपुर गांव में होने वाले दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की कलश यात्रा गुरुवार को निकाली गयी। भृगु क्षेत्र के स्वामी आनंद प्रकाश त्रिपाठी के सानिध्य में कलश यात्रा गाजे-बाजे हाथी घोड़ा संग निकली।



यात्रा सिर पर कलश लेकर नर नारी झखड़ी बाबा स्थान से बलेजी सरया कनैला होते हुए गाजा बाजा हाथी घोड़ा एवं विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचा मंदिर प्रांगण में पहुंची। स्वामी त्रिपाठी जी ने बताया कि यह यज्ञ नौ दिवसीय यज्ञ है जो 22 तारीख तक चलेगा। यज्ञाचार्य काशी से रमानाथ मिश्र एवं सहयोगी अशोक शास्त्री मनु शास्त्री दुर्गेश शास्त्री रामनारायण उपाध्याय होंगे। बताया कि मुख्य यजमान के रूप संतोष सिंह स्वप्तनी, राकेश सिंह जयराम सिंह चंदन शर्मा मनोज सिंह निर्भय नारायण सिंह सोनू सिंह रतन सिंह सुरेंद्र सिंह रमाकांत सिंह ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष बबुआ सिंह मुख्य यजमान है। इस मौके पर समाजसेवी भाजपा नेता भानु दुबे, मुकुल दुबे, प्रधान अवधेश बिंद, राजेश सिंह, सुभाष सिंह, ब्रह्मा यादव, दीनदयाल आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई ग्राम पंचायत की खुली बैठक

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगरा ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरिया की खुली बैठक प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को ग्राम प्रधान चन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्राम पंचायत के विकास के सम्बन्ध में उपस्थित ग्रामीणों से विचार विमर्श किया गया।

खुली बैठक में ग्राम पंचायत के एकत्रित महिला पुरुष ग्रामीणों के बीच ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों प्रधानमंत्री आवास योजना, पानी निकासी के लिए नाली निर्माण, सीसी निर्माण, खड़ंजा, विधवा, विकलांग पेंशन और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालय में बेंच लगवाने तथा चहारदीवारी निर्माण सहित दूसरे विकास कार्यो को लेकर चर्चा हुई। ग्राम प्रधान चन्द्र प्रताप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाना है। ग्राम पंचायत के विकास के लिए और शासन द्वारा गावों के लिए चलाई जा रही उपयोगी योजनाओं को ग्राम पंचायत में ले आने के लिए मै ब्लॉक से लेकर जनपद तक के अधिकारियों के यहां जाने के लिए तत्पर हू। साथ ही ग्रामीणों से अपेक्षा करते हुए प्रधान ने कहा कि यह ग्राम पंचायत आपका है। इसे साफ सुथरा रखने में आप सब भी अपना योगदान दें। बैठक में मोहन प्रजापति, जवाहर राम, विद्यावती देवी, हरिश्चंद, राजेश, देवनाथ, आसमां, बजरंगी सिंह, राम कुवर सिंह, राम प्रताप, रामायण प्रजापति, छोटेलाल, उग्रह प्रसाद सहित ग्राम पंचायत सदस्य, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी हरीश राम ने किया।

## ईलाज में लापरवाही पर एडीएम ने टीआरजी हॉस्पिटल को किया सीज

**प्रदीप शर्मा, संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

जमानियां (गाजीपुर)। ईलाज में लापरवाही पाए जाने पर एसडीएम भारत भार्गव ने गुरुवार को स्थानीय क्षेत्र के टीआरजी हॉस्पिटल को सीज कर दिया। जिससे अवैध रूप से चल रहे निजी अस्पतालों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम भारत भार्गव में बताया कि कसेरा पोखरा निवासी पीड़ित कन्हैया कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि बीते 16 सितंबर को वह अपनी पत्नी सुमन देवी के प्रसव पीड़ा होने पर लोहड़ी शहीद मजार के पास स्थित टीआरजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहाँ उसकी पत्नी का ऑपरेशन द्वारा प्रसव कराया गया। इसके चार पांच दिन बाद ही ऑपरेशन वाले स्थान पर घाव बनने लगा। जिसे दिखाने पर टीआरजी अस्पताल के संचालक ने अपनी घोर लापरवाही को छिपाते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया और पत्नी को वाराणसी रेफर कर दिया। जिस पर पीड़ित कन्हैया ने अस्पताल के संचालक पर प्रसव के दौरान घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शारीरिक, मानसिक व




आर्थिक रूप से परेशान करने की शिकायत की गई और अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर क्षतिपूर्ति की मांग की गई है। इसके आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रविरंजन के साथ गुरुवार की दोपहर टीआरजी अस्पताल पर छापेमारी की गई। इस दौरान अस्पताल का पंजीकरण न होना, योग्य चिकित्सक का न होना, प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ का न होना तथा अपनी पैथी में इलाज न करके एलोपैथिक पद्धति में इलाज करने की अनियमितता पाई गई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ रविरंजन ने बताया कि इसके आधार पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को अन्यत्र भेज कर अस्पताल को सीज कर दिया गया। साथ ही 3 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में चिकित्सकीय योग्यता सहित अन्य विवरण का साक्ष्य व पैरामेडिकल स्टाफ के साथ प्रस्तुत होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम भारत भार्गव ने कहा कि मरीजों के जान से खिलवाड़ करने वाले झोला छाप अस्पतालों पर आगे भी इसी तरह का कार्रवाई चलता रहेगा। वहीं टीआरजी अस्पताल को सीज किये जाने की खबर लगते ही क्षेत्र में अवैध रुप से चल रहे निजी अस्पतालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अनन्या राय ने महिला सीनियर अंतरराष्ट्रीय वालीबाल में जीता रजत पदक

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जिले के रेवतीपुर गाँव निवासी व पश्चिम बंगाल में भारतीय डाक विभाग में कार्यरत बालीवाल महिला टीम की सीनियर अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी अन्नया राय ने गुजरात में आयोजित 36 वें राष्ट्रीय खेल में पश्चिम बंगाल की तरफ से खेलते हुए रजत पदक प्राप्त कर अपने महकमें व जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

इसकी जानकारी परिजनों व खेल प्रेमियों को होते ही खुशी की लहर दौड पडी,लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिला इस सफलता का जश्न मनाया।

मालूम हो कि बीते बुधवार को समापन के अन्तिम दिन खेले गये रोमांचकारी फाइनल मुकाबले में केरल से पश्चिम बंगाल 25-23,36-34,25-20 से पराजित होकर उसे रजत पदक से संतोष करना पडा।इसके पूर्व खेले गये सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल ने 25-18,25-20,25-15 से राजस्थान को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था।

आयोजित इस बालीवाल प्रतियोगिता को दो ग्रुपो में बांटा गया था,पहले ग्रुप में पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु, केरल व कर्नाटक जबकि दूसरे ग्रुप में मेजबान गुजरात,चंडीगढ़, हिमांचल प्रदेश व राजस्थान की टीमों ने प्रतिभाग किया।

बातचीत में अन्नया राय ने बताया कि वह मुख्य रूप से अटैकर खिलाड़ी के तौर पर खेलती है,बताया आज इस मुकाम पर पहुंचने का श्रेय अपने माता पिता का आशिर्वाद व कोच के द्वारा खेल के दिए गये बारिकियों की बदौलत ही वह आज इस मुकाम को प्राप्त किया है,हौंसला व जज्बे से सफलता के



हर शिखर को प्राप्त किया जा सकता है।

मालूम हो कि अनन्या के पिता राजेश राय रुद्रपुर के एकौना थाने के सराव गांव स्थित आचार्य रामचंद्र शुक्ल इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। अनन्या का जन्म 21 जुलाई 1998 को हुआ था। उसकी प्रारंभिक शिक्षा रुद्रपुर में ही हुई।

बचपन से ही वॉलीबाल खेलने की शौकीन थी। पढाई के साथ ही वह वालीबाल में भी रूची रखती थी,वह अब तक दर्जनों राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय मैच खेल कई पदक जीत चुकी है।

## मंडला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीजीआईसी की छात्राओं ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

गाजीपुर।मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 12 एवं 13 अक्टूबर को राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में आयोजित किया गया जिसमें जनपद गाजीपुर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गाजीपुर की छात्राओं ने दो वर्गों में द्वितीय स्थान प्राप्त



किया। पर्यावरण अनुकूल सामग्री में आंचल यादव एवं कुमकुम रस्तोगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पर्यावरण संबंधी सूचनाएं में साक्षी दूबे एवं मुस्कान यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के प्रमुख मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल श्री प्रदीप कुमार रहे।

जिला विद्यालय निरीक्षक गाजीपुर श्री अशोक नाथ तिवारी एवं प्रधानाचार्या शालिनी श्रीवास्तव ने छात्राओं को बधाई दी एवं समस्त विद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## नेहरू युवा केंद्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण गाजीपुर। नेहरु युवा केन्द्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विकास खण्ड सदर के सुसुडी ग्राम सभा में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि संजय सेरपुरिया ने युवाओं व ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर प्लास्टिक से होने वाले प्रदुषण को बताया एवं कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करना हम सभी के लिए हानिकारक है। जिला युवा अधिकारी कपिल देव राम ने कहा कि भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान 2.0 का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत गाजीपुर का 32 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है एवं पूरे देश का एक करोड़ किलोग्राम का लक्ष्य है। सभी का आभार जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रकट किया। इस अवसर पर संजय राजभर, खुश्बू, चंदन, गंगा दूत राकेश, दिलीप, आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अंगद सिंह यादव ने किया।

## गला रेत पर युवक की हत्या

**लक्ष्मीकांत संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर बिरनो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर पुलिया के पास कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा एक बालक का गला रेतने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बिरनो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर मगई नदी के पास एक बालक का कुछ बदमाशों द्वारा बुधवार की शाम लगभग 7:00



बजे जान से मारने की नियत से गला रेता जा रहा था वही कुछ दूरी पर ग्रामीणों के आने की आहट मिलते ही बदमाश मौके से फरार हो गए मौके पर जाकर जब ग्रामीणों ने देखा कि लहूलुहान हालत में एक बालक पड़ा हुआ है तो उन्होंने तुरंत बिरनो पुलिस को सूचित किया जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल बालक का हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया । घायल बालक की पहचान घायल रवि पासवान उम्र 17 पुत्र राजकुमार पासवान शिदऊत थाना कासिमाबाद के रूप मे की गई। घटना के बाद एक्शन में आई बिरनो पुलिस ने फरार अभियुक्तों को घटना के 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विजय प्रजापति पुत्र मोहन प्रजापति 24 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना कासिमाबाद दूसरा अभियुक्त अपचारी किशोर अभिषेक कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र धनई ग्राम सिदउत थाना कासिमाबाद अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बिरनो शीतल चंद्र कांस्टेबल रजनीश भार्गव कांस्टेबल अमर बहादुर सोनकर शामिल रहे गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने एक को जेल भेज दिया वह दूसरे अभियुक्त को अपचारी किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

## नेताजी मुलायम सिंह यादव के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कृने पर सपाजन आक्रोशित

**संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : कस्बे के एक कारोबारी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उनके बारे में आपत्तिजनक फेसबुक पर पोस्ट को लेकर सपा कार्यकर्ताओ में आक्रोश है। सपाजनों ने नगरा पुलिस को ज्ञापन देकर आक्रोश जताया है तथा उक्त कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद कस्बे के एक कारोबारी द्वारा सोशल मीडिया पर आधा दर्जन आपत्तिजनक पोस्ट साझा किया गया था। पोस्ट में कारोबारी द्वारा दिवंगत पूर्व सीएम पर अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। इससे नाराज समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने अतिथि गृह नगरा में बैठक कर कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पर विचार विमर्श किया तथा थानाध्यक्ष नगरा से मिलकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पत्रक सौंपने वालों में जय प्रकाश यादव, अमलेश चौहान, अखिलेश यादव, अब्दुल्लाह शाह, संजय यादव, अनिल यादव, मनोज मितवा, मो मुस्ताक, विनय यादव, हंसनाथ सहित दो दर्जन से उपर सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिजिलेंस की टीम ने चार बड़े बकायेदारों के काटे विद्युत कनेक्शन

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : विद्युत विभाग तथा बिजिलेंस की टीम द्वारा नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान के तहत गुरूवार को सबेरे नगर के छितौनी, स्टेट बैंक गली, मेरूराय का पुरा तथा कोटवारी मोड़ के एक लाख से उपर वाले चार बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटकर विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।



बिजिलेंस टीम का नेतृत्व में जेई ब्रजेश कुमार के साथ सहायक अभियंता विद्युत अनिल कुमार ने किया। सहायक अभियंता ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर ताड़तोड़ छापेमारी अभियान के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 100 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए तथा विद्युत चोरी में लिप्त उपभोक्ताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## राम दहिन सिंह इंटर कॉलेज में समन्वय कार्यक्रम का आयोजन

**विवेक पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

दुबहड़ (बलिया) : सरकार द्वारा ऐसे बच्चों को जो कक्षा 5 के बाद पढ़ाई छोड़ दिये है उनकी आगे की शिक्षा के लिए विशेष दिशा निर्देश दिया गया है



। इसी के दृष्टिगत राम दहिन सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंध तंत्र, प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावकों तथा समीपवर्ती गाँव के प्रधानों के साथ कॉलेज कैम्पस में समन्वय कार्यक्रम तथा विद्यार्थी पहचान पत्र वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर के हुआ बच्चों ने सरस्वती वंदना कर प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह द्वारा उपस्थित अभिभावकों, ग्राम प्रधानों व प्रबुद्ध जन से कॉलेज से जुड़े रहने का आवेदन किया साथ ही साथ उन्होंने ऐसे बच्चों को जो दाखिला नहीं

ले पाए है उनकी आगे की शिक्षा को जारी रखने के लिए समीपवर्ती विद्यालयों , कॉलेज तक भेज कर दाखिला करवाने का आग्रह किया । इस अवसर पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये । मनोज कुमार को बेस्ट स्टूडेंट् के अवार्ड से नवाजा गया । आयोजन में कॉलेज के प्रबंधक अभय सिंह , प्रवक्ता नवीन गुप्ता , पवन कुमार सिंह , राकेश शर्मा , राजेश प्रसाद , शशिभूषण राय, नंद जी यादव प्रधान , मनोज कुमार प्रधान , राजू यादव प्रधान , अर्जुन सिंह प्रबंधक , घनश्याम राय आदि लोग उपस्थित रहे । संचालन राजेश प्रसाद ने किया ।

## सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

रेवतीपुर(गाजीपुर):स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर आज समाजवादी पार्टी के संस्थापक व संरक्षक मुलायम सिंह यादव के श्रध्दांजली सभा किया आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रहकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया । इस दौरान ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कहा कि लोहिया के विचारों पर चलने वाले नेता जी आज हमारे बीच नहीं रहे



लेकिन उनकी याद हमेशा जिवंत रहेगी । रक्षा मंत्री रहते बहुत ही सराहनीय कार्य किए । वे जमीन से जुड़े नेता थे । वे हमेशा समाज के वंचितों, शोषितों की आवाज बने रहे। उन्होंने कहा कि सपा संस्थापक ने जीवन भर किसानों, वंचितों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया। कहा कि मुलायम सिंह यादव चौधरी चरण सिंह एवं डॉ. लोहिया की विचारधाराओं के सच्चे अनुयायी थे। उनके निधन से भारतीय राजनीति के एक युग का अंत हुआ है।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राणा, उपेन्द्र शर्मा,विवेक राय , मनीष राय , जितेन्द्र यादव , रजनीकांत पांडेय, आदित्य नारायन राय, महेंद्र उपाध्याय आदि रहें।

# आपदा प्रबंधन द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर । अंर्न्तराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है । पूर्व में यह` अक्टूबर माह के दूसरे बुधवार को यह दिवस मनाया जाता था। 21 दिसंबर 2009 मे संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा 13 अक्टूबर को प्रतिवर्ष यह दिवस मनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया तभी से 13 अक्टूबर को इस दिवस का दिन आपदा के लिए विशेष दिन और तारीख बन गयी। जैसा कि सूच्य है आपदा न्यूनीकरण कार्यक्रमों के अंतर्गत ही देश मे एन डी एम ए प्रदेश मे एस डी एम ए व जनपद मे डी डी एम ए कार्य करती है । आपदाओं से बचाव व उनके प्रभावों को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समझौतों व गृह मंत्रालय के निदेर्शों के अधीन यह संस्थान लगातार कार्य करते हैं। जनपद गाजीपुर जिलाधिकारी महोदया के कुशल निर्देशन में लगातार आपदा न्यूनीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत अपने जनपद में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम, आपदा मित्र परियोजना,` कृषि चौपाल, दामिनी एप डाउनलोड कार्यशाला, लेखपाल प्रशिक्षण व अन्य जनजागरुकता कार्यक्रम चला कर लगभग` प्रत्येक वर्ष हर उम्र वर्ग व क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाता है। इन सभी कार्यों में सहयोग व जागरुकता स्थापित करने के लिए एन जी ओ` व समाजसेवियों को भी क्रियाशील करने का काम किया गया। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण जनपद गाजीपुर ने जिलाधिकारी महोदया के कुशल निर्देशन में अपरजिलाधिकारी महोदय द्वारा पाला,` ठंड , हीट वेव, यूक्रेन संकट, सूखा और फिर बाढ़ जैसी आपदाओं में जनपद में लगातार आपदा न्यूनीकरण व राहत बचाव कार्य किए । कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पंजीकृत कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जाकरूक किया गया।

तहसीलदार अभिषेक सिह ने बताया कि आपदा को रोका नही जा सकता है लेकिन कुशल प्रबन्धन, व्यवहारिक प्रशिक्षण, धैर्य रखते हुए किसी भी प्रकार की आपदा के प्रभाव को न्यून करने का प्रयास सफल ही होता है। उ०प्र० सरकार एवं भारत सरकार द्वारा समय-समय पर पोस्टर एवं पम्पलेट के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया जाता है । उसे ध्यान से पढे,सुने और उसका अनुपालन करे।

आपदा विशेषज्ञ अशोक राय ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मना रहे हैं तब यह कहना यथोचित होगा की जनपद में अचानक बिना मौसम आयी बाढ़ जिसका जलस्तर` खतरा निशान से` लगभग 1 मीटर से अधिक पहुंच गया था इस चुनौती का सामना किया गया। जनपद में आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने केवल जलस्तर व संभावित बाढ़ की सटीक जानकारी प्रदान की बल्कि सभी तरह की राहत गतिविधियों का ससमय संचालन किया गया। पूर्व में आयी बाढ़ 2021 से जहां 179 गांव प्रभावित हुए थे वहीं इस वर्ष 2022 में 186 गांव प्रभावित हुए। लगभग हर प्रभावित गांवों में राजस्व कर्मियों को आपदा मित्र के रुप में सहयोगी प्राप्त हुए और लगभग हर प्रभावित गांवों में आपदा मित्रों के माध्यम से लाइफ जैकेट व प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भी सुविधा उपलब्ध थी । 2019, 2021, 2022 में बाढ से कोई भी मानव क्षति नही हुआ है। 2020, 2021 में अर्न्तराष्ट्रीय महामारी कोरोना से भी जनपद गाजीपुर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं जनता ने मिलकर सामना किया मानव क्षति का न्यूनीकरण किया गया।

जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के किये गये समस्त कार्य सभी सहयोगी विभागों के द्वारा संयुक्त प्रयास से किये जाते हैं इसलिए इस दिवस के अवसर पर आप सभी सहयोगी विभागों` को जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की तरफ से हार्दिक धन्यवाद।

# 12 नवंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर ।उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, गाजीपुर व वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में 12 नवंबर को किया जाएगा। श्रीमती कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

उक्त के अनुपालन में आज एक आवश्यक बैठक जनपद न्यायालय, गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें जिसमें श्री राकेश कुमार.टप्प्ए नोडल अधिकारी लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, गाजीपुर, श्रीमती कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर, श्री विरेन्द्र कुमार राजकीय पालिटेक्निक कालेज गाजीपुर, श्री बबुआ यादव जिला बेसिक शिक्षा विभाग गाजीपुर व श्री प्रेमचन्द्र उपाध्याय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण कालेज गाजीपुर उपस्थित हुए। बैठक में 12 नवंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए पालीटेक्निक संस्थाओं के छात्रों हेतु स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, प्रव्रजन प्रमाण-पत्र, काशनमनी, चरित्र-प्रमाण, मूल प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में वृहद रूप से चर्चा की गई।

# पीएफआइ का संदिग्ध एजेंट छात्र गिरफ्तार, पूछताछ जारी

*- एटीएस और नगर कोतवाली की संयुक्त टीम ने की छापेमारी – छात्र के प्रतिबांधित संगठन से जुडे.होने के कई सुराग भी मिले*

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : लखनऊ से आई एटीएस की टीम ने शहर कोतवाली पुलिस के साथ पीएफआइ (पापुलर फ्रंट आफ इंडिया) के संदिग्ध छात्र को बुधवार की दोपहर छित्तनपुरा से गिरफ्तार कर लिया। एटीएस को उसके पास से संगठन से जुड़ने होने के कई अहम दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शहर के छित्तनपुरा मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय नासिर जमाल लखनऊ के नदवा ऊर्दू विश्वविद्यालय में मौलवी की पढ़ाई करता है। सात वर्ष की मौलवी के पढ़ाई में वह अंतिम वर्ष का छात्र है। इसके पहले वह हाफिज की पढ़ाई कर चुका है। तीन दिन पहले वह लखनऊ से अपने घर छित्तनपुरा आया था। एटीएस टीम को छात्र के प्रतिबंधित संगठन से जुड़ने के साक्ष्य मिले थे। इसके बाद एटीएस ने जिले की पुलिस से संपर्क किया। बुधवार को दोपहर छात्र को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक उसके पास से पीएफआइ से जुड़े कई अहम दस्तावेज मिले है। प्रतिबंधित संगठन के प्रसार और उसके विचारों के साहित्य भी छात्र के पास से मिले है। साथ ही संगठन से जुड़ाव होने के भी प्रमाण है। गुरुवार को कोतवाली पुलिस छात्र से पूछताछ करती रही। इसमें कई अहम राज भी सामने आए है। पुलिस द्वारा तथ्यों की गहराई से जांच की जा रही है।



छात्र के प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ से संबंध के सभी प्रमाण मिले है। एटीएस की निशानदेही पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले है। सभी बिंदुओं की जांच चल रही है।

# आरोग्य मित्रों की नियुक्ति में लाई जाए तेजी....... जिलाधिकारी

**आयुष्मान कार्ड के कार्यों में न बरती जाए लापरवाही... जिलाधिकारी**

दैनिक समाज जागरण बहजोई । कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के कार्य विभाजन से संबंधित



जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए तथा आरोग्य मित्र की तैनाती की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में कार्यरत एचआर एजेंसी के माध्यम से ही शीघ्र ही आयुष्मान मित्रों की नियुक्ति की जाए। जिससे आयुष्मान कार्ड के कार्यों की प्रगति में बढ़ोतरी हो सके। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पंचायत सहायकों की ट्रेनिंग पूर्ण कराई जाए। और उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड प्रभारी अधिकारी पंचायत सहायकों से समन्वय बनाते हुए आयुष्मान कार्ड की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहें।

सी एच ओ एवं बीसीपीएम को आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं हर सप्ताह इनके द्वारा कितने आयुष्मान कार्ड बनाए गए इसकी रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित की जाए। एचबीएनसी में जो आशाएं विजिट नहीं कर रही हैं उनको प्रभारी के द्वारा क्लस्टर बनाकर मीटिंग कराई जाए ताकि वह होम विजिट का कार्य कर सकें। वीएचएस एन डी सत्र में एचबी एवं यूरिन टेस्ट शत प्रतिशत किए जाएं। एवं सेंटर पर एचबी एवं यूरिन टेस्ट किट की उपलब्धता बनी रहे तथा बजन मशीन सत्र में उपलब्ध रहे। नोडल अधिकारी वीएचएसएनडी सत्र में लगातार भ्रमण शील रहें जो कार्मिक कार्य में लापरवाही बरत कर रहे हैं उनको चिन्हित कर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

पोस्टमार्टम को लेकर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई हादसा होने के बाद कोई भी शव रात्रि में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचता है तो सुबह को शव के पोस्टमार्टम में किसी दशा में देरी ना की जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज कुमार विश्नोई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप कुमार आदिम, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं से संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक व कार की भीषण टक्कर से एक की मौत 5 घायल

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद मिली जानकारी के अनुसार कोटद्वार से ट्रक नंबर ४'15उअ0824 नजीबाबाद की ओर आ रहा था नजीबाबाद से विस्टा कार ढइ08उठ9772 कोटद्वार की ओर जा रही थी अचानक ग्राम जट्टी वाला में दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई कार मे 6 लोग सवार थे सूचना मिलने पर नजीबाबाद पुलिस क्षेत्रधिकारी गजेंद्र पाल सिंह क्राइम इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह थाना प्रभारी राधेश्याम तुरंत मौके पर पहुंचे घायल लोगों को पूजा हॉस्पिटल ले जाया गया जिनमें से सुखजीत सिंह जट्टी वाला को मृत घोषित कर दिया बाकी पांच घायल लोगों की हालत नाजुक देख कर पूजा हॉस्पिटल ने उन्हें मेरठ व बिजनौर के लिए रेफर कर दिया समाचार लिखे जाने



तक 6 लोगों में से एक की मृत्यु हो गई थी बाकी 5 घायल लोगों की हालत नाजुक देखते हुए बाहर के लिए रेफर कर दिया गया था

# असमोली में पाल अस्पताल में एक महिला की मौत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल कार्यवाही की मांग पर अड़े परिजन

दैनिक समाज जागरण सम्भल ।विकास खण्ड असमोली के क्षेत्र में संचालित पाल हॉस्पिटल में आज एक महिला की मौत हो गई महिला के परिजनों ने डॉक्टर की लापरवाही के कारण महिला की मौत हुई हैं मामला थाना असमोली क्षेत्र का है आपको बता दें मदाला फतेहपुर की रहने वाली आस्मिन को 3 दिन पहले प्रसव पीड़ा हुई प्रसव पीड़ा के बाद आस्मिन के पति आसिफ ने आस्मिन को असमोली के पास पाल अस्पताल में भर्ती करा दिया बताया जा रहा है पाल अस्पताल में अब से 3 दिन पहले महिला का ऑपरेशन कर दिया गया और उसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी बताया जा रहा है तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर ने ब्लड की मांग की और मरीज के तीमारदारों ने ब्लड का इंतजाम किया तो वही ब्लड इंतजाम होने के बाद मरीज की और हालत खराब हो गई लेकिन अस्पताल संचालकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए परिजनों ने कहा की मरीज की हालत ज्यादा खराब




होने के बाद भी डॉक्टर ने मरीज को रेफर नहीं किया लेकिन जब मरीज की ज्यादा हालत खराब हुई तो मरीज को हसीना बेगम अस्पताल संभल को रेफर कर दिया हसीना बेगम अस्पताल वालों ने मरीज को देखते ही मुरादाबाद एक निजी अस्पताल को रेफर किया लेकिन मुरादाबाद के निजी अस्पतालों ने के डॉक्टरों ने देखते ही मरीज को मृत घोषित कर दिया जिससे आक्रोश में आकर परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा क्या । महिला का नाम आस्मिन उम्र (23) पति आसिफ उम्र (25)आस्मिन की शादी को मात्र डेढ साल हुए है मौके पर पहुचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है है और मोके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद था जाँच के लिये आये नोडल अधिकारी सन्तोष पटेल ने बताया कि इनके पास न रजिस्ट्रेशन है और न डिग्री। अब इस मामले को एसडीएम देखेंगे तब देखते क्या होता हैं ।

# उप चुनाव गोला विधानसभा नामांकन कक्ष पहुंचे डीएम लिया जायजा

## 139 विधानसभा उपचुनाव नामांकन कक्ष देखने पहुंचे डीएम खीरी महेंद्र बहादुर सिंह

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

लखीमपुर-- जनपद लखीमपुर में कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में 139 विधानसभा गोला गोकर्णनाथ निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें डीईओ/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग स्थलीय निरीक्षण करके नामांकन प्रक्रिया देखी, मौजूद अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह संग पैदल नामांकन स्थल सहित नामांकन कक्ष का जायजा लिया और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए नामांकन प्रपत्र जमा किते जाने के लिए कि गई व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए उप निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिला मजिस्ट्रेट (गोला) अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि नामांकन से संबंधित समस्त प्रपत्रों को पूर्ण करते हुए उपलब्ध रखें जाते। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी निर्देश दिए इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी/तहसीलदार विनोद गुप्ता सहित नामांकन ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

प्रवेन्द्र ने दाखिल किया एक सेट में नामांकन,एक व्यक्ति ने प्राप्त किया नामांकन पत्र



रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि बुधवार को अमन गिरी ने दो सेट में नामांकन स्थल में नामांकन पत्र प्राप्त किया वहीं बहुजन मुक्ति पार्टी रजिस्टर्ड (गैर मान्यता प्राप्त दल)ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया नामांकन कक्ष से अब तक 12 व्यक्तिओ ने 24सेट प्राप्त किए गये है।

# सदर तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों को देखने पहुंचे डीएम एवं सीडीओ

*डीएम खीरी महेंद्र बहादुर सिंह एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने फूलबेहड़ के क्षेत्रीय गांवों में पहुंचकर लिया जायजा बांटी राहत सामग्री*

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

फूलबेहड़ खीरी --- जनपद लखीमपुर खीरी के डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग तहसील लखीमपुर वह विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के अतिवृष्टि सहित नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रहे ग्राम लंगड़ी पुरवा,गूम,पिपरा गूम मेहंदी,खगईपुरवा, गोपालापुर,गौरा, जंगल नंबर 11





का स्थलीय भ्रमण कर राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर ग्रामीणों के साथ समीक्षा कर इस दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह,नायब तहसीलदार शीष त्रिपाठी सहित राजस्व के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। डीएम ने विधायक श्री नगर श्रीमती मंजू त्यागी के संग बाढ़ प्रभावित गांवों के वाशिंदों से बात चीत करके उन्हें हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।इस दौरान उन्होंने प्रभावितो से प्रदान की जाने वाली राहत सामग्री मिलने की पुष्टि की बल्कि अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री से कोई भी प्रभावित एवं पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए साथ ही यह भी कहा कि यह संवेदना और सहयोग का समय है हमारी पूरी टीम एकजुट होकर कार्य करें और सभी बाढ़ से प्रभावित गांवों में हर व्यक्ति को लाभान्वित कर उनका सहयोग करें। सुरक्षा और भरत पोषण के आवश्यक प्रबंध करने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। आप सभी नाव में क्षमता से अधिक व्यक्ति कदापि नाव में सवार होकर यात्रा न करें।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न जलजनित/मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार की आशंका होती है।साथ ही सर्पदंश की घटना बढ़ने की भी संभावना रहती है ऐसे में राहत शिविरों के समीप संचालित स्वास्थ्य शिविर में एण्टी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता जरूर है।

डीएम ने देखा बाढ़ राहत कैंप एवं मेडिकल शिविर

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बाढ़ राहत कैम्प सहित स्वस्थ्य शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की भी पड़ताल किया उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के बाशिंदों को सभी जरूरी मेडिकल सहायता मुहैया कराई जाय इस लिए मेडिकल कैम्प में दवा की उपलब्धता एवं उनके वितरण की जानकारी भी ली और बताया कि जिस व्यक्ति को दवा की जरूरत हो तत्काल उपचार दवा वितरण करो डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों में वितरित होने वाला भोजन भी देखा बाढ़ पीड़ितों में वितरित होने वाले भोजन को भी डीएम ने स्वयं चखा और उसकी गुणवत्ता परखी उसके बाद उसका न केवल वितरण किया बल्कि एसडीएम श्रद्धा सिंह को निर्देश दिया की अपनी मौजूदगी में सभी को भोजन वितरित कराए।इसी दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को भोजन और तिरपाल भी वितरित किया इसमें रामकुमार, बालकुमार, सहजराम, कमलेश कुमार, मिथलेश,अजय कुमार,बराती आदि ग्रामीण भी उपस्थित रहे

# एडिशनल डायरेक्टर ने जानी सीएम अभ्युदय योजना की प्रगति दिये निर्देश

**आईएएस महेंद्र वर्मा जनपद खीरी पहुंचे कलेक्ट्रेट सभागार की समीक्षा**

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी लखीमपुर --- जनपद लखीमपुर में उपाम के एडिशनल डायरेक्टर (आईएएस) महेंद्र वर्मा जनपद खीरी में कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचे उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की गहन समीक्षा कर प्रगति जानी और संबंधित जरूरी निर्देश भी दिए।उपाम के एडिशनल डायरेक्टर महेंद्र वर्मा ने निर्देश दिए कि अभ्युदय पोर्टल पर उपलब्ध मटेरियल



का क्लासेस में उपयोग में लिया जाय जो बच्चों के लिए काफी मददगार में लिया जाय जो बच्चों के लिए काफी मददगार साबित होगा। संचालित कक्षाओं की साप्ताहिक सहमत रिपोर्टिंग की जायेगी यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओ में है। साथ ही सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सीएम अभ्युदय योजना के जनपद में क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी जानकारी दी यह कक्षाएं नौजवानो एवं युवाओं के लिए काफी मददगार साबित हो रही है यह उन्हें भविष्य निर्माण की शुरूआत में योजना के नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने योजना के तहत संचालित यूपीएससी, यूपीपीसीएस जेईई,नीट की क्लासेस संचालित हो रही है। बैठक में वाईडीपीजी कालेज के प्राचार्य डॉ हेमंत पाल,प्रो०संजय कुमार, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या डॉ शालिनी दुबे,डाइट प्राचार्य डॉ जेपी मिश्रा सहित योजना के नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर भी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने सिंगाही वासियों के लिए सीवर प्लांट की थी सौगात

## जल्द मिलेगा सीवर प्लांट जिससे नाले, जलभराव आदि समस्या होगी दूर चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा वासियों को जल्द मिलेगा सीवर प्लांट कस्बे की जलभराव की समास्या को लेकर उससे निजात पाने के लिए चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने बहुत ही जल्द सीवर प्लांट बनवाने के लिए जलशोधन यंत्र के लिए जगह चिन्हित की गई है। जिससे सीवर प्लांट का निर्माण कराया जाएगा जिससे कस्बे में नाले ओवर फ्लो होने, जलभराव आदि अनेक समस्याओ से निजात मिल जाएगी कस्बे के नाले, नालियों के चोक होने,ओवर फ्लो होने के कारण जलभराव आदि की समस्या से आये दिन जूझना पड़ रहा है । बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। साफ सफाई न होने के कारण उफनाते नाले, नालियां नगर के गली मोहल्ले में समस्या का कारण बन रहा है। लेकिन इन समास्या से बहुत जल्द ही नगर वासियों को निजात मिल जाएगी।नगर पंचायत चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने बताया कि केंद्र सरकार के अन्तर्गत एसटीपी योजना से सीवरेज। प्लांट लगाया जायेगा जिसमें कस्बे की सीमा के चारों तरफ सीवर लाइन डालने का काम जल्द ही शुरू होगा सीवर लाइन को कस्बे के अंदर बनाए गए नाले, नालियों से जोड़ा जाएगा जिससे सभी नगरवासियों को जल भराव का सामना नहीं करना पड़ेगा।उधर जल निगम के जेई ने इसके लिए तैयार तैयारियां शुरू कर दी है सिंगाही अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्र ने बताया की शासन के निर्देश पर सीवर प्लांट के लिए नगर क्षेत्र



से बाहर मौजूद तीन जगह जमीनो को देखा भी गया है। जल्द ही इसमें से एक प्लांट को चिन्हित कर उस पर धन आने के बाद काम शुरू करा दिया जाएगा जिससे सिंगाही नगर वासियों को जल भराव समास्या से निजात मिल जाएगी।

# जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर देखी बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याएं।

## आश्रय गृह का में जाकर गरीबों के जाने हाल पूछी परेशानियां ।

**गणेश प्रसाद बुधौलिया की रिपोर्ट**

उरई । विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने उरई नगर के मुहल्ला लहरिया पुरवा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की। उन्होंने भारी वारिस के चलते नालो में आई बाढ़ से गिरे झोपड़ पट्टी में बसे लोगों से बात की साथ ही नगर पालिका के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए डूडा



कालोनी और कांशीराम कालोनी का सत्यापन कराये व उनमें रह रहे अनाधिकृत तरीके से कब्जा करने वालों से खाली कर-।कर जिन लोगों के मकान बारिश से ढह गए हैं उनको लेखपाल और नगर पालिका कर्मचारी मिलकर बेघर हुए लोगों को उनमें बसाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने लेखपाल को ठीक से जबाब न देने पर कड़ी फटकार लगाई। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा ने चिन्हित किए गए परिवारों को राहत सामग्री के 32पैकेट बंटवाए ।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादब, उपजिलाधिकारी सदर सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्यालय में यातायात शिक्षा शिक्षण संस्थाओं में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। यातायात पुलिस बिलासपुर के तत्वावधान में यातायात शिक्षा कार्यक्रम,आम जनों के साथ साथ जिले के स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों को भी सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के आशय से बिलासपुर जिले




की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल माथुर के दिशा निर्देश में इन दिनों यातायात पुलिस के द्वारा लगातार शिक्षण संस्थाओं में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस परिपेक्ष में बुधवार को जिला रोड सेफ्टी सेल यातायात बिलासपुर के सब इंस्पेक्टर उमा शंकर पांडे एवं आरक्षक भूनेश्वर मरावी रोशन खेस के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुदंड में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम प्रभारी उमा शंकर पांडे ने स्कूली बच्चों को सड़क में प्रवेश करने के नियम, यातायात संकेत, नवीन मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी के साथ-साथ दुर्घटना के कारण एवं निवारण की सविस्तार जानकारी दी गई। इसके अलावा गुड सेमी रिटर्न के संबंध में बच्चों को बारीकी से बताया कार्यक्रम के अंत में सभी को सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में लगभग 450 स्कूली छात्र छात्राओं सहित स्कूल स्टाफ ने भाग लिया।

## जन्मदिन की पार्टी देने के लिए पैसा न देने पर नाराज किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । शहर कोतवाली क्षेत्र के छावनी (कनवारा) निवासी रूबी (15) पुत्री सभाजीत का मंगलवार को जन्म दिन था।

किशोरी ने जन्म दिन की पार्टी के लिए माता पिता से पैसे मांगे। पिता ने कहा कि वह मजदूरी करके घर चलाता है। पार्टी के लिए उसके पास पैसा नहीं है। पिता मजदूरी करने चला गया। मां पड़ोस में गई थी। सूना घर पाकर किशोरी ने छप्पर की लकड़ी में रस्सी से फंदा लगा लिया।

मां पड़ोस से लौटी तो किशोरी को फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चचेरे भाई चंद्रशेखर ने बताया कि किशोरी कक्षा-8 तक पढ़ी है। आर्थिक तंगी के कारण दो साल पहले पढ़ाई छोड़कर घर का कामकाज करती थी !

## भगवान राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम के आदर्शों पर चलो :मिट्ठनलाल जैन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो निखिल त्यागी बागपत

बागपत : सरस्वती शिशु मंदिर टटीरी के श्री मिट्ठन लाल जैन सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार जी ने की। मुख्य वक्ता जोगेंद्र जी जिला कार्यवाह आर एस एस ने भगवान राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इसी के साथ-साथ वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किए जा रहे सामाजिक एकता तथा सामाजिक परिवर्तन की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। संघ की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रवीन चंद खंड सह संघचालक, उपेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्यडॉक्टर सुभाष त्यागी,पवन ठेकेदार, एडवोकेट नीरज शर्मा, हिन्दू जागरण मंच जिला सहसंयोजक सत्यवीर ठाकुर,मनोज भारद्वाज, राकेश मोहन आदि अनेक स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

## डॉ राजन कुमार ने महिला सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा गुरुवार को करवा चौथ व्रत के शुभ अवसर पर श्री नारायण सांस्कृतिक चेतना न्यास एवं श्री चित्रगुप्त सभा ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 55 में काम करने वाली 9 महिला सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ राजन कुमार ने सर्व प्रथम स्वच्छ जल से सभी महिलाओं के चरणों को धोया। हालांकि ज्यादातर ने पैर नहीं धुलवाए। इसके बाद इन महिलाओं को शाल ओढ़ाकर व साड़ी, श्रृंगार का सामान, मिष्ठान साथ में नगद रूपए देते हुए सभी को सम्मानित किया और सेक्टर की सफाई में इनके द्वारा दिनभर की जाने वाली अथक परिश्रम की



सराहना की। संस्था के अध्यक्ष डॉ राजन कुमार ने कहा कि करवा चौथ का व्रत होने के बावजूद ये लोग काम कर रहे हैं ताकि हम सेक्टर वासी बिमारियों से बच सकें। डॉ राजन कुमार द्वारा सम्मानित होने के बाद इन महिलाओं ने उनके महान जनहित के परोपकारी कार्यों को सराहा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद राजन कुमार ही ऐसे महान व्यक्ति हैं जिन्होंने हमें सम्मानित करने के बारे में सोचा।इस दौरान अतुल नागपाल, गब्बर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## चित्रगुप्त मंदिर कमिटी की बैठक 16 को

अररिया। आगामी 16 अक्टूबर 2022 को श्री लक्ष्मी नारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर में एक अनौपचारिक बैठक दिन के 10:00 बजे प्रातः मंदिर परिसर में आहूत की गई है. इसमे मंदिर कमिटी से जुड़े सभी भक्तजनों को उपस्थित रहने की अपील की गई है. यह जानकारी चित्रगुप्त नगर स्थित वार्ड 21 में बने श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री चित्रगुप्त मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद शरण वर्मा ने दी है. प्रस्तावित बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर कमिटी के अध्यक्ष श्री शरण ने बताया कि आगामी 27 अक्टूबर को होनेवाले चित्रगुप्त पूजा एवं 28 अक्टूबर को महाभोग अन्य वर्षों की भांति इस बार भी शानदार ढंग से संपन्न हो, इस महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श हेतु बैठक आयोजित की गई है.

अध्यक्ष श्री शरण ने सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालु से आग्रह करते हुए अपील किया है कि इस बैठक में उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य विचारों से आदान प्रदान करें इस यज्ञ को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें.

# छत्तीसगढ़ किसान मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम में विधानसभा जैजैपुरक्षेत्र पहुंच छपोरा में स्कूल छात्रों के साथ वृक्षारोपण करते हुए क्षेत्र में अनेक सौगात

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

शक्ति। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत सक्ती जिले के जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। जहां कांशीगढ़ पहुंच जहां उनका स्वागत राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बिलासपुर संभागायुक्त डॉ संजय अलंग, आईजी रतनलाल डांगी, सक्ती जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी बिलासपुर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्याम कश्यप सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हाथ मिलाकर सबका अभिवादन स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांशीगढ़ में मां चंद्रहासिनी देवी के मंदिर पहुंचे और यहां पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आम का पौधा भी लगाया। वहीं छपोरा में स्कूली



छात्राओं के साथ स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

बुधवार 12अक्टूबर 2022को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात को संबोधित करते हुए कहा कि हम जो भी योजनाएं बनाते हैं, उसका जमीनी क्रियान्वयन देखने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनने के बाद सबसे पहले ऋण माफी का फैसला लिया। किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दिवाली के पहले 17 अक्टूबर को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की तीसरी किस्त आ जाएगी। त्योहार मनाने और धान की कटाई के लिए पैसे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक दो किस्त मिल चुके हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री जांजगीर प्रभारी अर्जुन तिवारी, बिलासपुर जिलाउपाध्यक्ष श्याम कश्यप सहित विभिन्न पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गौरक्षा समिति को बांदा शहर के विभिन्न मोहल्लों में लंपि वायरस से पीड़ित गोवंश मिले।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा ।शहर के कालू कुआं मैं एक गोवंश लंपि वायरस से पीड़ित पाई गई तथा बिजली खेड़ा मोहल्ला पर लगभग दो से 3 गोवंश लंपि वायरस से पीड़ित पाए गए विश्व हिंदू महासंघ और अच्छा समिति के पदाधिकारियों सूचना मिलने पर तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया तुरंत जी पशु चिकित्सक अपनी टीम के साथ पहुंचकर उन सभी गोवंश का इलाज करवाया गया तथा उनको ओम आइसोलेशन भी करवाया गया जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लंबी वायरस से गोवंश लगातार पूरे जिले में तथा नगर में भी मिल रहे हैं जो भी गोवंश मिल रहा है उनका तुरंत समुचित इलाज करवाया जा रहा है तथा जागरूकता अभियान के तहत सभी को जागरूक भी किया जा रहा है कि अपने अपने गोवंश बांध के रखें अन्यथा इस वायरस के चपेट में आपके गोवंश आ सकते हैं जिस से भयंकर बीमारी हो सकती



है और जिस गोवंश को यह वायरस हो जाता है उस गोवंश की मृत्यु निश्चित होती है इलाज के दौरान पशु चिकित्सक टीम भोला सिंह जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति, शुकीर्ति गुप्ता आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे !

## अतर्रा बार काउंसिल ने अधिवक्ता की मौत पर परिजनों को दिया आर्थिक मदद।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा ।अधिवक्ता की मृत्यु पर बार काउंसिल ने परिवारी जनों को पहुंचाई डेढ़ लाख की आर्थिक सहायता बार कौसिल के पूर्व चेयर मैन ने घर पहुंच कर अधिवक्ता की पत्नी को चेक देकर मदद किया और परिजनों को सांत्वना देते हुए भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। कस्बे के लखन कॉलोनी निवासी अधिवक्ता नत्थू प्रसाद गुप्ता का लगभग 1 वर्ष पहले सामान्य बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी जिसको लेकर बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन देवेंद्र मिश्रा नगरहा से अधिवक्ता संघ अतर्रा की ओर से परिवारी जनों की मदद की अपील की गई थी। जिस पर बार काउंसिल पूर्व चेयरमैन देवेंद्र मिश्रा नगरहा की पहल पर 1 वर्ष बाद आखिर अंतः बुधवार के दिन श्री नगरहा अतर्रा पहुंच अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, महासचिव मनोज द्विवेदी के साथ दिवंगत अधिवक्ता के घर पहुंच उसकी पत्नी मंजुला गुप्ता को डेढ़ लाख धनराशि का चेक दे कर मदद किया। आर्थिक मदद पा कर परिजनों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है

## बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने कहा धरतीपुत्र मुलायम सिंह को दिया जाए भारत रत्न पुरस्कार

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला ।

बांदा । आज अनशन के 26वे दिन बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग की है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक और यूपी के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" देने की मांग की है !

बुंदेलखंड इंसाफ सेना के* पदाधिकारियों ने यह भी कहा है कि धरती पुत्र स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी ने हमेशा सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है और राष्ट्र के प्रति अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है,स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री और एक बार रक्षा मंत्री भी रहे हैं लेकिन वह हमेशा जमीन से जुड़े नेता रहे हैं, उन्होंने आजीवन गरीब कल्याण की राजनीति की है, आज उनके निधन से पूरा देश शोकाकुल है,और सभी में निराशा का भाव भी है, ऐसे में उनके करोड़ों चाहने वाले और समाजवादी विचारधारा के हर सिपाही की भावनाओं का ख्याल रखते हुए स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" देने की अविलंब घोषणा की जाए तो देश हित में बेहतर होगा। इस मौके पर रामप्रताप कसौधन, प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, राम सजीवन, रामेश्वर , सीएल सिंह, पप्पू महाराज, सहदेव आदि लोग मौजूद रहे !

## मानसिक जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पैरामेडिकल में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । आज जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम मानसिक जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पैरामेडिकल नर्सिंग इंस्टिट्यूट में जाकर जागरूकता शिविर का आयोजन कराया।*

जागरूकता के अंतर्गत मनोरोग चिकित्सक डॉ0 हर दयाल ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि मानसिक रोग की संभावना बढ़ रही हो तो अपनी भावनाओं पर काबू रखें। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ से हमेशा दूरी बनाकर चलें साथ ही एकाग्रता जरूरी है साथ ही संतुलित भोजन करने की सलाह दी जिसमें अंकुरित बीज, सेम, जई, आदि का सेवन करे। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ0 रिजवाना हाशमी ने बताया कि यदि मानसिक रोग की शुरूआत हो रही हो तो सबसे अच्छे काउंसलर घर में माता पिता स्कूल में अध्यापक व अच्छे मित्र भी हो सकते हैं फिर भी काउंसलिंग की आवश्यकता हो तो जिला चिकित्सालय पुरुष बांदा में ओ पी डी 4 मनकक्ष मैं आकर काउंसलिंग करा सकते हैं। मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मानसिक रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है यह एक प्रकार का मनोविकार है जिस्को हम स्वतः व दूसरों की मदद से काउंसलिंग द्वारा ठीक कर सकते हैं साथ ही प्रातः उठकर ध्यान प्राणायाम करें जिससे मानसिक एकाग्रता बनी रहे। साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने विद्यार्थियों से मानसिक रोग से संबंधित प्रश्नोत्तरी किया जिसका बच्चों ने उत्तम जवाब दिया। केश रजिस्ट्री असिस्टेंट अनुपम त्रिपाठी सहायक अशोक कुमार ने विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर करवाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में उद्घोसक ज्ञानचंद का पूर्ण सहयोग रहा। पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सफीना सईद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रश्नोत्तरी में विजेता विद्यार्थियों को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की ओर से पुरस्कृत किया गया है !

## बांदा। आईटीआई बांदा में पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिए जाएंगे।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला ।

बांदा ।आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए बेहतरीन मौका है। बुधवार को मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं के प्रवेश के बाद अब ए और बी वर्ग में शामिल ट्रेड में 82 सीटें रिक्त

iti Industrial Training Institute | Skill India कौशल भारत-कुशल भारत
आईटीआई

हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए 59 आवेदन आ चुके हैं। इनका रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है।

मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अंतिम तिथि थी। यहां फिटर और वेल्डर में एक-एक सीटों पर प्रवेश हुआ। इसी तरह मशीनिस्ट व आरएसी में एक-एक प्रवेश हुए। चार सीटें भरने के बाद अब संस्थान के पास 82 सीटें बचीं हैं। इनमें गुरुवार से खुला प्रवेश दिया जाएगा।

आईटीआई में 542 सीटों में 82 सीटें रिक्त हैं। इनमें वर्ग ए की ट्रेड में कास्मेटोलॉजी में तीन, ड्राफ्ट मैन में एक, फैशन डिजाइन एंड टेक्नालॉजी में दो, मैकेनिक में एक, स्टेनोग्राफर में एक सीट रिक्त है। इसी तरह वर्ग बी कारपेंटर में 14, सेविंग टेक्नालॉजी में 26, सीट मेटल में 23, वेल्डर में 11 सीटें रिक्त हैं।

आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आरके मौर्य ने बताया कि प्रवेश के लिए शैक्षणिक अभिलेख जैसे हाईस्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज के पांच एक जैसे रंगीन फोटोग्राफ, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, मेडिकल आफिसर द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र लेकर आना है !

# दीपक जलाकर अज्ञान का अंधकार मिटाकर अपने जीवन में ज्ञान के प्रकाश के लिए पुरुषार्थ करें : व्यापार मंडल अध्यक्ष मुदित जैन

दैनिक समाज समाचार ब्यूरो निखिल त्यागी

महावीर का निर्वाण हुआ हमने दिए जलाए,राम अयोध्या वापिस आये हमने दिए जलाए,लक्ष्मी जी प्रकट हुई हमने दिए जलाए,दयानन्द सरस्वती का निर्वाण हुआ हमने दिए जलाए,आखिर हमने दिए ही क्यों जलाए ,महावीर को राम को दयानन्द सरस्वती को ,लक्ष्मीको हम जिनके नाम का दिया जलाते हैं हमारे दियों से उन्हेंआखिर क्या मतलब है ?हम में से कोई नही जानता ।बस जला रहे हैं एक परम्परा बना ली है ।कोई कोई दिए के स्थान पर मोमबत्ती जला रहा तो कोई बिजली के बल्ब,लड़ी आदि ।एक परम्परा का निर्वहन हो रहा है ।क्यों कर रहे हैं सब अनजान हैं ।एक दिन कोई विधर्मी आएगा हमारी परंपरा को गलत सिध्द कर देगा,इसलिये सिध्द कर देगा क्योंकि हमारे पास इसका कोई जवाब है ही नही ।हम उसकी बातों में आएंगे अपने बड़ों को मूर्ख बताएंगे,और परम्परा से मुँह मोड़ लेंगे ।कोई हमे मूर्ख सिध्द करे,हमारी परंपरा को गलत सिध्द करे हमे अपनी परम्परा को जानना चाहिये कि हम ऐसा क्यों कर रहे हैं ।हमे जान लेना चाहिये कि जो दिए हम जला रहे हैं चाहे जिसके नाम का जलाए मगर महत्व उस दिए का ही है ,उस महत्व को जाने ।दीपक को सकारात्मकता का प्रतीक व दरिद्रता को दूर करने वाला माना जाता है। दीपक जलाने का कारण यह है कि हम अज्ञान का अंधकार मिटाकर अपने जीवन में ज्ञान के प्रकाश के लिए पुरुषार्थ करें। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार पूजा के समय दीपक लगाना अनिवार्य माना गया है। आमतौर पर विषम संख्या में दीप प्रज्जवलित करने की परंपरा चली आ रही है। घी का दीपक लगाने से घर में सुख समृद्धि आती है। इससे घर में लक्ष्मी का स्थाई रूप से निवास होता है। घी को पंचामृत यानी पांच अमृतों में से एक माना गया है। किसी भी सात्विक पूजा का पूर्ण फल प्राप्त करने के लिए घी का दीपक और तामसिक यानी तांत्रिक पूजा को सफल बनाने के लिए तेल का दीपक लगाया जाता है।

वैज्ञानिक कारण दिवाली के दिन दिये जलाने के वैज्ञानिक कारण भी है।



दरअसल, ये वो समय है जब मौसम में बदलाव होता है। वर्षा ऋतु के बाद शरद ऋतु का आगमन होता है। कहा जाता है कि मौसम बदलने से मच्छरों का प्रकोप एका एक बढ़ जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, दिये जलने से मच्छर उस ओर आकर्षित होते हैं और दिये की ओर जाते हैं और दिये से जलकर मर जाते हैं। यही कारण है कि दिवाली के दिन दिये जलाना शुभ माना जाता है।

दीपावलीका त्योहार कार्तिक मास की अमावश्या को मनाया जाता है ।वर्षा ऋतु के कारण हमारे रहने के स्थान पर सूक्ष्म जीवों के साथ साथ बड़े जीव भी इन स्थानों पर पैदा हो जाते हैं जो कि मनुष्य जाति के लिये खतरा बन जाते हैं ।अतः शरद ऋतु के आगमन पर हम अपने घर की साफ सफाई व रँगाई पुताई कर इन जीवों के पनपने के स्थान को समाप्त करते हैं ।स्थूल जीव तो साफ सफाई से समाप्त हो जाते हैं परंतु सूक्ष्म जीव वायु मण्डल में फैल जाते हैं,जिन्हें केवल अग्नि द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है ।चूंकि जीव सम्पूर्ण वायुमण्डल में फैल जाते हैं तो उन्हें समाप्त करने के लिये ज्यादा अग्नि की जरूरत पड़ती है और सम्पूर्ण जगह जरूरत पड़ती है तो हमारे बड़े बुजुर्गों ने इस पर चिंतन करते हुए धार्मिक आस्था से जोड़कर कार्तिक मास की अमावस की दिन निश्चित किया कि इस दिन सामूहिक रूप से अपने रहने के स्थान पर प्रत्येक जगह दीप प्रज्वलित करें जिससे वायुमण्डल में एक साथ उन हानिकारक सूक्ष्म जीवों पर हमला किया जा सके ।इसीलिये दीपावली के दिन घ,दफ्तर,दुकान आदि के कोने कोने में दीप प्रज्विलित किया जाता है ताकि सूक्ष्म जीव कहीं भी छिप न सके। इन हानिकारक सूक्ष्म जीवों को सामूहिक प्रयास से ही समाप्त किया जा सकता है इसलिये सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन का दिन और समय निश्चित किया गया।

अब इस अवसर पर मिष्ठान वितरण क्यूँ ।ये भी वैज्ञानिक कारण है ।शरद ऋतु के आगमन पर घर आदि की साफ सफाई से गन्दे धूल के कण वायुमण्डल में फैलते है जो कि स्वास के साथ हमारे शरीर मे जाते हैं ।धूल के कण की शरीर से सफाई करने के लिये मीठा सबसे सरल उपाय है ।मीठी वस्तु के साथ चिपककर ये कण मल के साथ शरीर से बाहर आ जाते हैं ।और शरीर को निरोगता प्रदान करते हैं ।तथा साथ ही मौसम परिवर्तन के कारण इस समय रक्त गाढ़ा होने प्रारंभ हो जाता है ।जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है और शरीर को ज्यादा एनर्जी की जरूरत होती है जिसके पूर्ति मीठे से बड़ी आसानी से हो जाती है ।इसलिये इस अवसर पर मिष्ठान वितरण की परंपरा विकसित की गई ताकि प्रत्येक व्यक्ति को निरोगता प्रदान की जा सके ।हमारे बड़े बुजुर्गों की प्रत्येक परम्परा में सामाजिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक सोच का समावेश रहा है।

# प्रदेश के अनुसूचित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब किसानों को कम ब्याज दर पर 05 लाख रुपए तक उपलब्ध होगा ऋण

### प्रदेश के गरीब अनुसूचित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों को मिल सकेगा 10 लाख तक का शिक्षा ऋण

समाज जागरण

लखनऊः 13 अक्टूबर, 2022 उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 द्वारा प्रदेश के अनुसूचित वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब किसानों एवं उक्त वर्ग के लोगों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, इससे अनुसूचित वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब लाभान्वित होंगे तथा उन्हें खेती एवं रोजगार में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कैबिनेट द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एन0बी0सी0एफ0डी0सी0) तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एन0एस0एफ0डी0सी0) के पक्ष में 200 करोड़ रुपए की शासकीय गारंटी का अनुमोदन दिया गया है।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जेपीएस राठौर ने आज यहां बताया कि प्रदेश में पहली बार अनुसूचित वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के गरीब किसानों एवं उक्त वर्ग के लोगों को खेती एवं लघु उद्यम स्थापित करने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, इसके साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य करने एवं लघु उद्योग स्थापित करने के लिए लगभग 04 से 06 प्रतिशत की ब्याज दर पर अधिकतम रुपए 05 लाख तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए लगभग 04 प्रतिशत की दर से रुपए 10 लाख तक का शिक्षा ऋण 05 से 07 वर्ष की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

श्री राठौर ने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा लगभग 09 से 10 प्रतिशत की ब्याज से शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। गरीब किसानों को कम ब्याज पर ऋण मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

## बाढ़ या अन्य आपदा से दुःखद मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को 04 लाख रु0 की अहेतुक सहायता दी जाएगी

लखनऊः 13 अक्टूबर, 2022 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद बस्ती में हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने हेंगापुर सर्वोदय विद्यालय, दुबौलिया में स्थापित राहत वितरण शिविर में बाढ़ प्रभावितों का कुशलक्षेम पूछा और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की गई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अप्रत्याशित बाढ़ के संकट में केन्द्र व राज्य सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रभावित परिवारों को युद्धस्तर पर राहत सामग्री वितरित की जाए तथा राहत एवं बचाव कार्य हेतु नाव एवं मोटर बोट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को लोगों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के पशुओं के लिए भूसे-चारे की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद बस्ती के 70 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। यह अप्रत्याशित है। पहाड़ों पर हुई वर्षा का पानी आ

# प्यार और विश्वास का पर्व है करवा चौथ : एडवोकेट स्मिता कोहली

पटौदी/सुरेश कोहली : आज करवा चौथ का पर्व खासतौर से महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है।इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उमर और जीवन भर साथ मिलकर रहने की मंगल कामनाएं करती है।भारतीय मान्यताओं के अनुसार चांद निकलने पर छलनी से अपने पति का चेहरा देखकर उनका आशीर्वाद भी लेती है।महिलाओं में सीनियर एडवोकेट स्मिता कोहली का कहना है की पति -पत्नी में विश्वास और अच्छी सोच का होना बहुत जरूरी है।तभी जाकर जीवन भर रिश्ता अच्छे से चलता है।वहीं निशा,नीतू,सीमा, पुष्पा,ज्योति,रीना,अंजू, मंजू,पूनम,रेखा,प्रियंका, दीपिका,रजनी,सरोज, खुशबू आदि महिलाओं का कहना है की करवा चौथ का पर्व भारतीय संस्कृति को दशार्ता है।पति -पत्नी में एक दूसरे को लेकर समर्पण की भावना का होना बहुत जरूरी है।



# पटौदी में रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**पटौदी/ सुरेश कोहली दैनिक समाज जागरण**

आज अनाज मंडी जटोली में ओमप्रकाश चंद्रभान की फड़ पर गॉड ब्राह्मण सभा के प्रधान गुलशन शर्मा द्वारा केक काटकर एवं लड्डू बाटकर सांसद अरविंद शर्मा का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गुलशन शर्मा ने बताया की हमारे नेता जी छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर चलते है। आज बड़े ही खुशी का दिन है जो आज सांसद जी का जन्म दिन है। जगह-जगह पर आज शर्मा जी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है सांसद अरविंद शर्मा लोक प्रिय नेता है। अवसर पर गुलशन शर्मा, रिटायर्ड डीएसपी विक्रम चौहान ,पूर्व पार्षद परवीन यादव, पार्षद पति दयानंद( नैनू शर्मा), तीर्थ राम चौहान, सतीश चौहान, गुड्डन,रामोतार शर्मा, दौलत शर्मा,संजय भारद्वाज, रामनिवास शर्मा हकदारपुर, आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



# पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 14अक्टूबर )पति की लंबी आयु की कामना के लिए महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का व्रत रखा। निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की है। रात के समय चांद को देखने के बाद महिलाएं अपने पति का चेहरा देखकर व्रत पारण किया।



करवा चौथ की कहानी

करवा चौथ व्रत की शुरूआत हजारों वर्ष पूर्व रानी वीरमति ने की थी। रानी वीरमति ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था। इसके बाद से ही महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखने लगी।

जमकर खरीदी हुई

महिलाओं ने एक दिन पहले ही जमकर खरीदी किया।जिसमें कपड़े से लेकर पूजा में लगने वाला सामान, मेहंदी आदि की जमकर खरीदी किया।महिलाएं सुबह से ही सज सवंर कर पूजा के लिए तैयारी शुरू कर दिया था।हालांकि मौसम के बिगड़े मिजाज से चांद के देरी से निकलने की वजह से महिलाओं ने अपना व्रत देर से तोड़ा।बहरहाल पूरे जिले में महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास कर पूजा किया।

## राष्ट्रीय कल्याण मंच का स्थापना दिवस 24 अक्टूबर को

### मेधावी छात्र व शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित

गोसाईगंज लखनऊ 13 अक्टूबर 2022 को राजधानी लखनऊ की विधान सभा क्षेत्र मोहनलाल गंज के गोसाई गंज में राष्ट्रीय कल्याण मंच कैम्प कार्यालय रत्ना मैरिज लॉन में राष्ट्रीय कल्याण मंच के 24 अक्टूबर को होने वाले स्थापना दिवस की तयारी बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारियों से लेकर जिला व विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने हिस्सा लिया सभी ने स्थापना दिवस समारोह धूम धाम से मनाया जाएगा इस चर्चा की संगठन के अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मेधावी छात्रों शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा राष्ट्रीय कल्याण मंच के अध्यक्ष आमोद कुमार रावत वैसे भी सामाजिक व्यक्ति हैं जोकि पार्टी के माध्यम से ही अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के सहयोग से विभिन्न जिलों में जो भी गरीब अथवा किसी के साथ किसी भी अधिकारी और कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार हो रहा हो तो अपने पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों के साथ सदैव अग्रसर रहते हैं और वास्तव में ऐसे व्यक्तियों की समाज को आवश्यकता है आगामी 24 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों तथा क्षेत्र वासियों सहितबड़े ही हर्षोल्लास से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा



# जिला नामदेव समाज ने मोहमद अकबर को मीटिंग कर भवन स्वीकृति पर जताया आभार

## नामदेव समाज का कामकाजी बैठक सम्पन्न हुआ

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

कवर्धा । कवर्धा के स्थानीय रेस्टहाउस में नामदेव समाज की कामकाजी बैठक किया गया कार्यक्रम का शुरूवात संत नामदेव महराज भगवान विठ्ठल के पूजन अर्चना करके कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए, मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पर चर्चा हुआ जिसमें मोहम्मद अकबर वन मंत्री द्वारा 10 लाख के सामाजिक भवन की स्वीकृति करने पर उन्हें समाज के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।उसके बाद ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने जो जमीन उपलब्ध कराई उनके लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया अंत में सभी सदस्यों ने उक्त जमीन पर भवन के निर्माण को लेकर एक दुसरे को भी बधाई देते रहे ,मीटिंग में आने के लिए सभी का आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष अभिताब नामदेव ने करते हुए मीटिंग समापन की घोषणा की बैठक में प्रमुख रूप से नामदेव समाज के वरिष्ठ गण और युवा साथी सर्वश्री रवि शंकर नामदेव, कैलाश नामदेव, चंद्र कुमार नामदेव, सुरेश नामदेव पिपरिया, शेखर नामदेव पिपरिया ,मनोज नामदेव, विजय नामदेव, राजेंद्र नामदेव, बसंत नामदेव बोडला ,जितेंद नामदेव,मनोज नामदेव,सुनील आनद नामदेव पिपरिया, हरीश नामदेव, बिहारी लाल नामदेव, सुरज नामदेव भोरमदेव,धर्म राज नामदेव, राजू दीप्ति टेलर, कृष्ण कुमार नामदेव बोडला, गोलू नामदेव सभी मौजूद रहे।




# कानपुर में पांडु नदी के बहाव में गुम हुए दो युवक ,पता अब तक नहीं

## जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे खबर मोटरसाइकिल का बैलेंस बिगड़ने से पांडु नदी में जा गिरे यूको का पता अब तक नहीं ,गोताखोरों के जरिए तलाश में जुटी पुलिस

सुनील बाजपेई

कानपुर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल का बैलेंस बिगड़ने से दो युवक पुल से नीचे पांडव नदी के तेज बहाव में जा गिरे तक सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों पांडव नदी की तेज बाहों में गुम हो चुके थे पुलिस को परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक घटना के समय दोनों युवक पनकी में जन्मदिन की पार्टी मना कर घर लौट रहे थे । लेकिन तभी पांडु नदी पर बने अस्थाई पुल को पार करते समय दोनों मोटरसाइकिल समेत नदी में जा गिरे। मामले की जानकारी पर गोताखोरों की मदद से लापता हुए दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। हालांकि पुल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में फंसी बाइक को बाहर निकाल लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर में मोबाइल की दुकान चलाने वाले ढकना पुरवा निवासी 22 वर्षीय तौफीक का 21 वर्षीय दोस्त बाइक रिपेयरिंग का काम करने वाला जूही निवासी तौफीक सलमान के साथ पनका बहादुर नगर अपने मित्र विजय उपाध्याय के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए गया था। जहां से बीती देर रात बाइक से दोनों वापस लौट रहे थे। फिलहाल गोताखोर पांडव नगरी में दोनों की तलाश कर रहे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है



# आयुष मंत्री ने सातनारी जलाशय निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 14अक्टूबर )सातनारी जलाशय का कार्य पिछले 40 वर्षों से अधूरा पड़ा था। इसके कारण इस क्षेत्र के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए वर्षा जल पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब सातनारी जलाशय का कार्य 40 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रारंभ होने जा रहा है। इस जलाशय का शेष कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जायेगा। इस जलाशय के बनने से बुढ़ियागांव, टाकाबर्रा, अलीटोला, खुरसोड़ा एवं खराकौना के ग्रामीणों एवं किसानों के लिए विकास के नये द्वार खुल जायेंगें। इस जलाशय से मत्स्य पालन एवं पर्यटन से इस क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होंगें। यह बातें मध्यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने ग्राम बुढ़ियागांव में सातनारी जलाशय के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कही। आयुष मंत्री ने कहा कि आज का दिन बुढ़ियागांव के लिए बड़ी सौगात का दिन है। आज सातनारी जलाशय का निर्माण करने के लिए भूमिपूजन होने के साथ ही यहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है और मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान का शिविर भी लगा है। प्रदेश एवं केंन्द्र सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए बहुत सी योजनायें बनायी गई है, उनका लाभ लेने के लिए जनता को भी जागरूक होकर आगे आना होगा। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में पात्रता होने के बाद भी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित ना रहे। मंत्री श्री कावरे का ग्रामीणों ने उत्साह के साथ किया स्वागत लामता क्षेत्र के ग्रामीण सातनारी जलाशय का काम प्रारंभ हो जाने से क्षेत्र की जनता बहुत खुश है।सात नालों के संगम स्थल पर बनने के कारण इस जलाशय को सातनारी नाम दिया गया है। 05 मई 1980 को कमिश्नर जबलपुर संभाग द्वारा इस जलाशय के निर्माण के लिए 24 लाख 80 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति राहत मद से प्रदान की गई थी। 1984 तक इस योजना में शीर्ष कार्य को 50 प्रतिशत एवं नहर कार्य को 50 प्रतिशत पूर्ण कराया गया था। लगभग 40 वर्षों से इस जलाशय का कार्य अपूर्ण स्थिति में रहा है।



# 14 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल होंगे जिले के युवा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 14अक्तूबर )युवाओं को संस्कृति, व्यक्तित्व विकास की जानकारी देने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के द्वारा डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर सुधीर कुमार कमांडेंट 123 बटालियन, रश्मि शबनम गुप्ता जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र के द्वारा बिरसा विकास खंड के 39 युवाओं का दल 14 आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर एवं भारत माता के जयकारे के साथ रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक, खेलकूद, मोटिवेशन प्रोग्राम सहित प्रसिद्ध हस्तियों राजनेताओं , फिल्म जगत के हस्तियों के साथ शामिल होने का अवसर है! आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से युवा अपना व्यक्तित्व का विकास करेंगे एवं संस्कृति रहन सहन, कैरियर संबंधी जानकारी जान पाएंगे। शामिल होने जा रहे युवाओं को बालाघाट से नई दिल्ली तक जाने एवं उन्हें सकुशल वापस लाने हेतु 123 बटालियन द्वारा 2 महिला सुरक्षाकर्मियों क्यों युवाओं के लिए 3 पुरुष सुरक्षाकर्मी तैनात कर सुरक्षा मुहैया उपलब्ध कराई जा रही है।

# असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा में क्लब त्रिनयनी ने ईशान दी और पूजा कि।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : क्लब त्रिनयनी ने हरेकृष्णा एमवी स्कूल परिसर, दुल्लभछड़ा हॉस्पिटल रोड, अमृतयोग में 'ईशान' दी और पूजा' पूरी की। पुरोहित संदीप चक्रवर्ती ने 2022 के काली पूजा और दीप उत्सव के मद्देनजर वैदिक परंपरा के अनुसार पोल पूजा और ईशान को पूरा किया। क्लब के अध्यक्ष अंशुमान पाल, कार्यकारी अध्यक्ष असीम देव, सचिव अलक घोष, कोषाध्यक्ष भास्कर देबनाथ, संरक्षक बिस्वजीत कैरी और सलाहकार दीपक देव, अशोक भट्टाचार्य, विजय कुमार भर, मुक्तेश रॉय और सुदीप चौधरी उपस्थित थे। क्लब की महिला सदस्यों की ओर से रिंकी दास, मामन देव और बेबी दास मौजूद रहीं। कतर में अगले नवंबर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल को देखते हुए विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो को दिखाया जाएगा, 3 डी लाइटिंग के जरिए उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। मनमोहक ढाकी टीमें और मन को लुभाने वाले सेल्फी पॉइंट होंगे। सजावट और रोशनी का काम हैलाकांडी में 'द डेकोरेटर्स' के मालिक राजू दे और उनके सहयोगी बाबला नाथ द्वारा किया जाएगा। मूर्ति करीमगंज मूर्ति शिल्पालय से आएगी। और भी कई सरप्राइज होंगे जो समय-समय पर सोशल मीडिया और अखबारों के जरिए सामने आएंगे। क्लब के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सलाहकार पंकज रॉय शर्मा, दीपन सिन्हा, देवकुमार कुर्मी, टिंकू माला और हेमचंद्र चाटार्जी, अंशुमान पाल ने सभी क्षेत्रों के लोगों का सहयोग और उपस्थिति मांगी है। क्लब के अध्यक्ष अंशुमान पाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी।



# असम करीमगंज जिले के आनीपुर निवासी शिक्षक तथा समाजसेवी मुकुल सेना राजकुमार का निधन।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिले के आनीपुर निवासी शिक्षक मुकुल सेना राजकुमार का निधन हो गया। उन्होंने 9 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े सात बजे अंतिम सांस ली। मुकुल सेना राजकुमार पेशे से शिक्षक थे। उन्होंने डिस्टिंक्शन के साथ अपना करियर पूरा करने के बाद बेराटुक के मध्यबंग स्कूल से संन्यास ले लिया। बेराटुक स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और प्रबंधन संघ के सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सेन के नेतृत्व में मंगलवार 11 अक्टूबर को अपराह्न 02:00 बजे विद्यालय भवन में अंतिम संस्कार भी किया गया. बैठक में उपस्थित लोगों ने दिवंगत मुकुल सेना राजकुमार के शिक्षण जीवन के साथ-साथ सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उसके बाद बैठक में एक मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उक्त बैठक में प्रस्ताव की प्रति आज, 13 अक्टूबर को दिवंगत शिक्षक के ज्येष्ठ पुत्र मृगंक राजकुमार, अपर जिला अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी करीमगंज एवं संभागीय प्राथमिक शिक्षा अधिकारी रामकृष्ण नागर को प्रेषित. बैठक में शिक्षक हिफ्जुर रहमान, देबाशीष दास, आनंद निलॉय, कृष्णा दास, अरिजीत नाथ, मान्ना पाल, शहनाज बेगम, आरिफा नरगिस, अपरूपा नाथ, एमरुल हुसैन और एसएमसी मखद्दच अली, अब्दुल मतीन के सदस्य संजीबा देबनाथ, राणा नमशूद्र, देविका रॉय अंकिता साहा और छात्र आदि मौजूद थे।



# कानपुर में पीतल और चांदी के करवों की भी जमकर बिक्री

## बाजारों में रही महिलाओं की भीड़ मिट्टी वाले करवों की कम कीमत के लिए दुकानदारों से गिड़गिड़ाती सी नजर आई गरीब महिलाएं

सुनील बाजपेई

कानपुर यहां लगभग हर त्यौहार अमीरों और गरीबों के बीच फर्क करने से नहीं चूकता। इसकी पुष्टि करवा चौथ पर भी होती नजर आई ,जिसके चलते अमीर महिलाओं ने जहां चांदी के करवे खरीदकर अपनी अमीरी का एहसास कराया। वहीं गरीब महिलाएं मिट्टी के सस्ते करवों के लिए भी दुकानदारों से गिड़गिड़ाती सी नजर आई।

इसी के साथ साड़ियों की भी खूब बिक्री हुई। नवविवाहित जोड़ों ने साड़ियों और लहंगों के साथ ही सोने की अंगूठी खरीदीं।

कुल मिलाकर आज करवा चौथ वाले दिन गुरुवार को भी चांदी के साथ ही पीतल के करवों की भी जमकर खरीदारी की गई।

यही हाल कल बुधवार को भी रहा था। मतलब कल भी मिंट्टी से लेकर पीतल, चांदी तक के करवा की बिक्री खूब हुई थी।

मिंट्टी के करवा गलियों में बेचे जाते रहे जबकि पीतल व चांदी के करवा के लिए महिलाओं को बाजार जाना पड़ा। उनकी यह खरीदारी आज गुरुवार को करवा वाले दिन भी समाचार लिखे जाने तक जारी रही। इसके लिए मिट्टी का करवा बेचने वाले दुकानदारों ने अपनी दुकानें सड़क के किनारे सजाएं उनके साथ नया खेल और गट्टा वाले भी दुकान लगाए रहे।



करवा खरीदने के लिए महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ बर्रा, गुमटी, पी रोड, लाल बंगला, किदवई नगर, कर्रही, नौबस्ता, विजय नगर, नवाबगंज आदि क्षेत्रों में देखी गई। यहां पर मिंट्टी के करवा की शुरूआत 25 रुपये से हुई।

इसी तरह से शहर के प्रमुख बाजारों भूसा टोली, हटिया बर्तन बाजार में खासी भीड़ रही। इनमें से मुरादाबाद से आने वाले फैंसी करवा 350 से 650 रुपये के बीच बिके। इस दौरान चांदी के करवा की भी बिक्री हुई लेकिन यह बिक्री ज्यादातर बिरहाना रोड स्थित कुछ सराफा दुकानों पर ही होती देखी गई।

# 18 मैडल लेकर लौटी जनजातीय कार्य विभाग की ताइक्वांडो टीम

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 14अक्टूबर )शालेय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सीहोर में शामिल होने जनजातीय कार्य विभाग मप्र की 40 सदस्यीय ताइक्वांडो टीम बैहर से बनकर रवाना हुई थी, उक्त टीम में विभाग की शालाओं के धार, छिंदवाड़ा, बैतूल, बालाघाट की छात्र छात्राएं सम्मिलित थी। दिनांक 2 एवं 3 अक्टूबर को विभाग के सहायक आयुक्त राहुल नायक के संरक्षण, उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के प्राचार्य आलोक चौरे के मार्गदर्शन एवं जिला खेल प्रभारी रायसिंह कुशराम की देखरेख में बैहर में आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई थी ।

जिसमे चयनित सभी खिलाड़ी छात्र छात्राएं उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के खेल शिक्षक एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षक नवजीत सिंह परिहार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ताइक्वांडो कोच अश्विनी भरणे, राजेश बमहुरे एवं आयुष तोमर के साथ 6 अक्टूबर को सीहोर रवाना हुए थे। जहाँ बेहतर प्रदर्शन करते हुए विपक्षी खिलाड़ीयों पर किक चलाकर 3 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 13 ब्रान्स मेडल अर्जित किये, जिसके तहत अन्य संभाग के खिलाड़ियों को पछाड़ कर जनजातीय कार्य विभाग की ताइक्वांडो खिलाड़ी होलिका धुर्वे ने गोल्ड, प्रिंसी मरकाम गोल्ड, रविता कुशरे गोल्ड, हृदयांशु प्रजापत सिल्वर, संगीता मेरावी सिल्वर, एवं देवराज ताराम, शंकर उइके, आर्यन सहारे, रोशनी खान, वैष्णवी चौहान, मिताली पाटिल, माही तुरकर, राधिका उइके, रीना मर्सकोले, कांक्षी मरकाम, सुषमा मारकाम, किंजल धुर्वे एवं भूमिका मेरावी ने ब्रान्स मेडल जीतकर जनजातीय कार्य विभाग, अपने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया, पूरी प्रतियोगिता में 14 वर्ष ग्रुप में विभाग की टीम दूसरे स्थान पर रही, विजयी खिलाड़ियों एवं उनके सभी कोच को राज्य क्रीड़ा प्रभारी घनश्याम साहू, सहायक आयुक्त राहुल नायक,प्राचार्य व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दिया है।



# असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा भाजपा मंडल कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि एवं शोक सभा मनाई गई।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा भाजपा मंडल सचिव पराग पाल और शक्ति केंद्र पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान मंडल सदस्य नीलू सिन्हा, दोनों के निधन पर आज 12 अक्टूबर (बुधवार) को दुल्लभछड़ा भाजपा मंडल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया. जिले के कई मोर्चा के अध्यक्ष शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता सहित मंडल के सदस्य मौजूद थे. मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लाल राय के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य नागरिकों की मौजूदगी में भाजपा पार्टी के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. भाजपा के समर्पित कार्यकताओं के ने एक मिनट का मौन रखा उपस्थित प्रमुख लोगों ने कहा कि दिवंगत पार्टी कार्यकर्ता राजनीति से ऊपर थे। उन्होंने हमेशा लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए वहां रहकर लोकप्रियता हासिल की। एक तरफ उनके निधन से पार्टी को नुकसान हुआ है। दूसरी तरफ जनता ने एक पारदर्शी छवि के साथ काम करने वाले नेता को खो दिया है। जो कभी पूरी नहीं हो सकती। शोक सभा में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लाल राय, दिबेंदु नाथ दास, टिंकू माला, उमाशंकर बनिया, मोतीलाल रॉय, श्यामधर दुबे, संजय गोस्वामी, गोपी मोहन नाथ, हेनोय नाथ, सुजीत पाल, जॉय किशोर कैरी आदि मौजूद थे.



# प्रख्यात परोपकारी बाप्पा नाथ ने धार्मिक गुरु सुदीप नाथजी के माध्यम से करीमगंज जिले के दुर्लवपुर में कालीबाड़ी के जीर्णोद्धार के लिए धन दिया।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

असम करीमगंज जिले के सुप्राकान्दी दुर्लभपुर कालीबाड़ी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पाथारकान्दी डेपलआला निवासी एक प्रमुख परोपकारी और सनातन धर्म के समर्पित उपदेशक बाप्पा नाथ ने अपने गुरुदेव सुदीप नाथजी के माध्यम से मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए धन भेजा है. गुरु सुदीप नाथजी ने आज मंदिर समिति को पैसा सौंपा। उल्लेखनीय है कि बाप्पा ने अपने गुरुजी को ऑनलाइन संस्कृत पाठ के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाला मोबाइल फोन भेजा है। इसके अलावा, करीमगंज जिले ने कई बार रुद्रज ब्राह्मण सम्मिलानी को पैसा भेजा है। शैव धर्म की अथक भक्त दीपशिखा नाथ ने आज दुल्लबपुर कालीबाड़ी परिसर में श्री श्री शिव गीता का पाठ कर अपने परिवार के कल्याण की कामना की। गणमान्य व्यक्तियों में दुर्लभपुर निवासी प्रमुख समाजसेवी रितु नाथ मौजूद रहीं। दुर्लबपुर शाखा रुद्रज ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी सुखेंदु नाथ, सचिव राजू नाथ कीर्तन्या विपुल नाथ, अमल नाथ, सौरव नाथ, शैव धर्म की अथक एवं समर्पित सेवक दीपशिखा नाथ ने कहा कि हमारा मंदिर प्रख्यात समाजसेवी एवं समाजसेवी बाप्पा नाथ को सदैव याद रखेगा। सनातन धर्म के अथक सेवक। उन्होंने जीर्णोद्धार के लिए धन भेजा और हमारे गुरुजी को संस्कृत पढ़ाने के लिए मोबाइल भी भेजा। इसके लिए हम सदा आभारी हैं। इसके अलावा गांव दुल्लबपुर की ओर से सुखेंदु नाथ, रितु नाथ, राजू नाथ, बिपुल नाथ ने आभार व्यक्त किया. अंत में वैदिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# मेसर्स एसीसी कम्पनी का प्रस्तावित 3 नवम्बर की लोक सुनवाई लोहर्सी के विरोध में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर खोला मोर्चा

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। मेसर्स एसीसी कम्पनी के जनसूनवाई 3 नवंबर को लोहर्षी में रखा गया है जिसका प्राभावित गांव विद्याडीह टांगर और बोहारडीह के ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर और क्षेत्रीय कार्यालय छः ग. पर्यावरण विभाग को ज्ञापन सौंपकर मोर्चा खोल दिया । ग्रामीणों किसानों ने ज्ञापन में बताया कि यदि प्रभावित गांव से बाहर लोहर्सी में जनसुनवाई होगा तो वहां शांति भंग होने की प्रबल संभावना है और प्रभावित गांव से बाहर होने पर अपनी मांगों को रखने में असमर्थ एवम् असहज महसूस कर रहे हैं। बता दें कि पिछली जनसुनवाई बोहारडीह में हुआ था जिसका जमकर विरोध भी हुआ था और जनसुनवाई असफल रहा था। ग्रामीणों की माने तो इस बार लोहर्सी का जनसुनवाई प्राभावित गांव से बाहर होने के कारण लोहर्सी को निरस्त कर प्राभावित गांव पंचायत विद्याडीह टांगर या बोहारडीह में लोकसुनवाई हों ताकि शांतिपूर्वक समस्त ग्रामवासी अपनी मांगे रख सके। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रुप से मिस्टर इंडिया भार्गव, अजय सिंह,हरपाल सिंह, घनश्याम भार्गव, चंद्र प्रकाश दिनकर, रूपचंद टंडन, महादेव खूंटे, सन्तोष भार्गव, श्रीराम दिनकर, इतवारी दिनकर, कोमल भार्गव, रामसिंह भार्गव, सत्यम भार्गव, कमलेश लहरे, धनेश महिलांगे,राजकुमार बर्मन, जयनारायण पंकज, दिनेश यादव,राजा दिनकर, उमेंदराम यादव, आकाश दिनकर,मणिशंकर उपस्थित रहे।



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री व अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश

# मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया

## ग्राम रूझौली में बाढ़ पीड़ितों से भेंट कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की

लखनऊः 13 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई



सर्वेक्षण किया। इसके उपरान्त उन्होंने ग्राम रूझौली में बाढ़ पीड़ितों से भेंट कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि अक्टूबर माह में इस तरह की अप्रत्याशित बाढ़ पहली बार देखने को मिली है। राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में आपके साथ खड़ी है। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री व अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बैरिया-सरिया तटबंध का जो प्रस्ताव जो मिला है, उसे स्वीकृत करने जा रहे है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि राप्ती और सरयू का जो संगम होता है, उसके कारण आसपास के क्षेत्रों में जलभराव और भीषण बाढ़ की समस्या खड़ी होती है। इससे बचाव का क्या रास्ता हो सकता है, उसका सर्वे हो रहा है और बरसात के बाद एक बार फिर से सर्वे करने के बाद इस कार्य को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार नजदीक है। इसके दृष्टिगत सम्बंधित विभाग क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शुद्ध पेयजल, साफ सफाई एवं स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस बारे मे प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि हर बाढ़ पीड़ित, जिनके घर में भोजन बनाने की स्थिति में नही है, उसके घर में कम से कम दिन में दो बार भोजन की व्यवस्था की जाए। राहत राशन किट में 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, 5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना, 2 किलो अरहर दाल, रिफाइण्ड तेल और मसाले, नमक, 5 ली0 कोरोसीन आदि यह सभी चीजें आपदा प्रभावित जनों को उपलब्ध करवाने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में नौकाओं की व्यवस्था हर गांव में की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फसल को भी व्यापक क्षति पहुंची है, उसका तत्काल सर्वे कराया जाए। फसल मुआवजे की राशि बढ़ाकर किसान बन्धुओं को उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे हर किसान को इस आपदा के समय सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहानि होने पर चार लाख रुपये की सहायता, अंगभंग होने की स्थिति में ढाई लाख रुपये तक

*बैरिया-सरिया तटबंध का जो प्रस्ताव जो मिला है, उसे स्वीकृत करने जा रहे है*

*राप्ती और सरयू के संगम से जलभराव और भीषण बाढ़ की समस्या*

*से बचाव के लिए सर्वे हो रहा, सर्वे के बाद इस कार्य को किया जायेगा*

*दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत सम्बंधित विभाग क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत*

*तथा विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शुद्ध पेयजल,*

*साफ सफाई एवं स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दें*

*राहत सामग्री आपदा प्रभावित जनों को उपलब्ध करवाने के*

*साथ ही पर्याप्त मात्रा में नौकाओं की व्यवस्था हर गांव में की जाए*

की सहायता देने के निर्देश दिये गये हैं। जिनके मकान पूरी तरह नदी में विलीन हो गए हैं, बाढ़ की चपेट में आ गये है, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास या 01 लाख 20 हजार रुपये की सहायता देने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार पशु हानि में दुधारू पशु के लिये 37 हजार 500 रुपये तक सहायता देने के अलावा बकरी, भेड़ आदि के लिये भी सहायता देने की व्यवस्था की जाए। इन पशुओं.के अलावा मुर्गी आदि के लिये भी आपदा की चपेट में आने पर सहायता देने हेतु प्रशासन को निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आपदा के समय में सरकार आपके साथ खड़ी है। आपको हर संभव सहायता दी जाएगी। सभी जनप्रतिनिधिगण आपकी सेवा में प्रशासन के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आर एम कॉलेज सहरसा में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 16 एवं 17 दिसंबर को

## "मिथिला में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और विकास का तरीका" पर विद्वानों का होगा व्याख्यान

सहरसा । राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय,सहरसा के सामाजिक विज्ञान संकाय के तत्वावधान में आगामी 16 एवं 17 दिसंबर 2022 को आयोजित होने वाली विषयः"मिथिला में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और विकास का तरीका" दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के लिए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो०(डॉ०)अरूण कुमार खां ने सर्वप्रथम इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस एंड रिसर्च,मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रो खां ने बताया आगामी आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी आई सी एस एस आर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। आगामी आयोजित होने राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता हेतु सर्वसम्मति से डॉ ललित नारायण मिश्र,अर्थशास्त्र विभाग को 'संयोजक' एवं डॉ कविता कुमारी,समाजशास्त्र विभाग को 'आयोजक सचिव' की जिम्मेवारी सौंपी गई। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो० खा ने इस अवसर पर कहा इस तरह के राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन से सामाजिक विज्ञान से जुड़े अकादमिक विद्वानों एवं शोध-छात्र छात्राओं के बीच ज्ञान के प्रचार प्रसार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलेगी।अयोजन समिति के संयोजक डॉ० ललित नारायण मिश्र ने कहा इस तरह के राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन से समाज के लोगों का ध्यान क्षेत्रीय विषमता एवं क्षेत्रीय विकास जैसे मुद्दों पर अवश्य पड़ेगा। जिससे नीति निमार्णकताओं को इस दिशा में समाधान ढूढ़ने में आसानी होगी।आयोजक सचिव डॉ कविता ने बताया कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक समस्याओं , क्षेत्रीय विकास एवं क्षेत्रीय विसंगतियों को उजागर कर उसके समुचित समाधान पर अकादमिक विद्वानों एवं लोगों का ध्यान अवश्य आकृष्ट करेगा।जल्द ही विषय से संबंधित ब्रॉउजर एवं रजिस्ट्रेशन लिंक भी जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों मे प्रो० (डॉ०) अमरनाथ चौधरी, डॉ० किशोर नाथ झा, डॉ० राजीव कुमार झा, श्री० मोहिनी मोहन खां, श्रीमती शुभ्रा पांडेय, डॉ० बीणा कुमारी मिश्रा, श्री आलोक कुमार, डॉ० रमा कुमारी, डॉ० डेजी कुमारी, डॉ० श्वेता शरण, डॉ० सुदीप कुमार झा, डॉ० हरित कृष्ण, श्री० ललन कुमार, डॉ० बिलो राम, डॉ० अंजनी सिंह, डॉ० अरूप श्रीवास्तव, महानंद मिश्र, दयानंद झा, सुमित कुमार मिश्र, आदि उपस्थित हुए।



# एक सामान हो सकते हैं कोरोना व डेंगू के लक्षण, रहें सतर्क

## डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच कोरोना संक्रमण का खतरा बरकरार

अररिया । जिले में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं. वहीं कोरोना संक्रमण का खतरा भी बरकरार है. लिहाजा मौसम के बदलते मिजाज के बीच लोगों को अपनी सेहत के प्रति ज्यादा सतर्क व सावधान रहने की जरूरत है. गौरतलब है कि डेंगू व कोरोना संक्रमण के शुरूआती लक्षण एक सामान हो सकते हैं. बुखार दोनों बीमारी के आम लक्षणों में शुमार है. वहीं सिरदर्द, जोडों-मांसपेसियों में दर्द व थकान दोनों ही रोग के शुरूआती लक्षणों में शुमार हैं।

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह बताते हैं कि डेंगू व कोरोना में पर्याप्त अंतर होने के बावजूद रोग से जुड़े शुरूआती लक्षण एक समान हो सकते हैं. इसलिये ये जरूरी है कि सेहत संबंधी मामलू समस्या होने पर भी तत्काल चिकित्सकीय जांच व इलाज जरूरी है. किसी रोगी में अगर बुखार के साथ-साथ गले में खराश व खांसी की शिकायत होने पर कोरोना संक्रमित होने की संभावना अधिक है. किसी तरह की दुविधा होने पर तत्काल डेंगू जांच से संक्रमण का पता लगातार समुचित इलाज संभव है.

जिले में कोरोना का मामला फिलहाल नहीं थमा है. जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि गुरुवार को भी संक्रमण का एक मामला सामने आया है. अक्टूबर माह में अब तक जिले में संक्रमित आठ मरीज मिले हैं. जांच व टीकाकरण को लेकर विभाग गंभीर है. इस माह अब तक 73411 लोगों की कोरोना जांच हो पाया है. वहीं जिले में अब तक 18.56 लाख लोगों को टीका का पहला, 16 लाख लोगों को टीका का दूसरा व 2.65 लाख लोगों को टीका का प्रीकॉशन डोज लगाया जा चुका है.

**दोनों ही रोगों को लेकर एहतियाती उपायों पर जोर**

जानकारी देते हुए डीपीएम स्वास्थ्य ने बताया कि कोरोना के व्याप्त खतरों के बीच जिले में डेंगू को लेकर अलर्ट जारी है. डेंगू व कोरोना की रोकथाम व समुचित इलाज का इंतजाम सुनिश्चित कराने के प्रति विभाग गंभीर है. त्योहार के इस मौसम में बड़ी संख्या में बाहरी राज्य व जिलों से गृह जिला लौटने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए विशेष एहतियात बरता जा रहा है. डेंगू की जांच व इलाज के साथ कोरोना के संभावित मामलों की खोज व टीकाकरण विभागीय प्राथमिकताओं में शुमार है.

# पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के वॉलीबॉल बालक वर्ग में पी सी ई (ए) पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज ने स्टार क्लब को 25-23,25-18 से हराया

## ब्राईड केरियर स्कूल ने सेंट पीटर स्कूल को 25-06,25-15 से दी मात

पूर्णियां । पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम पूर्णिया में चल रहे पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2022 के बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के बालक एवं बालिका वर्ग के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाडियों का उत्साह देखते ही बनता है। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अत्यधिक मैच होने की वजह से सुबह 8 बजे से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को टाई सीट के अनुसार भाग लेने के लिए सूचित कर दिया है ।

पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने बैडमिंटन , बास्केटबॉल , वॉलीबॉल के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद खेल कर बैडमिंटन बास्केटबॉल, वॉलीबॉल खेलों की शुरूआत की।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं भिखारी ठाकुर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित श्री मिथिलेश राय ने दिनांक 26/10/2022 को रंगयात्रा में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों, कलाकारों, स्कूल,कॉलेज के छात्र - छात्रों, विभिन्न सामाजिक संगठनों से अनुरोध किया है। कि रंगयात्रा में झांकी निकाल कर खेल एवं कला - संस्कृति को प्रोत्साहित करें।

क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि बैडमिंटन बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को सुबह 8 बजे पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर में रिपोर्ट करनी है। ताकि नियमानुसार बैडमिंटन बालिका वर्ग की टाई सीट बनाई एवं मैच कराया जा सके। बैडमिंटन बालिका वर्ग की खिलाड़ियों की सूची अंडर 16 बालिका वर्गः- विद्यालय पी एम एच एस हरदा के खिलाडीः- राजेश्वरी, आंचल कुमारी, लूसी कुमारी, अन्नू कुमारी।

जिला स्कूल पूर्णियाः- माही कुमारी, वर्षा रानी, माही राय।

सेंट पीटर स्कूल इंग्लिश मिडियमः- मोक्षदा प्रियदर्शी ।

बैडमिंटन बालिका वर्ग

16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग मेंः-

पी एम एच एस हरदाः- विद्याश्री , प्रियशी प्रिया,

जिला स्कूल पूर्णियाः- कुमकुम कुमारी, मेघा रानी, साक्षी कुमारी ।शिवांगी कुमारी, ब्यूटी रानी, अराधना सिंह।

सलोनी कुमारी, खुशी कुमारी, मिलन रानी, सुप्रिया सिंह, सुरुचि कुमारी।



पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंगः- तनु प्रिया, अन्वी सिंह, मनीषा कुमारी, पल्लवी जोशी,युगनितम शोम, उपासना, अनामिका शोम, कंचन साहनी, अदिति राज, एइमान, रौनक, प्रगति ।इधर पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने निर्धारित उम्र के खिलाड़ियों से अपील की है कि क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिन्होंने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है उनसे आग्रह है कि यथाशीघ्र रजिस्ट्रेशन करा लें। क्रिकेट प्रतियोगिता टेनिस गेंद से जिला खेल मैदान में खेली जाएगी।

दिनांक 14/10/2022 को खेली जानी मैचों की सूची

वॉलीबॉल बालक वर्ग मेंः-

1. नेशनल यूथ क्लब बनाम डी ए भी स्कूल पूर्णिया।
2. डी ए भी एल्यूमीनि बनाम मधुबनी शमशेर
3. टीम इलाइट बनाम रणभूमि स्टेडियम।

बास्केटबॉल बालक वर्ग में :-

1. पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज बनाम टीम इलाइट।
2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा बनाम बी बी टी ।

बास्केटबॉल बालिका वर्ग में

1. जे एन भी बनाम + 2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय।
2. एस आर डी ए भी स्कूल बनाम पी एम एच एस हरदा।

प्रतियोगिता परिणाम

बास्केटबॉल बालक वर्ग मेंः-

1. जे एन भी एल्यूमीनि ने टीम इलाइट को 37-12 से हराया।
2. पूर्णिया बास्केटबॉल क्लब ने विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा को 51-16 से हराया।
3. पूर्णिया टाउन क्लब ने पी सी ई पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज को 28-08 से हराया।

वॉलीबॉल बालक वर्ग मेंः-

1. ब्राइट केरियर स्कूल ने सेंट पीटर स्कूल को 25-06,25-15 से हराया।
2. टीम इलाइट ने यूनाइटेड ब्रदर्स को 25-23,25-19 से हराया।
3. जे एन भी एल्यूमीनी ने आदिवासी यूनाइटेड मरियम को 15-12,15-12 से हराया।
4. पी सी ई ( ए ) पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज ने स्टार क्लब को 25-23,25-18 से हराया।

बैडमिंटन बालक वर्ग मेंः-

अंडर 16 आयु वर्ग में

1. मो ताज ने अशजद एजाज को 21-05,21-15 से हराया।
2. आयुष राज ने मो अर्सलान अहमद को 21-17,21-18 से हराया।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में

अंडर 16 आयु वर्ग में

1. वसुंधरा रानी ने राजश्री को 21-04,21-05 से हराया।
2. ज्योति कुमारी ने कविता कुमारी को 21-13,21-12 से हराया।
3. भाव्या ने रेणु कुमारी को 21-06,21-06 से हराया।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं आयोजन समिति सदस्य क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा, मिथिलेश राय, सुनील सुमन , ब्रजेश भास्कर, जे एन झा,रितेश कुमार झा , अभिषेक मिश्रा, चन्दन, ललित कुमार, अरुण कुमार एवं मैच रेफरी की भूमिका मो नैय्यर अली, मो मंजर मोहशिम, मो एजाज अहमद , रजनीश पाण्डेय, जगत ज्योति, विक्की कुमार, अनुराधा सिंह, पुनित कुमार सिंह, मिट्ठू राजा और सन्नी राज आदि।

इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के सभी सहयोगीयों के साथ -साथ खिलाड़ियों के अभिभावक गण, खेल प्रेमी गण और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### डेंगू के खतरों से निपटने के लिये मुक्कल तैयारियों में जुटा विभाग

# रोग के सटीक जांच के लिये विभाग को उपलब्ध कराया गया एलिजा किट

अररिया । जिले में डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग इसके खतरों से निपटने के लिये मुक्कल तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। गौरतलब है कि जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ कर 10 हो गयी है। जिले में नरपतगंज प्रखंड में 03, फारबिसगंज में 03, अररिया में 02, रानीगंज में 01 व कुसाकांटा में अब तक संक्रमण के 01 मामले मिले हैं। जानकारी मुताबिक अररिया के शिवपुरी व इस्लामनगर वार्ड संख्या 26, फारबिसगंज के एएनएम कॉलेज, मिजार्पुर वार्ड संख्या 03, भागकोहलिया वार्ड संख्या 06, नरपतगंज के भोरहर, पजरकट्टा, डुमरिया, रानीगंज के परसाहाट में अब तक डेंगू संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। समुचित इलाज के बाद मरीजों की हालात सामान्य होने की जानकारी है।

डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य स्तर से डेंगू मामलों की सटीक जांच के लिये 96 एनएस 01 एलिजा किट उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से जांच के सटिक नतीजे प्राप्त करना आसान है। इसके अलावा डेंगू की जांच के लिये एनएव 01 किट पूर्व से ही सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है।



डेंगू के मामलों के प्रति विभाग गंभीर

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि डेंगू के मामलों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संक्रमित मरीज सामने आने के बाद तत्काल प्रभावित इलाके में छिड़काव कराया जा रहा है। गुरुवार को फारबिसगंज के मिजार्पुर, भागकोहलिया नरपतगंज के भोरहर व पजरकट्टा में छिड़काव संपन्न कराया गया है। उन्होंने रोग संबंधी कोई लक्षण उजागर होने पर नजदीकी अस्पताल में तत्काल जांच व इलाज सुनिश्चित कराने की अपील आम लोगों से की।

# भारतीय जनता पार्टी साजिश कर अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर आना चाहती है-अरविंद निषाद

*आगे जब कभी चुनाव होगा अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर नगर निकायों का चुनाव कराया जाएगा*



अररिया । अररिया जिला जनता दल यूनाइटेड के तत्वावधान में आरक्षण विरोधी भाजपा के पोल खोल अभियान के तहत अररिया जिला समाहरणालय धरना स्थल पर अररिया जिला जनता दल यू के अध्यक्ष आशीष पटेल के अध्यक्षता में विशाल धरना आयोजित हुआ।

धरना स्थल पर पटना से नियुक्त प्रदेश धरना प्रभारी जनता दल यू के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद मुख्य रूप से धरना कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला स्तरीय धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी साजिश कर अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त कर आना चाहती है। आरक्षण पर भारतीय जनता पार्टी का दोहरा चरित्र आज समाज में प्रदर्शित हो रहा है।

श्री निषाद ने बताया कि 2006 और 2007 में विशेष कानून बनाकर और विशेष कानून पर सुप्रीम कोर्ट के मुहर लगने के बाद बिहार में पंचायती राज चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग को 20% का आरक्षण प्रदान किया था। उस आरक्षण के तहत बिहार में चार बार पंचायतों का चुनाव संपन्न हो चुका और नगर निकायों का तीन बार चुनाव संपन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्यायिक सेवाओं में भी अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण प्रदान कर न्याय की कुर्सी पर बैठाने का काम किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अति पिछड़ा वर्ग के महानायक के रूप में आज स्थापित है। आगे जब कभी चुनाव होगा अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर नगर निकायों का चुनाव कराया जाएगा।

जिला अध्यक्ष आशीष पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार के अति पिछड़ा वर्ग के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है।भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा वर्ग को छल करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अति पिछड़ा वर्ग के साथ छल होने नहीं दे सकते हैं। जदयू के प्रदेश महासचिव शगुफ्ता अजीम शामिल धरना को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के सवाल पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ आगे आना चाहिए। प्रदेश महासचिव भगवान चौधरी सभा में शामिल होकर आरक्षण बचाने के लिए जनता दल यू परिवार को आगे आने के लिए कार्यकताओं को बधाई दी। पूर्व विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष पदम पराग वेणु जी ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण विरोध का चेहरा लिए 2024 के चुनाव में कैसे वोट मांगेगी , भाजपा को वोट मांगने का नैतिक अधिकार भाजपा नहीं है। धरना का मंच संचालन करते हुए सीताराम मंडल ने कहा कि आरक्षण के लिए अति पिछड़ा समाज जी जान लगा देगा हर हाल में आरक्षण को बरकरार रखने के लिए जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर के भाजपा का विरोध करते रहेंगे।

धरना पर उपस्थित विधायक अचमित ऋषि देव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण के नाम पर देश के पिछड़े वर्ग के लोगों को ठगने का काम करती है और भाजपा के ढोंग के खिलाफ पूरे बिहार में जदयू कार्यकर्ता आगे आ रहे हैं।\ धरना में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष नौशाद आलम नगर अध्यक्ष राम जी सिंह जिला प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह जिला परिषद सदस्य सत नारायण यादव जी रेशम लाल पासवान नवीन श्रीवास्तव उपेंद्र मंडल राजू मंडल नटवर ठाकुर गुड्डू अली मेराज आलम मोहम्मद सोनू संजय राय आदिल मुख्तार मेराज हसन आदर्श गोयल रुस्तम खान डॉ एम आलम विजय सिंह चौहान जवाहर सिंह महेंद्र सिंह चौहान सरवर आलम प्रकाश मंडल अर्जुन मंडल रोशन कुमार सिंह नरेश राय जागेश्वर शर्मा विनोद कुमार पोद्दार विपिन चौरसिया अभिनेता उमेश पासवान आनंद सिंह नरेंद्र मंडल इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# वायदों को अमलीजामा पहनाने में नितीश कुमार अद्वितीय : फिरोज आलम

पटना । जदयू के वरीय नेता सह जनता दल यू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व महासचिव जनाब फिरोज आलम ने कहा कि चुनाव में जनता से किए वायदों



को सत्ता में आने के बाद उन्हें अमलीजामा पहनाने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई सानी नहीं है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेरोजगारी एवं महंगाई को लेकर किए गए वायदे अब जुमला बनकर रह गए। बेरोजगारी चरम पर है। पूर्व के सारे आंकड़े ध्वस्त हो चुके हैं। बेरोजगारी दर घटने की बजाय लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं महंगाई दर भी 2014 से भी आज ज्यादा है। दूसरी तरफ शराबबंदी, हर घर बिजली, नल जल योजना, पंचायती व्यवस्था में महिला आरक्षण जैसे अनेक निर्णय हैं जो उन्होंने जनता से वायदा करने के बाद जमीन पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया। श्री फिरोज आलम ने कहा कि हर घर खेत को पानी एवं रोजगार तथा स्वरोजगार को लेकर यदि नीतीश ने कोई निर्णय लिया है तो इसकी कार्य योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है।

# संक्षिप्त न्यूज

## नगर भवन औरंगाबाद में जदयू पार्टी का 19.10.2022 को होगा सम्मलेन।

### जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

दैनिय समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरो चीफ

औरंगाबाद (बिहार )/13 अक्टूबर 2022;- कुटुम्बा प्रखंड प्रमुख जितेंद्र




कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि 19.10.2022 को नगर भवन औरंगाबाद में जदयू पार्टी का सम्मलेन किया जायेगा. जिसमे जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और जहानाबाद के सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी भाग लेंगे. यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

## कार्तिक छठ पूजा के तैयारियों को लेकर लगातार औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार पहुँच रहे हैं भग्वान भास्कर की नगरी देव।

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददात्ता वीरेंद्र यादव

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2022 :- औरंगाबाद जिला के देव में कार्तिक छठ पूजा के तैयारियों को लेकर औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार लगातार इस लिए देव पहुंच रहे हैं कि देव में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को व्यवस्था में कोई कसर न रह जाए और देव नगर पंचायत के जनता से व्यवस्था को लेकर हमें कोई आवाज सुनने का मौका ना मिले। इसी को लेकर आज एक बार फिर औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार ने भगवान भास्कर के नगरी देव पहुंचे और उन्होंने देव पहुंचकर पूरे देव नगर पंचायत के मेला ग्राउंड को जायजा लिया और वैसा जगह का चिन्हित किया गया जहां पर श्रद्धालुओं का ठहराव हो और किस चीज का यहां आवश्यकता है। उस पर भी विचार विमर्श किया गया। और जल्द से जल्द पूरा करने का सलाह दिया ताकि ठहरने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह का कोई दिक्कत ना हो।



## तुंगी में तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने को लेकर जिलाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण

बिहार शरीफ प्रखंड के तुंगी में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार तथा पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने को लेकर जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर आज स्थल निरीक्षण किया। यह तालाब लगभग 10 एकड़ 58 डिसमिल क्षेत्रफल में फैला है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि तालाब के निकट महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य बेलौआ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इसलिए इसे पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की आवश्यकता बताई गई।



जिलाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन गायत्री कुमारी को तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन विकास को लेकर संभावित कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर पर्यटन विभाग बिहार को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा (+2) श्री शिव शंकर उच्च विद्यालय तुंगी के चहारदीवारी निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने मनरेगा के माध्यम से चहारदीवारी निर्माण कराने हेतु कार्रवाई को कहा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ, भूमि सुधार उप समाहर्ता बिहार शरीफ, प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन, अंचलाधिकारी बिहार शरीफ एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## दो पक्षों के बीच हुआ झगड़ा एक पक्ष की ओर से 3 लोग हुए जख्मी

नालन्दाः रहुई - रहुई थाना क्षेत्र इलाके के निजाम गांव में गुरुवार की सुबह दो पक्षों के बीच जमकर झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक पक्ष की ओर से तीन लोग जिसमें अशोक पासवान ने गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी अशोक पासवान ने बताया कि आज सुबह अपने घर के पास खड़े थे उसके बाद बदमाशों ने आकर लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। और कई राउंड फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए हैं।



इस संबंध में रहुई थाना प्रभारी नंद कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी व्यक्ति द्वारा आवेदन मिला है पुलिस हर पहलू से जांच प्रक्रिया में जुट गई है।

## आधार कैंप एवं आधार इनेबल पेमेंट सिस्टम का हुआ आयोजन

नालंदाः राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतिम दिन ,आज डाक बिभाग अंत्योदय दिबस के साथ डाक सप्ताह का समापन किया गया। इस मौके पर दीपनगर (नालंदा) पुलपर बाजार मे विशेष आधार कैंप एव आधार इनेबलड पेमेंट सिस्टम का आयोजन किया गया। जिसमे आधार सुधार एवं नये आधार बनाने का कार्य किया गया जिसमे कुण्डलपुर, दीपनगर, मणियावां समेत कई गाव के लोगो ने अपने अपने आधार एवं अपने बच्चो का आधार एनरोलमेंट का कार्य किया। साथ हीं आधार के माध्यम से पैसे की जमा निकासी की सुविधा दी गयी जिससे यहाँ के ग्रामीण लोगो एवं आसपास के गांव के लोगो को विशेष लाभ मिला। इस मौके पर आज डाक अधीक्षक नालंदा श्री मनोज कुमार पांडे के द्वारा पोस्टल वीक के अंतिम दिन को अंत्योदय दिवास रूप मे समापन किया गया। साथ हीं लोगो को डाक सेवा से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर राजीव कूमार, राकेश रंजन, जीतेन्द्र कुमार ,मिथलेश प्रसाद, कुमार अभिषेक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



## स्नातक एम0एल0 सी चुनाव में अधिवक्ताओं का वोट सबसे जागरूक और निर्णायक कांग्रेस

दैनिक समाज जागरण
गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने हेतु 01 अक्टूबर 2022 से गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, रोहतास, भभुआ बक्सर आठ जिलों के जिला के समाहरणालय एवम् प्रखंड कार्यालय में फॉर्म जमा हो रहा है।

आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, महासचिव अभिषेक श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद यादव अधिवक्ता, धर्मेंद्र कुमार निराला, यकित हैदर, मो नवाब, मो ताजुद्दीन आदि स्नातक मतदाता जोड़ो अभियान के तहत गया बार काउंसिल के अध्यक्ष ओम प्रकाश, सचिव मुरारी प्रसाद हिमांशु, पूर्व सचिव रवींद्र कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नोटरी अवधेश शर्मा, लोक अभियोजक स्पेशल सादुल्लाह फारुकी, अधिवक्ता पंकज कुमार, अंबुज कुमार, सहित सभी सम्मानित अधिवक्तागण से मिल कर फॉर्म उपलब्ध कराने, ऑफलाइन, ऑनलाइन आवेदन के बारे में विस्तृत चर्चा किया।



इस अवसर पर नेताओ ने कहा की गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एक मुस्त, एक जगह, सबसे निर्णायक वोट आठ जिला के 35 हजार अधिवक्ताओं का वोट है, जो हमेशा से हरेक बार के चुनाव में सबसे ज्यादा मतदाता बनते है, इसलिए इस बार भी सघन अभियान चला कर शत, प्रतिशत अधिवक्ता अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम निश्चित शामिल करा लें।

## अधिकारी इसी तरह अपने काम पर पर ध्यान दें तो देव नगर पंचायत का विकास में कोई कसर नहीं रहेगा,और देव नगर पंचायत में विकास के गंगा बहेगा।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2022 :-कार्तिक छठ पूजा को तैयारी को लेकर अब देव नगर पंचायत के अधिकारी अपना काम में जुट गए हैं। और देव नगर पंचायत का काम दिखने लगा है। इसी तरह अगर देव नगर पंचायत के अधिकारी देव पर ध्यान दें तो देव नगर पंचायत का विकास में कोई कसर नहीं रहेगा। और देव नगर पंचायत में विकास के गंगा बहेगा।

अब आपको लग रहा होगा कि देव नगर में विकास कहां दिख रहा है। तो आपको बता दूं कि बुधवार के दिन देव छठ पूजा को लेकर देव प्रखंड कार्यालय में औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार, के अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में देव नगर के लोगों ने एक प्रस्ताव रखा था। की देव सब्जी मंडी में इमली के पेड़ तर एक बहुत बड़ा नाला में गड्डा फूट गया है। उसको जितना जल्दी हो ठीक करवाया जाए। नहीं तो आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना उठाना पड़ेगा। इस बात को संज्ञान में लेते हुए एसडीओ विजयंत कुमार ने सभी विभाग के अधिकारियों को बताया था। कि छठ पूजा का अब बहुत कम समय बचा है। इसी में सभी विभाग को अधिकारियों को काम पूरा कर लेना है। एसडीओ के दिशानिर्देश से आज नगर पंचायत देव में काम दिख रहा है। और इमली के पेड़ के पास नाला को काम पूरा हो गया हैं। इसी तरह देव नगर पर ध्यान दिया जाए तो देव नगर के विकास में कोई कसर नहीं रहेगा। और देव नगर पंचायत के जनता अधिकारियों पर उंगली नहीं उठाएंगे।



## औरंगाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां को लेकर आज प्राधिकार के सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ की बैठक ।

दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2022 :- राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां को लेकर प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश प्रणव शंकर द्वारा प्राधिकार के सभाकक्ष में

प्राधिकार से सम्बद्ध सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ आज बैठक किया गया जिसमें सचिव के द्वारा पैनल अधिवक्ताओं से अगले राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले को सभी मामलें में सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु सहयोग की अपील किया गया। सचिव ने पिछले लोक अदालत की सफलता में पैनल अधिवाक्ताओ की महत्वपूर्ण सहयोग को सराहते हुए पुनः सहयोग माँगा ,जिसपर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने सहमति प्रदान की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही गई है उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि करते हुए न्यायविद सतीश कुमार सिंह स्नेही ने बताया कि प्राधिकार के सचिव ने अधिवक्ताओं के साथ में बैठक में कहा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जो 12 नवंबर 2022 को आयोजित होने जा रही है वह साल की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत है जिसको यादगार बनाना है और निष्पादन के मामले में सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु हम सभी को कार्रवाई करनी होगी, इसमें सभी को इस बात का भी ध्यान रखना होगा की आगामी कुछ दिनों में दीपावली की छुट्टियां भी होगी। अतः समय बेहद कम है जिसका अभी से ही पूर्ण रूप से उपयोग करते हुए कार्रवाई करनी होगी तथा उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु हमें कई कार्यक्रमों को आयोजन करनी पड़ेगी जिसमें सभी की सहयोग आवश्यक है इस पर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने अपनी सहमत प्रकट की



## आरक्षण विरोधी भाजपा का पोल खोल कार्यक्रम के तहत जदयू के धरना प्रदर्शन

नालन्दाः आरक्षण विरोधी भाजपा का पोल खोल कार्यक्रम के तहत नालंदा जिला जनता दल यूनाइटेड के द्वारा अस्पताल चौराहा पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस धरना के आयोजन में मुख्य रूप से बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार अस्थावां विधानसभा के विधायक डॉ जितेंद्र कुमार राजगीर विधायक कौशल किशोर के अलावे कई जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा का पोल खोल धरना कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने अमित शाह के बार-बार बिहार आने की बात को लेकर कहा कि अमित शाह का बिहार में आने पर बार-बार स्वागत है। उनके आने से बिहार को कुछ लाभ तो नहीं होगा लेकिन बिहार में आकर लोगों के बीच तनाव पैदा जरूर कर रहे हैं। वही नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2006 में ही अति पिछड़ा, महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया और इसके बाद कई बार चुनाव भी हो चुके हैं लेकिन 2022 में नगर पंचायत चुनाव के बीच में एक स्पेशल कोर्ट बैठाकर नगर निकाय चुनाव को रद्द कर दिया जाता है। कही न कही नीतीश कुमार के छवि को बदनाम करने का प्रयास बीजेपी के द्वारा किया गया है। इतना ही नहीं अति पिछड़ा को जो आरक्षण मिल रहा था उसे भी रोकने का काम किया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में जब तक सांस बची है जब तक आरक्षण देने का काम करते रहेंगे इसके लिए हमें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना क्यों ना पड़े।




इस मौके पर पूर्व विधायक चंद्रसेन जदयू जिला अध्यक्ष सिया शरण ठाकुर के अलावे जदयू नेता अनिल सिंह राकेश पटेल उर्फ राकेश मुखिया मीरा कुमारी बनारस प्रसाद धनंजय देव शशिकांत टोनी, गुलरेज, अकबर अली परमानंद चंद्रवंशी के अलावे कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

## नामांकन में धांधली का आरोप लगा छात्रों ने ताला जड़कर किया हंगामा : मौके पर पहुंची पुलिस।

नालंदाः नालंदा कॉलेज में बीएड स्पॉट नामांकन में धांधली का आरोप लगा दूसरे दिन भी छात्रों ने नालंदा कॉलेज में ताला जड़कर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इसके पूर्व प्रशासन भवन और बीएड विभाग में ताला जड़ दिया ।

नालंदा कॉलेज प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि स्पॉट एडमिशन में धांधली की गयी है। 65 फीसद अंक लाने वालों को नहीं लिया गया है। जबकि, 45 फीसद से अधिक अंक लाने वालों का नामांकन हुआ है। इनमें से छह ऐसे आवेदक हैं। जिन्होंने कोई सर्टिफिकेट जमा नहीं किया है। बावजूद, उनका नाम सूची में आया है।हंगामा की सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर उग्र छात्रों को समझाने का प्रयास कर रही है मगर छात्र अपनी मांग पर अड़े हुए हैं ।



मौके पर प्रदर्शन में सन्नी पटेल, गौरव, सतीश, संजीत कुमार, आदित्य कुमार, अंजनीकांत बंसल, संजीत यादव व अन्य शामिल थे। वहीं प्राचार्य प्रो. डॉ. रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि बीएड में नामांकन विश्वविद्यालय के जारी गाइडलाइन के अनुसार ही ली गयी है। इसमें किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। यहां सभी सीटें भर चुकी है।

## औरंगाबाद जिले के सांसद सुशील कुमार सिंह ने केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को सौपा ज्ञापन।

### वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लिए ठल्ठअकद्वारा रोहतास जिले के डेहरी ऑन- सोन में 5-6 लाख तथा औरंगाबाद जिले में 60 लाख रुपये का प्रावधान।

दैनिक समाज जागरण,आनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ

औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2022 :- औरंगाबाद जिले के सांसद सुशील कुमार सिंह ने केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौपा और केंद्रीय मंत्री को सभी बातों से अवगत कराते हुए कहा कि आप अवगत ही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को सिक्स लेन बनाए जाने का कार्य जोर शोर से जारी है ,इस क्रम में बिहार के रोहतास जिले में डेहरी ऑन सोन में इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा को अन्यत्र स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। मुझे स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया है कि इस मूर्ति के स्थानांतरण हेतु ठल्ठअक द्वारा मात्र 5-6 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है , जबकि इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर औरंगाबाद में महाराणा प्रताप की स्थापित प्रतिमा को अन्यत्र स्थानांतरण हेतु 60 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।



सांसद ने कहा बाबू वीर कुँवर सिंह बिहार के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी एवं आजादी के आंदोलन के नेतृत्वकर्ता रहे है एवं देशभर में बाबू वीर कुँवर सिंह का नाम आदर से लिया जाता है और ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा की स्थापना अथवा अन्यत्र स्थानांतरण ऐसी महान विभूति की सम्मान, ख्याति एवं त्याग के अनुसार ही किया जाना चाहिए

ऐसी स्थिति में सांसद ने आग्रह किया है कि वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा स्थानांतरण हेतु उपयुक्त राशि का आवंटन किया जाए ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनकी भव्य प्रतिमा की स्थापना हो सके।

## लोक आस्था का महापर्व " चार दिवसीय कार्तिक छठ" को लेकर प्रखंड कार्यालय देव के सभाकक्ष में बैठक संपन्न

### समीक्षा के पश्चात एसडीओ ने दिशानिर्देश में कहाँ कोई भी एक दूसरे पर फेका फेकी नहीं करेंगे और अपने कार्य में सभी विभाग लग जाएंगे।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2022 :- लोक आस्था का महापर्व ,चार दिवसीय कार्तिक छठ को लेकर प्रखंड कार्यालय देव के सभाकक्ष में बुधवार को औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार, के अध्यक्षता में बैठक किया गया।

बैठक में सभी विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे।

बैठक में देव आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह का दिक्कत ना हो उसको लेकर चर्चा किया गया। जैसे स्वास्थ्य, ठहरने की ब्यवस्था, पानी, बिजली, सड़क, नाली, पार्किंग इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। देव मेला ग्राउंड में कहां पर क्या दिक्कत है। सभी ने बारी- बारी से अपनी बातों को रखते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराया। और कहां पर क्या दिक्कत है की जानकारी दिया। जिसे चिन्हित किया गया।



एसडीओ ने सभी विभाग के अधिकारियों को कहा कि छठ पूजा का समय अब 15 से 16 दिन बच रहा है। जिस विभाग के जो जिम्मेवारी दी गई है। वह किसी एक दूसरे पर फेका फेकी नहीं करेंगे। और कल से अपना कार्य में सभी विभाग जुट जाएंगे। और समय रहते सभी कार्य को पूरा करना है। ताकि आने वाली किसी श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो।

बैठक में देव प्रखंड के प्रखंड़ विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार, अंचला अधिकारी आशुतोष कुमार, औरंगाबाद डीटीओ बालमुकुंद प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी देव सचिन कुमार नगर पंचायत, बीएलओ कुंदन कुमार, समाजसेवी आलोक सिंह, दिलीप राज, मुनीर खान, गोलू कुमार, नंदलाल मेहता, अमोद कुमार, के साथ-साथ अन्य देव के लोग मौजूद थे।

## राज कृष्णा ट्रस्ट रजौली में खोलेगा तीन विद्यालय और महाविद्यालय

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा (बिहार)। शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज कृष्णा ट्रस्ट जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली में तीन विद्यालय और महाविद्यालय की स्थापना करने की योजना पर काम चल रहा है। शीघ्र ही इस योजना को अमल में लाने के लिए काम शुरू किया जायेगा। यह जानकारी राजद की नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाशवीर ने दी। वे ट्रस्ट की तरफ से जरूरतमंद छात्र - छात्राओं के बीच पाठ्यसामग्रियों का वितरण कर रहे थे।

विधायक प्रकाशवीर की उपस्थिति में रजौली प्रखण्ड के हरदिया पंचायत स्थित दो प्राथमिक विद्यालयों में सम्पूर्ण पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया । विधायक विभा देवी के निर्देश पर श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा जारी पाठ्य सामग्री वितरण अभियान के तहत अब तक रजौली के सुदूर जंगली इलाके में 10 विद्यालयों के शतप्रतिशत बच्चों को पाठ्य सामग्री प्रदान की गयी। आज हरदिया सेक्टर सी और हरदिया प्राथमिक विद्यालय के 350 बच्चों को किताब, कॉपी, बैग, टीएलएम आदि प्रदान की गयी।



वितरण के दौरान विधायक प्रकाशवीर ने बच्चों को नियमित विद्याध्ययन की सीख दी। उन्होंने बड़ों, गुरुजनों का सम्मान करने और साफ सफाई के साथ नियमित विद्यालय आने का सन्देश दिया। शिक्षकों को भी ईमानदारी पूर्वक तालीम देने की सीख दी गयी।

प्रकाशवीर के मुताबिक रजौली के सुदूर जंगली क्षेत्र में पूर्व राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सपनों को गति देने के लिए महाविद्यालय या विश्वविद्यालय खोलने की योजना है।

फिलहाल सिंगर, मरमो और भानेखाप गाँव में ट्रस्ट की ओर से विद्यालय चलाये जायेंगे जिसका उद्घाटन जिले भर की नामचीन हस्तियां करेंगी.

वितरण अभियान में क्षेत्रीय समाज सेवी पिंटू साव, नवशिश साव , बिजय यादव , जवाहर यादव, बच्चू राजवंशी, जीतेन्द्र लाल , सत्येंद्र सिन्हा के अलावे नंदकिशोर बाजपेयी , ललन सिंह , छोटे सिंह, मनीष कुमार, पंकज यादव, उपेन्द्र यादव, सुंदर यादव , सुखदेव यादव , सत्येंद्र यादव आदि शामिल थे ।

## डेंगू की रोकथाम तथा छठ पूर्व तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

नालंदाः डेंगू से पीड़ित लोगों के समुचित इलाज तथा इसके प्रसार के रोकथाम एवं छठ पूर्व तैयारी को लेकर जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को डेंगू के प्रत्येक मामले में मरीज का संपूर्ण पता सहित सूची तैयार रखने तथा इसे प्रतिदिन अद्यतन कराने का दायित्व दिया गया।

सभी नगर निकाय क्षेत्रों में कम से कम प्रत्येक 2 दिनों में एक बार अनिवार्य रूप से फॉगिंग तथा एंटी लार्वा स्प्रे सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को दिया गया। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फॉगिंग मशीन की भाड़े पर व्यवस्था करने को कहा गया।

जहां भी डेंगू के पॉजिटिव मामले आ रहे हैं, वहां घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन फॉगिंग कराने को कहा गया। प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य सिविल सर्जन की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से सुनिश्चित कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अब तक 60 ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग कराया गया है।

सभी प्रखंडों में एंबुलेंस को तैयार स्थिति में रखने का निर्देश दिया गया। सभी पीएचसी, रेफरल अस्पताल एवं अनुमंडलीय अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए अलग से बेड की व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडलीय अस्पतालों में कम से कम दस बेड की व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया। अस्पताल में भर्ती होने वाले डेंगू के प्रत्येक मरीज को अनिवार्य रूप से मच्छरदानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। डेंगू से प्रभावित गांव में प्राथमिकता देते हुए त्वरित फॉगिंग सुनिश्चित कराने को कहा गया।



नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डों में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग एवं एंटी लारवा स्प्रे कराया जा रहा है। डेंगू के पॉजिटिव मामले वाले क्षेत्रों में रोस्टर के अतिरिक्त भी फॉगिंग कराया जा रहा है।

डेंगू के रोकथाम के लिए कराए जा रहे सभी कार्यों के सतत अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर कोषांग का गठन किया गया है।

छठ पूर्व तैयारी को लेकर सभी नगर निकाय क्षेत्रों में नए शामिल क्षेत्रों को समाहित करते हुए छठ घाटों की सूची तैयार करने का निर्देश सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को दिया गया। सभी घाटों पर विशेष रूप से साफ-सफाई के लिए अभी से ही कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा छठ घाटों पर लाइटिंग, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए भी पूर्व तैयारी सुनिश्चित रखने को कहा गया।

छठ घाटों की बैरिकेडिंग की व्यवस्था करते हुए गहराई वाले क्षेत्र को लाल झंडा लगाकर चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।

सभी महत्वपूर्ण घाटों पर नाव एवं गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। महत्वपूर्ण घाटों पर एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

## पिपेश्वरनाथ मंदिर जाने के लिए नहीं हैं पक्की सड़क, जल्द होना चाहिए सड़क निर्माण- प्रधान बीरेंद्र पंडा

बौंसी/बांका:- बौंसी प्रखंड के श्यामबाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिव मंदिर पिपेश्वरनाथ धाम जाने के लिए अभी तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि पिपेश्वरनाथ महादेव मंदिर इस प्रखंड के सुप्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक है, परंतु दुर्भाग्य देखिए कि अब तक मंदिर जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं किया गया। इस संबंध में मंदिर के प्रधान पुजारी वीरेंद्र पंडा ने बताया के सरकारें आती रही और सरकारें जाती रही किंतु सभी ने सिर्फ आश्वासन ही दिया। अभी तक मंदिर आने के लिए श्रद्धालुओं को कच्ची सड़क का ही इस्तेमाल करना पड़ता है। सबसे बड़ी दुविधा की बात यह है कि बौंसी-हंसडीहा मुख्य मार्ग स्थित मंदिर मोड़ से मंदिर तक बरसात के दिन में यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है साथ ही रास्ते में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं, जिस कारण श्रद्धालुओं को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ इतना हो जाता है



कि दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन के साथ साथ पैदल चलना भी श्रद्धालुओं के लिए मुश्किल हो जाता है। इस संबंध में बीरेंद्र पंडा ने दैनिक समाज जागरण को बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों को भी इस मामले से अवगत कराया था, किंतु आज तक इसका समाधान नहीं निकल पाया। मंदिर पूजा करने आए एक श्रद्धालु दीपक कुमार ने बातचीत के क्रम में दैनिक समाज जागरण को बताया कि जिले के सभी शिव मंदिरों में जाने के लिए सड़कें है किंतु इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है क्षेत्र के लोगों की काफी श्रद्धा इस मंदिर से जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा यह एक पुरातन और प्रसिद्ध शिव मंदिर है फिर भी यहां जाने के लिए अभी तक पक्की सड़क नहीं है। श्रद्धालुओं की मांग है कि यहां भी भागलपुर दुमका मुख्य मार्ग के मंदिर मोड़ से मंदिर तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाय।

## डीलरों के विरुद्ध लगातार मिल रहे शिकायत पर उप प्रमुख फुल्लीडुमर ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को कार्यवाही करने का दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र में कई डीलरों के विरुद्ध मिल रहे शिकायत पर फुल्लीडुमर प्रखंड के उपप्रमुख बेनी शंकर यादव ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नवीन कुमार को फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने का निर्दोष दियो वहीं प्रमुख श्री यादव ने अपने कार्यालय वेश्म में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नवीन कुमार को बुलाकर निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में डीलरों द्वारा लाभुकों को कम अनाज देने एवं ज्यादा कीमत वसूलने की लगातार शिकायत आ रही है ऐसे मामले में यदि लाभुकों द्वारा डीलर के विरुद्ध शिकायत आती है तो कड़ी



विभागीय कार्यवाही करें ताकि लाभुकों को सही वजन एवं निर्धारित मूल्य पर राशन मिल सके वही बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि अभी वे नए-नए ज्वाइन किए हैं यदि लाभुकों द्वारा डीलर के विरुद्ध शिकायत आती है तो जांच कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी वहीं उप प्रमुख बेनी शंकर यादव एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नवीन कुमार के कड़े रुख से कम अनाज देने वाले डीलरों में हड़कंप मचा है

## बीते कई सालों से दो पक्षों के बीच चल रहा था जमीनी विवाद स्थानीय अमीन एवं जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण ठाकुरगंज अब्दुल जब्बार की रिपोर्ट**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज ठाकुरगंज अन्तर्गत दूधओटी मौजा हरिन डूबल थाना नंबर 67 मैं दो पक्षों के बीच कई सालों से जमीनी विवाद चल रहा था किंतु वादीगण बानू मोहम्मद वो जाकिर वो शहीद प्रतिवादी गण कसम उद्दीन दोनों के बीच जमीन संबंधित तनाव था ग्राम कचहरी सरपंच जवादुल हक पंच प्रतिनिधि सुलेमान की अध्यक्षता में समाज के गणमान्य व्यक्ति की मौजूदगी में एक बैठक हुआ। बैठक में मौजूद स्थानीय अमीन मोहम्मद ताजुद्दीन के द्वारा वादी गण और प्रतिवादी गण की कागजातो का अवलोकन किया तथा मापी कर पिलर गरवा दिया गया कौट की चक्कर मैं ना जाए



तथा प्रतिवादी गण और समाज के गणमान्य व्यक्तियों का कहना है कि हमारे समाज में ऐसी अमीन की जरूरत है जो जमीनी विवाद की मामला को समाज में बैठकर दोनों पार्टी को समझा-बुझाकर थाना और जमीनी विवाद के मामला को निष्पादन यहीं पर हो जो आज स्थानीय अमीन मोहम्मद ताजुद्दीन के द्वारा किया गया निष्पादन स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला

## युवा संगठन कमेटी द्वारा की गई एक दिवसीय जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ठाकुरगंज अब्दुल जब्बार की रिपोर्ट**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज युवा संगठन कमेटी द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नबी ए करीम हजरत मोहम्मद सल्ल्लाहो अलेही वसल्लम की पैदाइश पर हजरत मौलाना उस्मान रहमानी साहब ने संबोधित करते हुए हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब की जिंदगी के बारे में लोगों को किया संबोधित वही उन्होंने कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब इस दुनिया में तशरीफ लेकर आए सारे जहां के लिए रहमत



बनकर आए हैं इसी दरमियान संगठन के सभी सदस्य रहे मुख्य रूप से उपस्थित वहीं उन्होंने संगठन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारी संगठन का मतलब बेसहारों का मदद करना ही हम सभी को संगठन बनाने का मकसद है इस संगठन से जुड़े हुए पंजाब के लुधियाना पूर्णिया किशनगंज सीमांचल बिहार वेस्ट बंगाल उत्तर दिनाजपुर के इलावा अन्य जिला जुड़े हुए हैं वही मौलाना उस्मान रहमानी साहब ने वार्ड नंबर 55 न्यू शिवाजी नगर लुधियाना पंजाब कौंसिल सिमरनजीत सिंह

## भाजपा का आरक्षण विरोधी नीति के खिलाफ जदयू का एक दिवसीय पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण ठाकुरगंज अब्दुल जब्बार की रिपोर्ट**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जब 2005 में मुख्यमंत्री का पद संभाला उसके बाद 2006 में हुए पंचायत चुनाव में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 20 प्रतिशत सीटें अति पिछड़ों के लिए आरक्षित करने का एतिहासिक निर्णय लिया। साथ ही 2007 में नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम के चुनाव में भी 20 प्रतिशत सीटें अति पिछड़ों के लिए आरक्षित करने का काम किया।तब से लेकर तीन बार इसी आरक्षण नीति के तेहत पंचायत एवं नगर चुनाव हो चुका है।जब चौथी बार 18एवं 20 अक्तुबर को ये चुनाव होने वाला था तो बीजीपी ने साजिश कर कोर्ट का सहारा लेकर आरक्षण खत्म करने का काम किया है। जिसके खिलाफ बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। केन्द्र सरकार ने बिहार सरकार के जातिगत जनगणना कराने की मांग को भी ठुकराने का काम किया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने खजाने से 500 करोड़ रुपए देकर जातिगत जनगणना कराने का एतिहासिक निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री सह जदयू जिलाध्यक्ष नौशाद आलम ने अपने संबोधन में पार्टी के सभी



पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार प्रकट किया कि इतनी बड़ी तादाद में लोग पहुंच कर धरने को कामयाब किया। धरने में सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष,सभी प्रखंड अध्यक्ष सहित से सैकड़ों जदयू के वरिष्ठ नेता थे मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री मंजर आलम, जदयू संगठन प्रभारी पवन मिश्रा, जदयू संगठन प्रभारी किशनगंज राज कुमार गुप्ता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संगठन प्रभारी उमेश चंद्र राय, पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष फिरोज अंजुम, वरिष्ठ जदयू नेता कमाल अंजुम, जदयू जिला उपाध्यक्ष विजय झा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम, अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बलराम दास,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नूर मोहम्मद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जानकी सिंहा,शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रो साजिद अकरम, पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सलमान, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इन्जिनियर मसूद आलम, मुखिया प्रतिनिधि कारी मशकूर अहमद, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष आमिर मिन्हाज, बहादुरगंज नगर अध्यक्ष बंटी सिंहा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नजरूल, दिघलबैंक प्रखंड अध्यक्ष अजीत चौबे,आदि ने संबोधित किया।मंच संचालन पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष प्रो बुलंद अख्तर हाश्मी तनवीर अली, मुखिया नसीम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि शाकिर आलम,नौसाद कालिस,रजी खान, ओसामा प्यारे,महफोज आलम,नुरूल हुदा, अंजार आलम,जियाउर रहमान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सोफियान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शाहिद आलम, जदयू नेता नजीरूल इस्लाम आदि शामिल रहे।

## शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांका। बौंसी पुलिस के द्वारा शराब तस्करी के मामले में कई महीनों से फरार चल रहे एक आरोपी को कल बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को गुरुवार को बौंसी स्थित रेफरल अस्पताल में कोरोना जांच कराने के बाद पुलिस अभिरक्षा में बांका जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बौंसी थानाप्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि 16 मार्च को बिहार-झारखंड सीमा स्थित भलजोर चेक पोस्ट के समीप शराब लदे दो चार पहिया वाहन को जांच के क्रम में पकड़ा गया था। उक्त पकड़े गए प्रथम वाहन, हौंडा सिटी से 159.120 तथा दूसरे वाहन, वेरना गाड़ी से 386.78 लीटर विदेशी शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी गई थी। उसी समय से आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस लगातार आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी।

घटना के 6 माह के बाद वेरना वाहन के चालक-सह-



मालिक को पूछताछ के लिए बौंसी थाने बुलाया गया था। पूछताछ के क्रम में बेगूसराय जिले के मटिहानी थानाक्षेत्र के जगतपुरा गांव के वार्ड नंबर 09 के निवासी श्यामसुंदर सिंह के पुत्र विभूति कुमार को उक्त घटना में आरोप सिद्ध होने पर गिरफ्तार कर लिया गया। थानाप्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि इस मामले में अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में आज गुरुवार को बांका जेल भेज दिया गया।

## बारापघार स्थित कलबलचक मैदान में आयोजित चंगाई प्रार्थना सभा के आज दूसरे दिन उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित बारापघार गांव के कलबलचक मैदान में तीन दिवसीय चंगाई प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। चंगाई प्रार्थना सभा में आज दूसरे दिन की प्रार्थना में प्रभु यीशु के द्वारा दिए गए वचनों को बतलाया गया। बताते चलें कि इस चंगाई प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से रायमन हांसदा के द्वारा लोगों को प्रभु यीशु मसीह के द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों को बताया जा रहा है। रायमन हांसदा द्वारा इस चंगाई सभा में बताया गया कि, प्रभु यीशु परमेश्वर के पुत्र हैं। उनकी शरण में आने वाले लोगों को परमेश्वर पाप से मुक्त करते हैं। उन्होंने मनुष्य को एक दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया है तथा सभी को सच्चाई के साथ और बुराइयों से दूर रहना चाहिए। परमेश्वर से मुंह मत मोड़ो। एक दिन आप उनसे आमने-सामने मिलेंगे। मन फिराएं और यीशु मसीह को खोजें, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। उन पर विश्वास करो, और आप अपने सभी पापों के लिए क्षमा प्राप्त करेंगे और परमेश्वर के साथ शांति प्राप्त करेंगे। ज्ञात हो कि यह चंगाई सभा 12 अक्टूबर को आरंभ हुआ जो आज 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रार्थना सभा में बिहार-झारखंड-बंगाल के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों से क्रिश्चियन समुदाय के लोग भाग लेने के लिए पहुंचे रहे हैं। आज भी झारखंड से बहुत सारे व्यक्ति



चंगाई स्थल पर एकत्रित हुए। बताते चलें कि इस चंगाई सभा में जो भी व्यक्ति आ रहे हैं उनके रहने और खाने की पूरी व्यवस्था आयोजन कमेटी के द्वारा की गई है। यहां रहना और खाना-पीना बिल्कुल फ्री है। सुबह दाल-भात एवं रात्रि में खिचड़ी खाना में दिया जाता है। प्रतिदिन कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से आरंभ होता है जो रात्रि 10:00 बजे तक चलता है। प्रार्थना सभा के आयोजनकर्ता का कहना है इस प्रार्थना सभा में सभी स्वेच्छा से आते हैं, भजन करते हैं, परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस कार्यक्रम में बाहर से आये म्यूजिकल पार्टी भी शिरकत कर रहे हैं जिनके संगीत की धुन से लोग अच्छे प्रभावित हो रहे हैं। मौके पर फ्रांसिस मुर्मू, अर्जुन हांसदा, क्रिस्टोफर टुडू, जेवल सोरेन,गोपीन सोरेन सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## रक्त की कमी के कारण दोस्त की पत्नी की गई जान तो बना डाली हजारों रक्तदाताओं की सेना

### जाकिर हुसैन की कहानी बन गयी मिसाल

**दैनिक समाज जागरण ठाकुरगंज अब्दुल जब्बार की रिपोर्ट**

दैनिक समाज जागरण किशनगंज हमारे देश में अक्सर रक्त की कमी से मरीजों की मौत हो जाती है, लेकिन अब एक युवक रक्तदान के मैदान में कम कर रक्त कमी को पूरा करने का प्रयास कर रहा है।पत्रकारिता से जुड़े आजमगढ़ के जाकिर हुसैन नाम नौजवान ने तीन साल पहले ब्लड डोनेट ग्रुप( अल फलाह फाउंडेशन) बनाया और मरीजों को मुफ्त रक्त उपलब्ध कराया।रक्तदान समूह बनने से लगभग बारह साल पहले जाकिर हुसैन समाज सेवा से जुड़े हुए हैं।आपके ग्रुप के माध्यम से अब तक 417 मरीजों को निःशुल्क रक्त दिया जा चुका है। ग्रुप से जुड़े अखिलेश मौर्या कहते है" हमने अक्सर आधी रात को और अक्सर



सुबह तीन बजे मरीजों के लिए मुफ्त रक्तदान किया है। अल फलाह फाउंडेशन( ब्लड डोनेट ग्रुप) से जुड़े अश्विन अगरकर कहते हैं"इस युवक ने बहुत ही कम समय में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और कम से कम आजमगढ़ और जौनपुर में अब जनता को रक्त के लिए परेशानी होना नहीं पड़ता।

पेशे से जाकिर हुसैन की कहानी है कि उनके एक पत्रकार मित्र की पत्नी को खून नहीं मिला और उनकी मौत हो गई. तभी से जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि वो एक संगठन बनाकर रोगियों को मुफ्त रक्त उपलब्ध कराएगा आज आपके संगठन से 417 रोगियों को मुफ्त रक्त मिल चुका है अब अल फलाह फाउंडेशन बिहार के किशनगंज जिला में भी डोनेशन के लिए तैय्यार हैं किशनगंज से हमारे जिम्मेदार साथी मासूम अली साहब हैं ।

## भारत मे प्रतिवर्ष लगभग दो लाख महिलाओं की स्तन कैंसर के कारण होती है असामयिक मृत्युः- डॉ० संतोष

रामगढ़ ( कैमूर) संपूर्ण विश्व मे अक्टूबर महिने को ' विश्व स्तन कैंसर जागरूकता ' माह के रूप मे मनाते है। इस कड़ी मे आईएमए भभुआ ( कैमूर) शाखा द्वारा लोगों को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करने हेतू रेफरल अस्पताल रामगढ़ से रामगढ़ बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मे उपस्थित आईएमए कैमूर सह राज्य संयुक्त सचिव डॉ० संतोष सिंह ने कहा कि भारत मे प्रतिवर्ष स्तन कैंसर से लगभग दो लाख महिलाओं की असामयिक मृत्यु होती है जिसे जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। अगर किसी महिला के स्तन या कांख मे गाँठ हो, स्तन के आकार मे बदलाव , स्तन के ऊपर लालिमा हो, स्तन की त्वचा पर कड़ापन हो, स्तन से मवाद या खून का आना इत्यादि लक्षण दिखे तो तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें।आगे कहते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर की सलाह पर मैमोग्राम स्क्रीनिंग करानी चाहिए। अगर रिस्क अधिक हो तो एमआरआई, बायोप्सी इत्यादी करानी चाहिए। कुछ लोगों





को प्रारंभिक लक्षण नहीं दिखता इसलिए 40 साल के ऊपर की महिलाओ को साल मे एक बार मैमोग्राम स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। आमतौर पर स्तन कैंसर होने के निम्न कारण हैं , वजन का बढना, फिजिकल एक्टिविटी नही करना , जेनेटिक बीमारी होना , हार्मोन मे बदलाव, बच्चे पैदा नही करना या देर से पैदा करना, बच्चे को दूध नही पिलाना इत्यादि । ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढता शारीरिक रोग है लेकिन इसको सावधानी एवं उचित परामर्श से टाला जा सकता है । अगर प्रारंभिक स्टेज मे इसको पहचान कर इलाज शुरू होने पर स्तन कैंसर को ठीक किया जा सकता है । उपस्थित आशा से अनुरोध किया गया वे ग्रामीण महिलाओ को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करें । इस अवसर पर रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ० सुरेंद्र सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ० एम के उपाध्याय, डॉ० हीरा सिंह, डॉ० रवि शंकर, डॉ० रफीक आलम , डॉ० संजय कुमार , डॉ० संजय सिंह , डॉ० सर्वेश कुमार सिंह, डा० मनीष कुमार सिन्हा व अन्य आशा कर्मी मौजूद रहे।

## अध्ययन केंद्र के माध्यम से सभी पी जी, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जायेगा ।

भभुआ कैमूर आज सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के नूतन भवन में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र का उद्धघाटन प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया । साथ ही रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के भी कार्यालय का उद्धघाटन किया गया । प्राचार्य ने बताया कि इस अध्ययन केंद्र के माध्यम से सभी पी जी, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जायेगा । यह अध्ययन केंद्र इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र,पटना द्वारा संचलित होगा । इस अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अजीत कुमार राय को बनाया गया है । डॉ अजीत कुमार राय ने बताया कि विभिन्न विषयों के लिए एकेडमिक काउंसलर की नियुक्ति की जा रही है । जल्द ही अध्ययन केंद्र से पठन पाठन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। साथ ही शोध गतिविधियो को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के ऑफिस का भी उद्धघाटन किया गया । इस सेल के माध्यम से कालेज में विभिन्न एकेडमिक , शैक्षणिक एवम शोध गतिविधियों को बढ़ाया जायेगा । इस सेल के सह समन्वयक डॉ आनन्द प्रकाश, समन्वयक डॉ अजीत कुमार राय एवम सेल के पांच उपखंड के विभिन्न समन्वयक डा अखिलेंद्र तिवारी, डॉ सीमा सिंह, डॉ सुमित राय है । इस अवसर पर डॉ महेश प्रसाद, डॉ सीमा पटेल,डॉ नेयाज अहमद सिद्दीकी, बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ सीमा सिंह, डॉ सोनल , डॉ मुकेश, डॉ धनंजय राय, श्री आशुतोष सिंह, श्री सोनल पटेल, श्री अंगद पटेल, पुस्तकालय प्रभारी श्री सत्येंद्र कुमार, श्री अवधेश कुमार, श्री प्रदीप कुमार, श्री विनोदवर्धन, श्री जयप्रकाश, और छात्रों में ओमप्रकाश, पंकज, अंकित , सिद्धांत उपस्थित थे ।

## आनंदपुर ओपी पुलिस ने गुहजोरा गांव से 20 लीटर महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चांदन/बांका/शराब, एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ सत्यप्रकाश के निर्देश पर आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में ए एस आई श्याम जी रजक व पुलिस बल के सहयोग से चांदवारी पंचायत के गुहजोरा गांव में गुरुवार को, सघन छापेमारी कर अधीन पासवान व लालू पासवान दोनों पिता स्वर्गीय



एतवारी पासवान के घर से 20 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए आनंदपुर ओपी थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि बिहार में पुर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब कारोबारी चोरी छिपे शराब बनाकर कारोबार करने में मसगुल है। जिसकी सूचना पर गिरफ्तार अधीन पासवान व लालू पासवान दोनों शराब कारोबारी के विरुद्ध मद्द उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में गुरुवार को बांका न्यायालय भेज दिया गया।

## कामदेवडीह गांव की महिला ने गाली गलौज एवं मारपीट करने को लेकरे छहे के विरुद्ध कटोरिया थाना में दिया आवेदन।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट ।**

कटोरिया थाना क्षेत्र के कामदेवडीह गांव की महिला धनसरी देवी ने गांव के छह व्यक्तियों के विरुद्ध कटोरिया थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है ।अपने दिए गए आवेदन में धनसरी देवी ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात अपने घर पर थी। तभी गांव के उर्मिला देवी त्रिलोकी यादव ,गुड़ा देवी, कविता देवी ,बुद्धू



यादव, सनोज यादव घर में प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा ।विरोध करने पर पुत्रवधू के साथ भी मारपीट किया एवं जमीन पर पटक दिया । इसी बात को लेकर महिला ने कटोरिया थाना में 6 व्यक्ति के विरुद्ध आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है

## धनुवसार पंचायत के मुखिया पति से फोन पर मांगा 5 लाख रंगदारी। रुपया नहीं देने पर जान मारने दिया धमकी।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

सुईया थाना क्षेत्र के धनुवसार पंचायत के मुखिया बिंदु भारती के पति भोला यादव के मोबाइल फोन पर गुरुवार को 5 लाख रंगदारी की मांग की गई । रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दी गई ।



रंगदारी मांगने वाला का मोबाइल नंबर 62001 395 52 है। रंगदारी मांगने वाला बैंक खाता भी मुखिया पति को दिया ।

जिसका नंबर 15133211 040 578 है। रंगदारी का फोन आने के बाद मुखिया पति तनाव में है।भोला यादव ने सुईया थाना में मोबाइल और खाता संख्या देखकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है ।

बता दें कि भोला यादव धनुवसार पंचायत के मुखिया पति के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। सुईया पुलिस मोबाइल नंबर का जांच करते हुए आरोपी तक पहुंचने प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही बैंक खाते का भी पता किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक फोन करने वाला का खुलासा नहीं हो पाया है

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस शराब के नशे में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जुमार्ना हेतु बांका भेजा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडी गांव से शराब के नशे में धुत एक शराबी को फुल्लीडुमर थाना की पुलिस गुरुवार को गिरफ्तार कर जुमार्ना हेतु बांका कोर्ट भेज दिया है फुल्लीडुमर थाने से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं





एएसआई रामसेवक महतो द्वारा गुरुवार को क्षेत्रीय गश्ती के दौरान नगरडीह गांव से उमेश मंडल को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है साथ ही गिरफ्तार शराबी की फूलीडूमर अस्पताल में जांच कराकर उसे जुमार्ना हेतु बांका कोट भेज दिया गया है

## प्रखंड विकास पदाधिकारी फुल्लीडुमर ने पीएम आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक आवास सहायकों के साथ की

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

प्रखंड विकास पदाधिकारी फुल्लीडुमर ने गुरुवार को अपने कार्यालय वेश्म में आवास सहायकों के साथ की समीक्षात्मक बैठके बैठक में प्रखंड विकास



पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा बनाए जा रहे अधूरे आवास को पूरा कराने, जिनका आवास कार्य पूर्ण हो गया है उसकी जानकारी देने, सहित अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश आवास सहायकों को बैठक में दी साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बैठक में प्रत्येक पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित भवन में नूतन गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के समीक्षात्मक बैठक में आवास सहायक रवि रंजन कुमार, प्रीतम कुमार, निर्भयकांत लोकेश, प्रियंका रानी, पंकज ,विकास एवं दीपक कुमार सिंह उपस्थित थे

### तीन दिवसीय पांचवी साउथ एशियन जियोसाइंस कॉन्फ्रेंस जियो इण्डिया 2022 जयपुर में 14 अक्टूबर से

## प्राकृतिक गैस और तेल के बेहतर उत्पादन के नवीनतम शोधों पर होगी चर्चा

### केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी करेंगे उद्घाटन नवीनतम शोधों पर चर्चा करेंगे दुनियाभर के नामी विशेषज्ञ

प्राकृतिक गैस और तेल के बेहतर उत्पादन पर हुए नवीनतम शोधों को साझा करने के लिए तीन दिवसीय पांचवी साउथ एशियन जियोसाइंस कॉन्फ्रेंस जियो इण्डिया 2022 का आयोजन जेईसीसी सीतापुरा, जयपुर में कल 14 अक्टूबर शुक्रवार से आरंभ होगा। केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस व शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करेंगे। एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट (एपीजी) की ओर से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे और यूरोपीय संघ सहित अन्य देशों के सौ से अधिक विशेषज्ञ मुद्दों पर चर्चा करने और अपने अनुभव साझा करने के लिए भाग लेंगे।

इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए एपीजी के संरक्षक व ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) के सीएमडी श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, ने बताया कि पिछले 15 वर्षों में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में जियोइण्डिया कॉन्फ्रेंस का दर्जा बढ़ा है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन 14 अक्टूबर की सुबह मुख्य अतिथि केन्द्रीय पीएनजी और आवास और शहरी मामलों के माननीय मंत्री श्री हरदीप एस पुरी करेंगे। सचिव एमओपीएनजी श्री पंकज जैन, महानिदेशक, डीजीएच श्री एस सी एल दास, और सीएमडी, ऑयल इण्डिया लिमिटेड डॉ रंजीत रथ भी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके अलावा, इस आयोजन में प्रमुख नीति निमार्ताओं, अंतरराष्ट्रीय तेल कम्पनियों (आईओसी) और राष्ट्रीय तेल कम्पनियों (एनओसी) के शीर्ष प्रबंधन कर्मियों, सेवा प्रदाताओं, और प्रमुख शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई दिग्गज होंगे, जो ध्यानपूर्वक चार्टर्ड प्लेनरी सत्र और तीन पैनल गहन मंथन करेंगे।

इस कॉन्फ्रेंस में भारत के अलावा अमेरिका, नॉर्वे, ब्रिटेन समेत अन्य देशों के सौ से अधिक भूविज्ञान और भूभौतिकी विशेषज्ञ शामिल होंगे. सम्मेलन तेजी से बदलती दुनिया में ऊर्जा संक्रमण के संदर्भ में तेल और गैस की भूमिका पर विचार-मंथन करेगा। इसलिए, ह्यफॉसिल (जीवाश्म) ईंधन, डीकार्बनाइजेशन और चेंजिंग एनर्जी डायनेमिक्सह्य को सम्मेलन के लिए एक विषय के रूप में चुना गया है।

एपीजी के अध्यक्ष श्री एस एन चिटनिस (ओएनजीसी में कार्यकारी निदेशक) ने बताया कि सम्मेलन में 200 से अधिक तकनीकी पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें 1500 से अधिक भू-वैज्ञानिक और 600 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

तकनीकी पत्रों की प्रस्तुति के अलावा, इस सम्मेलन में वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा भविष्य में भारत की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए एचसी के उत्पादन के साथ-साथ शून्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत के उद्योग विशेषज्ञों के साथ जस्टिन मर्फी, जहीर इब्राहिम, यूएसए के चार्ल्स बोएट, नॉर्वे के देसिकन सुंदरराजन आदि जैसे विशेषज्ञ सम्मेलन में अपने अत्याधुनिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी को साझा करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू छात्रों का कार्यक्रम भी है, जहां भू-विज्ञान के छात्रों को पेट्रोलियम उद्योग की पेशेवर बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे ऊर्जा के जरूतरमंद विकासशील राष्ट्र के भविष्य के ऊर्जा सैनिकों के रूप में तैयार हो सकें।

**सम्पादकों के लिए टिप्पणी:**

गौरलतब है कि अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट (एएपीजी) 129 देशों में 40,000 से अधिक सदस्यों के साथ दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर भूवैज्ञानिक समाजों में से एक है। एएपीजी भूविज्ञान के विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है, खासकर जब यह पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, अन्य सबसरफेस लिक्विड और खनिज संसाधनों से संबंधित है; आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से इन सामग्रियों की खोज, खोज और उत्पादन की तकनीक को बढ़ावा देने; और अपने सदस्यों के पेशेवर कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए यह संगठन कार्यरत है।

एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट इंडिया की भारत शाखा है। यह एक मंच है जो पेट्रोलियम भूवैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक मंच पर चर्चा, विचार-विमर्श करने और भू-विज्ञान से संबंधित सार्थक शैक्षिक और वैज्ञानिक कार्यक्रमों या परियोजनाओं का समर्थन करने के तरीकों और साधनों की योजना बनाने के लिए एक मंच पर लाता है। यह पेट्रोलियम भूविज्ञान के विज्ञान की प्रगति और आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से ध्वनि तरीके से अन्वेषण और उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## विशेषज्ञों ने टिकाऊ विकास का समर्थन करने के लिए भू-स्थानिक जानकारी के महत्व पर चर्चा की

दूसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस (यूएनडब्ल्यूजीआईसी) में विशेषज्ञों ने इस पर चर्चा की कि कैसे टिकाऊ विकास व समाज कल्याण के साथ-साथ डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी विकास के माध्यम से पर्यावरण व जलवायु से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए भू-स्थानिक जानकारी से लोगों को सक्षम करना महत्वपूर्ण है।

ऑर्डिनेन्स सर्वे ऑफ यूनाइटेड किंगडम के मुख्य भू-स्थानिक अधिकारी डेविड हेंडरसन ने यूएनडब्ल्यूजीआईसी के एक पूर्ण सत्र में विस्तार से बताया कि सतह के तापमान और गर्मी के प्रभाव के प्रतिरूपण में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग कैसे किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा, "हम इन तकनीकों का उपयोग हमारे पर्यावरण में परिवर्तनों के प्रभाव को मापने, योग्यता प्राप्त करने व व्यक्त करने, जनसंख्या के साथ-साथ जोखिम वाले बुनियादी ढांचे के 3 प्रकार के प्रभावों के माध्यम से उनकी पहचान करने और हरित क्षेत्र की परिकल्पना करने में सहायता के लिए कर रहे हैं।

बेल्जियन नेशनल मैपिंग एजेंसी के नेशनल ज्योग्राफी इंस्टीट्यूट के एडमिनिस्ट्रेटर जनरल इंग्रिड वांडेन बर्घे ने अंतरिक्ष के दृष्टिकोण से टिकाऊ विकास को देखने के महत्व को रेखांकित किया, जिसे उन्होंने ह्लएक बहुत ही रोचक अंतर्दृष्टि (इनसाइट) लाने वालाह्व बताया।

कौटिल्य स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के डीन सैयद अकबरुद्दीन ने जीपीएस को नेविगेशन उपकरण बताया। उन्होंने कहा, ह्लजीपीएस ने ईंधन के उपयोग को 15-21 फीसदी कम करने में सहायता की है। हम सभी इसका उपयोग यह



अनुभव किए बिना करते हैं कि हमारी व्यक्तिगत खोज विश्व के लिए क्या कर रही है।

पूर्व राजदूत ने बताया, ह्लयह केवल एक भू-स्थानिक एप्लीकेशन है, जिसका हम सभी उपयोग करते हैं, उस बड़ी छवि से बेखबर होकर जिसमें हम योगदान दे रहे हैं। विश्व में कोई भी अन्य तकनीक नहीं है, जो ईंधन दक्षता में सुधार करने में इतनी अधिक सहायता करती है।

इथियोपिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स प्रयोगशाला एनीवन कैन कोड (एसीसी) की सीईओ बेतेलहेम डेसी ने कहा, ह्लइथियोपिया जैसे विकासशील देश के लिए मानव संसाधनों को जरूरी कौशल समूह से युक्त करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अंत में लोग नवाचार और तकनीक के निचले स्तर पर काम कर रहे हैं।"

उन्होंने आगे बताया कि बच्चों व विश्वविद्यालयों के साथ जल्दी शुरूआत करना और सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के साथ-साथ निजी संस्थानों के बीच भी समन्वय स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

इस पांच दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) कर रहा है। वहीं, वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति ने इसका आयोजन किया है। इस सम्मेलन की विषयवस्तु ह्यवैश्विक ग्राम को भू-सक्षम करनाः कोई भी पीछे न रहेंह्व है। यह दूसरा यूएनडब्ल्यूजीआईसी-2022 सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन और निगरानी का समर्थन करने के लिए एकीकृत भू-स्थानिक सूचना बुनियादी ढांचे और ज्ञान सेवाओं के महत्व को दिखाता है।

## वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) - भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) ने कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के लिए अपनी नई वायुमंडलीय दबाव हाइड्रोजन मुक्त कम कार्बन डिसल्फराइजेशन प्रक्रिया की घोषणा की

### सीएसआईआर-आईआईपी सहयोगी अनुसंधान, विकास, उन्नयन (स्केल-अप) और प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक परिनियोजन के लिए गैर-विशिष्ट आधार पर भागीदारी करने के लिए इच्छुक उद्योगों को आमंत्रित करता है

कच्चे तेल और कई पेट्रोलियम रिफाइनिंग धाराओं में गंधक (सल्फर) युक्त विषमचक्रीय सुगन्धित यौगिक (हेटेरोसाइक्लिक एरोमैटिक कंपाउंड्स-एससीएचएसी) होते हैं। ये अपने गुणों के क्षरण, ईंधन की खराब गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और पर्यावरणीय समस्याओं के लिए उत्तरदायी होते हैं। इसलिए पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन, मिट्टी के तेल एवं ईंधन तेल जैसे रिफाइनरी उत्पादों को स्थायी अंतिम उपयोग से पहले गन्धंक (सल्फर) में कमी लाने के लिए आवश्यक शोधनात्मक उपचार की आवश्यकता होती है। परंपरागत रूप से इस तरह के परिशोधन एवं उपचार में महंगी उच्च दबाव वाली हाइड्रोजन गैस, उच्च तापमान संचालन और महत्वपूर्ण पूंजी निवेश शामिल है और तब फिर इसमें आवश्यक डीसल्फराइजेशन को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त संबद्ध शुद्ध ग्रीनहाउस उत्सर्जन (कार्बन पदचिह्न) भी शामिल हो जाते हैं।

इस समस्या का समाधान करने के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) द्वारा एक अनूठी एकल चरण (सिंगल- स्टेप) हाइड्रोजन- मुक्त डिसल्फराइजेशन प्रक्रिया विकसित की गई है। विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कच्चे तेल और भारत में कई तेल शोधन संयंत्रों (रिफाइनरियों) से निष्कर्षित गंधक (सल्फर) युक्त उत्पादों का परीक्षण किया गया है; साथ ही उपचारित किए जा रहे तेल की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर उसमें से विशिष्ट प्रक्रिया के माध्यम से गंधक पदार्थ को 90 प्रतिशत तक हटाया जा सकता है। सीएसआईआर-आईआईपी की प्रक्रिया द्वारा एससीएचएसी घटकों से उत्पादित रूपांतरित सल्फर यौगिकों को सरल निस्पंदन प्रक्रिया के माध्यम से गंधक झ मुक्त अशोधित तेल (डी -सल्फराइज्ड क्रूड) अथवा अन्य रिफाइनरी उत्पादों से आसानी से अलग किया जा सकता है और इसके सड़क निर्माण तथा कोटिंग्स जैसे अनुप्रयोगों में बड़े पैमाने पर प्रयोग की सम्भावना भी बनती है।

ऐसी सहज एवं सस्ती प्रक्रिया परिवेशी दबावों और कम तापमान पर पेट्रोलियम उत्पादों के बड़ी मात्रा में प्रसंस्करण के लिए संभावित रूप से परिवर्तनकारी कम कार्बन एवं गंधक मुक्त (डिसल्फराइजेशन) समाधान प्रदान करती है। इसमें महंगे हाइड्रोजन के उपयोग के बिना, विशेष रूप से समुद्री एवं औद्योगिक ऊष्मायन (हीटिंग) अनुप्रयोगों के लिए, कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के वर्तमान गंधक मुक्त विन्यास (डिसल्फराइजेशन कॉनफि गरेशन) की प्राप्ति की लागत को प्रभावी तरीके से बदलने की क्षमता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख पेटेंट के लिए आवेदन किए गए हैं और ट्रेडमार्क की सुरक्षा सहित अतिरिक्त कागजी कार्यवाही प्रगति पर है। सीएसआईआर-आईआईपी सहयोगी अनुसंधान, विकास, उन्नयन और प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक उपयोग/परिनियोजन के लिए गैर-विशिष्ट आधार पर भागीदारी करने के लिए इच्छुक उद्योगों को आमंत्रित भी करता है।

वर्ष1960 में स्थापित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) - भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की उन 37 घटक प्रयोगशालाओं में से एक है जो भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक स्वायत्त समिति (सोसायटी) भी है।

सीएसआईआर- आईआईपी जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने, वैश्विक तेल और गैस क्षेत्र के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के साथ ही उसकी उपयोग दक्षता बढ़ाने, क्षमता निर्माण तथा कम कार्बन ऊर्जा संक्रमण के लिए प्रबुद्ध नेतृत्व में ऊर्जा उत्पादक एवं ऊर्जा उपयोगकर्ता उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं का विकास तथा उनकी उपलब्धता प्रदान करता है।

## देश में गैर-बराबरी को समाप्त करने के लिए कार्य योजना बनाकर काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी- श्री तोमर

### केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुई महाएफपीसी की वार्षिक साधारण सभा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गांव-गरीब-किसान को आगे बढ़ाने और उनका जीवन बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। देश की साख दुनिया के राजनीतिक मंच पर बढ़ाने, मेक इन इंडिया के विस्तार, विरासत को सहेजने व भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री मोदी लगातार प्रयत्नशील हैं। पीएम के नेतृत्व में गरीबों को मुख्य धारा में लाने, गैर-बराबरी समाप्त करने की दिशा में योजनाबद्ध ढंग से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने यह बात आज पुणे में महाएफपीसी की आठवीं सर्वसाधारण सभा में मुख्य अतिथि के रूप में कही। श्री तोमर ने कहा कि किसी भी देश की विकास यात्रा तब तक पूरी नहीं हो सकती, जब तक उस देश का गरीब गैर-बराबरी से मुक्त नहीं होता। देश में इसी तरह के हालात थे, लगभग आधी आबादी के बैंक खाते नहीं थे। करोड़ों परिवारों के पास शौचालय नहीं थे, बिजली नहीं थी, रसोई बनाने के लिए गैस सिलेंडर नहीं थे, रहने के लिए छत नहीं थी। इन असमानताओं को दूर करने का बीड़ा प्रधानमंत्री जी ने उठाया। पीएम आवास योजना में गरीबों के घर बनाए जा रहे हैं। हर घर शौचालय, जन-धन खाते, सौभाग्य योजना के तहत बिजली और उज्जवला योजना के माध्यम से हर घर में रसोई गैस सिलेंडर और गांव-गांव खाद्यान्न पहुंचाया जा रहा है। वहीं, गरीब परिवारों की लाखों बहनों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका उपलब्ध कराकर गैर-बराबरी को समाप्त करने का काम किया जा रहा है।

श्री तोमर ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि किसानों की आमदनी दोगुनी होनी चाहिए। इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकारों के साथ



ही एफपीओ तथा कृषि से सम्बद्ध अन्य सभी संगठनों ने मिल-जुलकर काम किया, जिसका लाभ आज देश के किसानों को मिल रहा है। लाखों किसानों की आय दोगुनी से आगे बढकर पांच से दस गुना तक भी हुई है। श्री तोमर ने कहा कि देश में पहली बार ऐसी कोई योजना बनी, जिसमें किसानों का नाम सम्मान से जोड़ा गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम- किसान) योजना अंतर्गत अभी तक साढ़े 11 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 2 लाख करोड़ रु. से अधिक राशि जमा कराई जा चुकी है। योजना में 22.5 करोड़ रु. महाराष्ट्र के किसानों को मिलते हैं। फसल बीमा योजना का लाभ सभी किसानों को नहीं मिल रहा था, जिसके लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई, आज इससे देशभर में करोड़ों किसान जुड़े हुए हैं। महाराष्ट्र में 50 लाख से अधिक किसान इस योजना में कवर किए गए हैं। देश में इस योजना के माध्यम से 1.22 लाख करोड़ रु. क्लेम के रूप में किसानों के नुकसान की भरपाई की गई है।

उन्होंने कहा कि खेती के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर जुटाने को सरकार ने एक लाख करोड़ रु. का एग्री इन्फ्रा फंड बनाया है। इसके सहित डेढ़ लाख करोड़ रु. के पैकेजों की व्यवस्था गांवों में कृषि व सम्बद्ध कार्यों के लिए की गई है। एग्री इन्फ्रा फंड से 14 हजार करोड़ रु. के प्रोजेक्ट स्वीकृत भी हो गए हैं। आने वाले दिनों में इसका लाभ किसानों को मिलेगा। श्री तोमर ने कहा कि देश में 86 फीसदी छोटे किसान हैं, जिनकी ताकत बढ़ाने के लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। किसानों को हर आवश्यक सुविधा मिलें, इस दिशा में सरकार प्रयत्नशील है। किसानों को परिवहन सुविधा व अच्छा दाम मिले, इसके लिए काम करने की जरूरत है। डिजिटल कृषि पर काम चल रहा है। यह जब पूरा होगा तो कृषि क्षेत्र में दिखने वाला असंतुलन खत्म होगा, पारदर्शिता आएगी व भाव में असंतुलन को पाटा जा सकेगा। साथ ही किसानों को तकनीक ,जलवायु आदि के बारे में सलाह दी जा सकेगी।

## प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के ऊना में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी प्रधानमंत्री ने आईआईआईटी ऊना को राष्ट्र को समर्पित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ऊना को राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पहले आज, प्रधानमंत्री ने अंब अंदौरा, ऊना से नई दिल्ली के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ करते हुए उसे झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत गुरु नानक देव जी, सिख धर्म के गुरुओं और मां चिंतपूर्णी को नमन करते हुए की और धनतेरस व दिवाली से पहले हिमाचल प्रदेश के लिए उपहार भेंट करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। हिमाचल प्रदेश के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने इसकी प्राकृतिक सुंदरता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें कई बार देवी मां चिंतपूर्णी के सामने माथा टेकने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह औद्योगीकरण के लिए एक बहुत बड़ा दिन है और उन्होंने कनेक्टिविटी व शिक्षा को राज्य की अपनी यात्रा का मुख्य फोकस बताया। उन्होंने कहा, ह्लआज यहां ऊना में देश के दूसरे बल्क ड्रग पार्क पर काम शुरू हो रहा है। हिमाचल प्रदेश में आज विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है या उनका शिलान्यास किया गया है। इससे लोगों को बहुत फायदा होगा।ह्व प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल को बल्क ड्रग पार्क पाने वाले राज्यों में से एक के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा, "बल्क ड्रग पार्क के लिए केवल तीन राज्यों में से एक के रूप में चुना जाना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है और यह इस राज्य के प्रति हमारे प्यार और समर्पण का परिणाम है।" इसी तरह वंदे भारत को हिमाचल प्रदेश लाने का निर्णय भी सरकार द्वारा राज्य को दी जाने वाली प्राथमिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राज्य की पिछली पीढ़ियों ने एक ट्रेन भी नहीं देखी थी और आज हिमाचल के पास यहां से चलने वाली सबसे उन्नत ट्रेनों में से एक है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि डबल इंजन वाली सरकार लोगों की प्रगति के लिए कैसे काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और केंद्र की पिछली सरकारों ने हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, "यह हमारी माताओं-बहनों को इसके कारण सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि समय अब बदल गया है और वर्तमान सरकार न केवल लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रही है, बल्कि उनकी आशाओं व आकांक्षाओं को अत्यधिक समर्पण और ताकत के साथ पूरा करने का लक्ष्य भी है। उन्होंने कहा, ह्लहम न केवल पिछली सरकारों द्वारा छोड़ी गई विकास की खाई को भर रहे हैं बल्कि राज्य की नींव के मजबूत स्तंभ भी बना रहे हैं।ह्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली शताब्दी की शुरूआत में कई देशों और यहां तक कि गुजरात जैसे कुछ राज्यों ने अपने नागरिकों को शौचालय, ग्रामीण सड़कों और आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में कामयाबी हासिल की थी। उन्होंने कहा, ह्लभारत में, हालांकि, पहले की सरकार ने आम लोगों के लिए इन बुनियादी देखभाल को भी मुश्किल बना दिया था। पहाड़ी इलाके इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। मैंने यहां रहते हुए इसे करीब से महसूस किया।ह्व उन्होंने कहा, ह्लआज का नया भारत, पुरानी सारी चुनौतियों पर तेजी से काम कर रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो सुविधाएं पिछली सदी में ही लोगों तक पहुंच जानी चाहिए थीं, वे अब लोगों तक पहुंच रही हैं। हम सिर्फ लोगों की 20वीं सदी की जरूरतें ही पूरी नहीं कर रहे, बल्कि 21वीं सदी की आधुनिक सुविधाएं भी हिमाचल के घर-घर ले जा रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों का निर्माण दोगुनी गति से किया जा रहा है और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को ग्राम पंचायतों तक ले जाया जा रहा है। "हमारी सरकार 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने भारत को दुनिया का नंबर एक दवा निमार्ता बनाने में अहम भूमिका निभाई है तथा इसकी संभावनाएं और बढ़ने वाली हैं। श्री मोदी ने कहा, ह्लपूरी दुनिया ने हिमाचल प्रदेश में निर्मित दवाओं की ताकत देखी है।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि अब जबकि हिमाचल प्रदेश में दवा निर्माण के लिए कच्चे माल का उत्पादन किया जाएगा, अन्य देशों पर भारत की निर्भरता काफी कम होने वाली है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत में जन औषधि केंद्र के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों के लिए पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज खर्च प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, "बल्क ड्रग पार्क लोगों को सस्ता एवं अच्छा इलाज प्रदान करने के सरकार के अभियान को और मजबूती देगा।" श्री मोदी ने कहा, "कृषि हो या उद्योग, कनेक्टिविटी ही विकास की गति को तेज करती है।ह्व उन्होंने नंगल बांध-तलवाड़ा रेलवे लाइन का उदाहरण दिया जिसे 40 साल पहले स्वीकृत किया गया था और 40 साल तक जमीन पर कोई प्रगति नहीं देखी गई जब तक कि वर्तमान सरकार ने इसे सही तरीके से नहीं लिया। डबल इंजन वाली सरकार पूरे हिमाचल प्रदेश में रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज जब देश मेड इन इंडिया वंदे भारत ट्रेनों से जुड़ा है, हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने वादों को समय से पहले पूरा करने की नई कार्यशैली पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "पहले के समय के विपरीत जब हिमाचल को उसके सामर्थ्य के आधार पर कम और उसकी संसदीय सीटों की संख्या के आधार पर अधिक महत्व दिया जाता था, राज्य में शैक्षणिक संस्थानों की लंबे समय से लंबित मांग को तत्काल निपटाया जा रहा है। हिमाचल को आईआईटी, आईआईआईटी आईआईएम और एम्स प्राप्त करने के लिए डबल इंजन वाली सरकार का इंतजार करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित पहल से छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ऊना में आईआईआईटी के स्थायी भवन से छात्रों को और राहत मिलेगी। आईआईआईटी भवन की आधारशिला रखने वाले प्रधानमंत्री आज बदलती कार्य संस्कृति पर और अधिक जोर देने के लिए भवन को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने महामारी की चुनौती के बावजूद परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए परियोजना में शामिल लोगों की सराहना की।

## भाजपा का पोल खोल कार्यक्रम तहत स्थानीय थाना चौक पर जदयू ने दिया एक दिवसीय धरना

पुर्णिया ।भाजपा के आरक्षण विरोधी चेहरों को बेनकाब करने और इस मुद्दे पर उसके द्वारा फैलाए जा रहे हैं भ्रम को दूर करने के लिए बिहार प्रदेश जनता दल यू के निर्देशों पर गुरुवार को प्रत्येक जिला मुख्यालय में आरक्षण विरोधी भाजपा का पोल खोल कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत स्थानीय थाना चौक पर एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्णिया जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री प्रसाद महतो ने की जबकि मंच संचालन की भूमिका में महानगर जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद संतोष कुशवाहा , विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री सह रुपौली विधायक श्रीमती बीमा भारती, पूर्णिया जिला के संगठन प्रभारी प्रह्लाद सरकार और प्रभात रंजन झा, सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, प्रदेश के पदाधिकारीगण, जनता दल यू के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड अध्यक्षगण एवं प्रखंडों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जनता दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।वक्ताओं ने कहा की भाजपा के कथनी और करनी में कितना फर्क है इसे अब जनता जान चुकी है भाजपा कभी नहीं चाहती कि समाज का दबा कुचला वर्ग आगे बढ़े ।संविधान में प्रदत्त पिछड़ों के अधिकारों को समाप्त करना चाहती हो ।इसी कड़ी में बिहार



में चल रहे नगर निकाय चुनाव में पटना हाई कोर्ट द्वारा आरक्षण पर रोक लगाई गई,इस पर भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। इस धरना में जदयू सदस्य श्री हरिप्रसाद मंडल जी, जिला संगठन प्रभारी चंदन पटेल, मनोज पासवान, विमल सिंह,कौशल्या जायसवाल, दीपक अग्रवाल,सुशील सिंह, रहीम अंसारी, मनीष सिंहा,सूरज कुमार वर्मा, मुरारी सिंह, रंजीत पासवान, रीता चौधरी, सुनील मेहता, राकेश कुमार,प्रकाश सिंह पटेल, उदय राय, वैद्यनाथ चंद्रवंशी,लड्डू मेहता,सुनील कुमार सिंह,उमेश पासवान,श्रीमती संजू सिंह, विवेका यादव जी,अमरेंद्र कुशवाहा जी, मो कैफी,रंजन कुशवाहा,शगुफ्ता परवीन अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव,शंकर तंबोली,शशि कुमार,शिवाजी मंडल,श्यामल मंडल,सविता देवी, टुनटुन आलम,संतोष राय,विमल किशोर मंडल जी ,शांति झा,विजय कुमार सिन्हा,शाहिद रेजा,गोपाल ठाकुर,राजेश केसरी, राजेश राय, कयूम जफर, शिव कुमार सिंह, चंदन पटेल,श्वेता देवी,सोनी सिंह,दिलीप चौधरी,कुणाल चौधरी,रूपेश नंदन कुमार,सकीउल रहमान,सैयद हुसनैन, शम्स तबरेज,आजम रब्बानी,अशोक साह,मुकेश कुमार दिनकर,अविनाश कुमार शिशु,विकास राय,मिला उर्फ मीरा जी,विक्रम सिंह,रविषेक कुशवाहा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंधेपन और दृष्टिहीन व्यक्तियों के बीच जागरूकता बढ़ाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय दृष्टि दिवस का किया गया आयोजन

## अपनी आंखों से प्यार करोह्व थीम के तहत मनाया गया अंतराष्ट्रीय दृष्टि दिवसः डीपीएम

पूर्णियां । मनुष्य की आंखों की सेहत और बच्चों में दृष्टि से जुड़ी हुई सभी तरह की समस्याओं और बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों में दृष्टिहीन होने की स्थिति में ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय दृष्टि दिवस मनाया जाता है। पूरे विश्व में हर आयु वर्ग के लगभग एक अरब लोगों को नजदीकी या दूर की दृष्टि कमजोर होती है। पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है जहां पर लगभग 20% से अधिक नेत्रहीन आबादी निवास करती है। जिसको लेकर प्रत्येक वर्ष अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस यानी वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जो अंधेपन और दृष्टिहीन व्यक्तियों के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ मोहम्मद साबिर, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ वीपी अग्रवाल एवं डीपीएम ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया। इस अवसर पर संजय वर्मा, राजीव रंजन, अविनाश सहाय, राजकुमार भारती, प्रमोद कुमार, नेत्र सहायक सुन्दरकान्त, दिवाकर दिवा सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी सहित एएनएम स्कूल की दर्जनों छात्राएं उपस्थित थी ।गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ विष्णु प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि आंखों की रोशनी के लिए विटामिन ए बेहद जरूरी होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, विटामिन ए बच्चों के आंखों की रोशनी तथा उनके शारीरिक




विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। विटामिन ए प्राप्त करने के प्राकृतिक तरीकों को अपनाने के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली विटामिन ए की खुराक भी दी जाती हैं। विटामिन ए की खुराक बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। बच्चों के खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी एवं ताजी सब्जियां और पीली एवं नारंगी रंग के फल आदि को शामिल करना बेहतर होता हैं। पालक और गाजर में विटामिन ए अत्यधिक मात्रा में पाया जाता है। अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के समय आंखों की जांच जरूर करानी चाहिए। कम से कम छः महीने या साल में एक बार बच्चों के आंखों की जांच अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। बच्चों से समय-समय पर आंखों की रोशनी को लेकर पूछताछ या जानकारी लेते रहनी चाहिए। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दृष्टि दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य अंधेपन और आंखों से जुड़े दृष्टि दोषों को लेकर लोगों को जागरूक करना है। अंतराष्ट्रीय स्वयं सेवी संगठन लायंस इंटरनेशल क्लब द्वारा इसकी शुरूआत की गई थी। प्रत्येक वर्ष अलग-अलग थीम के माध्यम से इसे मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम ह्लवव योर आईजह्व यानी ह्लअपनी आंखों से प्यार करोह्व है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आंखों की नियमित जांच, उपचार एवं जरूरी परहेज को लेकर जागरूक किया जाता है।

# मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।



**एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।**

## खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।



# कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

**कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।**

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?

यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'

यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।

एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।

एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

## क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

# सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

## ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

## कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

## आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

## पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

## दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।





# सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

**ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।**

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे –

## सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

## हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

## ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।**

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे –

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

## प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

मांसपेशियों में ऐंठन से राहत

सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

## गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

